श्रावण कृष्ण पक्ष पंचमी 10:39 तक उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 15 जुलाई 2025

वर्ष 5, अंक 144, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एक-दूसरे की सफलता में साझेदार बनें भारत-चीन 14

कांवड़ यात्रा के दौरान कोई बाधा बर्दाश्त नहीं करेंगे 12

बम-बम भोले...



हरिद्वार : श्रावण मास के शुरू होते ही कांवड़ यात्रा जोरों पर है। पहले सोमवार को अलग-अलग जगहों पर भोले के भक्तों के जत्थे डीजे में झूमते दिखे। दिल्ली-हरिद्वार एक्सप्रेसवे पर भगवान शिव की मूर्ति के साथ कांवड़ खींचते हुए कांवड़िये।

# अंतरिक्ष से अलग हुआ ड्रैगन, आज धरती पर पहुंचेंगे शुभांशु

नई दिल्ली, एजेंसी

**22.5 घंटे में सफर करेंगे पूरा, भारतीय समयानुसार दोपहर 3:01 बजे पहुंचेंगे कैलिफोर्निया तट पर**

ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्ष यान के सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से अलग होने के साथ शुभांशु शुक्ला और वाणिज्यिक एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की पृथ्वी की वापसी यात्रा शुरू हो गई। पिछले 18 दिनों से चारों अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पर थे। ड्रैगन अंतरिक्ष यान आईएसएस से भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे अलग हुआ। इसमें मूल कार्यक्रम से 10 मिनट की देरी हुई तथा कक्षीय प्रयोगशाला से दूर जाने के लिए उसने दो बार थ्रस्टर्स चालू किए।

शुक्ला, कमांडर पैगी व्हिटसन, तथा मिशन विशेषज्ञ पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 के चालक दल ने 26 जून को आईएसएस से जुड़ने के बाद से लगभग 76 लाख मील की दूरी तय करते हुए पृथ्वी के चारों ओर लगभग 433 घंटे या 18 दिन में 288 परिक्रमाएं कीं। गले मिलने और हाथ मिलाने के बाद, चारों अंतरिक्ष यात्री अनडॉकिंग से लगभग दो घंटे पहले ड्रैगन अंतरिक्ष यान में प्रवेश कर गए, अपने स्पेससूट पहन लिए और भारतीय समयानुसार अपराह्न 2:37 बजे अंतरिक्ष यान को आईएसएस से जोड़ने वाले हैच को बंद कर दिया।

अंतरिक्ष यान मंगलवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 3:01 बजे कैलिफोर्निया तट पर पहुंचेगा। डी-ऑर्बिट प्रक्रिया शुरू करने से पहले, अंतरिक्ष यात्री एक बार फिर स्पेससूट पहनेंगे।



आईएसएस से वापसी से पहले शुभम शुक्ला व यह यात्री सेल्फी लेते हुए।

### चारों को पुनर्वास में बिताने होंगे सात दिन

चारों अंतरिक्ष यात्रियों को पुनर्वास में सात दिन बिताने होंगे, क्योंकि उन्हें कक्षा में अनुभव की जाने वाली भारहीनता के विपरीत, गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में पृथ्वी पर जीवन के लिए खुद को ढालना होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने शुक्ला की आईएसएस यात्रा के लिए लगभग 550 करोड़ रुपये का भुगतान किया। यह एक ऐसा अनुभव है जो अंतरिक्ष एजेंसी को उसके मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की योजना और क्रियान्वयन में मदद करेगा, जिसे 2027 में कक्षा में ले जाया जाएगा।

## एक नजर

### अशोक गजपति राजू गोवा के राज्यपाल, कविंद्र लद्दाख के उपराज्यपाल नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व नागर विमानन मंत्री पी अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया जबकि प्रोफेसर असीम कुमार घोष को हरियाणा का राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंद्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्तियां उनके कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल, राजू को गोवा का राज्यपाल और प्रोफ़ेसर घोष को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया है।

### सीजेआई गवई को संक्रमण दिल्ली में हो रहा इलाज

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई को हैदराबाद की उनकी हालिया आधिकारिक यात्रा के दौरान गंभीर संक्रमण होने का पता चला और दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार हो रहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, सीजेआई पर इलाज का अच्छा असर हो रहा है और उम्मीद है कि एक या दो दिन में उन्हें छुट्टी मिल जाएगी तथा वह अपना काम फिर से शुरू कर देंगे। सीजेआई 12 जुलाई को नालसार विधि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को संबोधित करने के लिए हैदराबाद में थे। उसी दिन न्यायमूर्ति ने हैदराबाद में बाबासाहेब डॉ. बीआर आंबेडकर 'संविधान सभा' भारत का संविधान शीर्षक से एक विशेष डाक कवर और भारतीय संविधान में कला एवं सुलेख पर चित्र पोस्टकार्ड का सेट भी जारी किया था।

### 15 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

**मोरीगांव/गुवाहाटी।** असम में दो अलग-अलग अभियानों में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 15 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए। पहली गिरफ्तारी मोरीगांव जिले में की गई, जबकि दूसरी कार्रवाई दक्षिण सलमारा में की गई। पुलिस ने बताया कि मणिपुर की रहने वाली 25 वर्षीय महिला को मोरीगांव में जगीरोड रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। वह सोमवार रेलवे स्टेशन के पास घूमती हुई पाई गई, तभी संदेह के आधार पर उसे पकड़ लिया गया।

# भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत को समझें नागरिक

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- लोगों को आत्म-नियमन का करना चाहिए पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में दिशा-निर्देशों पर विचार करते हुए कहा कि नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना व न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ वजाहत खान नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही है। खान के खिलाफ पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हैं। उस पर एक्स पर एक हिंदू देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है।

शीर्ष अदालत ने 23 जून को खान को 14 जुलाई तक किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। खान ने एक अन्य सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ एक वीडियो में कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। उसके वकील ने शीर्ष अदालत में कहा कि ऐसे पोस्ट के जवाब में आपत्तिजनक टिप्पणियां नहीं की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की अहमियत समझनी चाहिए। वैसे तो कोई नहीं चाहता कि राज्य हस्तक्षेप करे, लेकिन उल्लंघन की स्थिति में सरकार कदम उठा सकती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, सोशल मीडिया पर इन सभी विभाजनकारी प्रवृतियों पर रोक लगानी होगी। हालांकि पीठ ने स्पष्ट किया कि उसका मतलब सेंसरशिप नहीं है। पीठ ने नागरिकों की भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर दिशानिर्देश तय करने पर विचार करते हुए कहा, नागरिकों के बीच भाईचारा होना चाहिए।

संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि ये पाबंदियां सही ही लगाई गयी हैं। इस बीच, पीठ ने खान को गिरफ्तारी से दिए गए अंतरिम संरक्षण को मामले की अगली सुनवाई तक बढ़ा दिया और वकील से नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के स्व-नियमन के बड़े मुद्दे से निपटने में उसकी सहायता करने को कहा। खान को 9 जून को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसने यह आरोप लगाते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।



- पीठ ने वजाहत खान नामक व्यक्ति की याचिका पर की सुनवाई, हिंदू देवी-देवताओं पर टिप्पणी का मामला

### पति-पत्नी की गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई बातचीत सबूत के तौर पर स्वीकार्य

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वैवाहिक मामलों में पति-पत्नी की गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई बातचीत सबूत के तौर पर स्वीकार्य है। न्यायालय ने कहा कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इस बात का सबूत है कि उनकी शादी मजबूत नहीं चल रही है और इसलिए इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है। पीठ ने एक मामले में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा था कि पति-पत्नी के बीच गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है और इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में नहीं किया जा सकता। उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए, पीठ ने निचली अदालत के आदेश को बहाल रखा और कहा कि वैवाहिक कार्यवाही के दौरान रिकॉर्ड की गई बातचीत को संज्ञान में लिया जा सकता है।

# प्रधानमंत्री से मिले सीएम धामी अहम विषयों पर मिला मार्गदर्शन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- उत्तराखंड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा
- अर्द्धकुंभ के लिए 3500 करोड़ व नंदा राजजात यात्रा को 400 करोड़ की मदद का अनुरोध



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखंड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा के साथ उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से चारधाम यात्रा, आदि कैलाश यात्रा, नंदा राजजात यात्रा, हरिद्वार में होने जा रहे कुम्भ के साथ ही प्रदेश में जल जीवन मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सीएम ने राज्य के विकास में सहयोग के लिए केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड विकसित भारत 2047 के विजन में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने को तत्पर है।

सीएम ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड में होने जा रही नंदा राजजात यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि इसके संचालन के लिए व्यापक रूप से पर्यावरण अनुकूल अवस्थापना सुविधाएं विकसित होनी हैं। मुख्यमंत्री ने अगस्त 2026 में प्रस्तावित इस पर्वतीय महाकुंभ नंदा राजजात यात्रा के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया। यात्रा में अवस्थापना सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए 400 करोड़ की धनराशि केंद्र से उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। धामी ने 2027 में हरिद्वार में दिव्य और भव्य महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विकास कार्यों के लिए 3500 करोड़ की वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। ऋषिकेश और हरिद्वार शहरों में एचटी व एलटी विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के साथ ही विद्युत प्रणाली स्वचालित करने के लिए सरकार द्वारा भेजी गई 1015 करोड़ रुपये की डीपीआर को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्वीकृत करने को संबंधित को निर्देशित करने का भी आग्रह किया।

धामी ने प्रधानमंत्री से केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम की भांति हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और चम्पावत में शारदा कॉरिडोर के मास्टर प्लान के अनुरूप अवस्थापना विकास के लिए सीएसआर के माध्यम से वित्त पोषण के लिए संबंधित को निर्देशित करने, ऊधमसिंह नगर स्थित नेपा फार्म को सेमी कन्डक्टर हब के रूप में विकसित करने लिए सेमी कन्डक्टर उद्योग लगाने, दिल्ली व मेरठ के मध्य आरआरटीएस को हरिद्वार तक विस्तारित करने और टनकपुर-बागेश्वर व ऋषिकेश-उत्तरकाशी रेल परियोजनाओं में मार्ग निर्माण का प्रावधान भी शामिल करने का अनुरोध किया। साथ ही, ऋषिकेश के निकट स्थित अनोखी धरोहर चौरासी कुटिया के संरक्षण को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से अनुमोदन कराने का आग्रह किया। संबंधित पेज-10

# डीजे पर प्रतिबंध नहीं लेकिन मानक अनिवार्य

- डीजे व कांवड़ की अधिकतम ऊंचाई 10 फीट, चौड़ाई 12 फीट होगी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** कांवड़ यात्रा के दौरान सबसे ज्यादा चुनौती डीजे और कांवड़ की ऊंचाई और चौड़ाई को लेकर सामने आती है, इसको लेकर सोमवार को हरिद्वार पुलिस ने छह राज्यों की पुलिस के साथ अंतर्राज्यीय बैठक में स्पष्ट किया कि उत्तराखंड सरकार ने डीजे पर किसी भी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है लेकिन मानक जरूर तय किए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य है।

एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कहा कि, आमजन एवं कांवड़ियों की सुरक्षा व यातायात के सुचारू प्रबंधन हेतु उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान तथा चंडीगढ़ राज्यों के साथ अतर्राज्यीय मीटिंग आयोजित की गई जिसमें कांवड़ और डीजे के लिए मानक तय किए गए। इनमें कांवड़ की अधिकतम ऊंचाई 10 फीट और चौड़ाई 12 फीट होगी, ताकि दुर्घटनाओं व जाम की स्थिति से बचा जा सके।

**हरिद्वार से 51 लाख कांवड़िये रवाना :** सावन के पहले सोमवार पर शाम छह बजे करीब 25 लाख कांवड़ियों ने पवित्र गंगाजल लेकर गंतव्य को प्रस्थान किया। 10 जुलाई से यात्रा में इस दिन शाम तक 51 लाख कांवड़िये जल लेकर प्रस्थान कर चुके हैं।



हरिद्वार में गंगाघाट पर उमड़ी कांवड़ियों की भीड़।

### राज्य में तय समय पर होंगे पंचायत चुनाव

**नैनीताल।** पंचायत चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग को उत्तराखंड उच्च न्यायालय से फिलहाल राहत मिल गयी है। न्यायालय ने सोमवार को साफ कर दिया कि हमारी तरफ से पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर कोई स्थगनादेश जारी नहीं किया गया है। चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को जारी रख सकता है। हालांकि उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनावों में दो मतदाता सूचियों में नाम वाले मतदाताओं को मतदान का अधिकार देने और चुनाव लड़ने की अनुमति देने के चुनाव आयोग के सर्कुलर पर 11 जुलाई को लगाई गई रोक को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद निर्वाचन आयोग ने चुनाव चिन्हों के आवंटन का काम शुरू कर दिया है।

विस्तृत पेज-2

# मंत्रालयों को खाद्य सामग्री में तेल-चीनी की मात्रा करनी होगी प्रदर्शित

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों को लिखा पत्र

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों से आग्रह किया है कि वे समोसा, कचौड़ी, पिज्जा, फ्रेंच फ्राइज और वड़ापाव समेत अन्य खाद्य सामग्री में चीनी और तेल की मात्रा का उल्लेख करते हुए तेल और चीनी बोर्ड प्रदर्शित करें ताकि स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दिया जा सके तथा मोटापे और गैर-संचारी रोगों से निपटा जा सके।

मंत्रालय ने मोटापे से मुकाबले के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी आधिकारिक स्टेशनरी जैसे लेटरहेड, लिफाफे, नोटपैड, फ़ोल्डर पर स्वास्थ्य संदेश मुद्रित करने का भी आह्वान किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने 21 जून को लिखे पत्र में कहा कि भारत में वयस्कों और बच्चों, दोनों में मोटापे में तेज़ी से वृद्धि देखी जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पांच में से एक से ज्यादा वयस्क अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। बच्चों में मोटापे की व्यापकता खराब खान-पान की आदतों और कम शारीरिक गतिविधियों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा है कि 2025 में प्रकाशित 'लैंसेट जीबीडी 2021 मोटापा पूर्वानुमान अध्ययन' के अनुसार, भारत में अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त वयस्कों की संख्या 2021 में 18 करोड़ थी जो 2050 तक बढ़कर 44.9 करोड़ हो जाने का अनुमान है जिससे यह मोटापा से ग्रस्त लोगों के मामले में दुनिया में दूसरा देश बन जाएगा।

# नेशनल हेराल्ड : सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी की चार्जशीट मामले में फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत 29 जुलाई को सुनाएगी फैसला

राष्ट्रीय राजधानी की एक कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने को लेकर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा, संज्ञान के पहलू पर सभी पक्षों की ओर से दलीलें समाप्त हो गई हैं। मामले को 29 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाएगा।

उन्होंने ईडी को निर्देश दिया, यदि आवश्यक हो तो 15 से 17 जुलाई के बीच मामले की फाइलों के निरीक्षण के लिए जांच अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। प्रस्तावित अभियुक्तों की ओर से विभिन्न वकीलों द्वारा केस लॉ और रिकॉर्ड में मौजूद दस्तावेजों के संदर्भ में दी गयी विस्तृत दलीलों को देखते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि आरोपी 19 जुलाई तक अपनी दलीलों का एक संक्षिप्त सारांश दाखिल करें, जो तीन-चार पृष्ठों से अधिक न हो। ईडी ने सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी सहित अन्य पर आरोप लगाया है।



### संजय भंडारी मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन में स्थित शस्त्र सलाहकार संजय भंडारी और कुछ अन्य से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। उनके साथ उनकी पत्नी व सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद थीं। वाड्रा का बयान पीएमएलए के तहत दर्ज किया गया। जांच एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए दो बार बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था।

# खुदरा महंगाई दर छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

**थोक मुद्रास्फीति शून्य से भी नीचे, बेहतर मानसून के कारण सब्जियों समेत अन्य खाने का सामान हुआ सस्ता**

बेहतर मानसून के साथ सब्जियों समेत अन्य खाने का सामान सस्ता होने से खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर रही है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से काफी नीचे है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82 प्रतिशत और जून, 2024 में 5.08 प्रतिशत थी। नवंबर, 2024 से महंगाई दर में लगातार गिरावट आ रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान में कहा कि इस साल जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत रही। इसमें कहा गया, इस साल मई की तुलना में जून की सकल मुद्रास्फीति में 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह जनवरी, 2019 के बाद महंगाई की सबसे कम दर है। इससे पहले जनवरी, 2019 में मुद्रास्फीति का निचला स्तर 1.97 प्रतिशत था। एनएसओ ने कहा कि जून, 2025 में मुद्रास्फीति और खाद्य महंगाई में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल तुलनात्मक आधार और सब्जियों, दालों और उसके उत्पादों, मांस और मछली, अनाज और उत्पादों, चीनी और मिष्ठान्न, दूध और उसके उत्पादों तथा मसालों की कीमतों में गिरावट के कारण है। रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। वह खुदरा मुद्रास्फीति में कमी के मद्देनजर फरवरी से प्रमुख नीतिगत दर रेपो में एक प्रतिशत की कमी कर चुका है।

इस बीच, थोक मुद्रास्फीति में भी गिरावट आई है और जून में यह 19 महीने के बाद शून्य से नीचे 0.13 प्रतिशत रही। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों और ईंधन के दाम में गिरावट के साथ विनिर्मित उत्पादों की कीमत में नरमी से थोक महंगाई दर कम हुई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 0.39 प्रतिशत रही। पिछले साल जून में यह 3.43 प्रतिशत थी।



### नरमी का मुख्य कारण खाद्य और पेय पदार्थ : नायर

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने खुदरा मुद्रास्फीति के बारे में कहा कि नरमी का मुख्य कारण खाद्य और पेय पदार्थ खंड है। इसमें 75 महीनों के बाद 0.2 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि पिछले महीने इसमें महंगाई 1.5 प्रतिशत रही थी। नायर ने कहा, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने उम्मीद से अधिक कम होकर जून, 2025 में 2.1 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले महीने मई में 2.8 प्रतिशत थी। यह जनवरी, 2019 के बाद सबसे निचला स्तर है। उन्होंने कहा, हम अगस्त, 2025 की बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत में एक और कटौती की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं।

# उत्तराखंड में तय समय पर होंगे पंचायत चुनाव

## हाईकोर्ट ने कहा-सर्कुलर पर लगायी है रोक, चुनाव पर नहीं, हाईकोर्ट ने 11 जुलाई को लगाई रोक रखी बरकरार

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में दो मतदाता सूचियों में नाम वाले मतदाताओं को मतदान का अधिकार देने और चुनाव लड़ने की अनुमति देने के चुनाव आयोग के सर्कुलर पर 11 जुलाई को लगाई गई रोक को बरकरार रखा है। इस रोक को हटाने के लिये चुनाव आयोग द्वारा हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया था। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि चुनाव पर कोई रोक नहीं लगायी है।

सोमवार सुबह राज्य चुनाव आयोग की तरफ से मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सर्कुलर पर लगी रोक को हटाने का आग्रह किया गया। खंठपीठ ने स्पष्ट किया है कि 11 जुलाई को जारी आदेश उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम के अनुसार हैं। हमने चुनाव पर रोक नहीं लगाई है और न ही चुनाव पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई थी। यह याचिका चुनाव आयोग द्वारा 6 जुलाई को जारी सर्कुलर के खिलाफ थी। यह सर्कुलर पंचायत राज अधिनियम के खिलाफ है, जिस पर रोक लगाई गई है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी.नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई।



राज्य निर्वाचन आयोग ने रविवार को हाईकोर्ट के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर आयोग के सर्कुलर पर लगाई गई रोक को हटाने का आग्रह किया था। बता दें कि 11 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने चुनाव आयोग के 6 जुलाई को जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी सर्कुलर पर रोक लगा दी थी। आयोग ने इस सर्कुलर में कहा था कि जिन लोगों के नाम ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में हैं, उन्हें मतदान करने या चुनाव लड़ने से न रोका जाए। भले ही उनके नाम नगर निकाय की मतदाता सूची में क्यों न हों? जबकि उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम की धारा 9 के उपनियम 6 व 7 में उल्लेख है कि जिन मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदाता सूची (शहरी व ग्रामीण क्षेत्र) में हैं तो वह मतदान करने या चुनाव लड़ने के योग्य नहीं होगा। इस आधार पर हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग के सर्कुलर पर रोक लगा दी थी। दूसरी ओर कई पंचायतों में शहरी क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल लोगों के नाम ग्रामीण मतदाता सूची में भी हैं और कई लोग चुनाव भी लड़ रहे हैं जबकि वे पंचायत राज अधिनियम की धारा 9(6) व हाईकोर्ट 11 जुलाई के आदेश से चुनाव नहीं लड़ सकते।

### दो चरणों में होना है पंचायत चुनाव

**देहरादून :** प्रदेश में हरिद्वार जिले को छोड़कर शेष 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया जारी है। ग्राम पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और जिला पंचायत सदस्यों के लिये दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को मतदान होना है। पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गयी है और प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन का कार्य होना है। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार 12 जिलों के 89 विकास खंडों में 55,587 ग्राम पंचायत सदस्यों, 7,499 ग्राम पंचायत प्रधानों, 2,974 क्षेत्र पंचायत सदस्यों और 358 जिला पंचायत सदस्यों के लिए चुनाव हो रहे हैं। पंचायत चुनावों में 47 .7 लाख से ज़्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जो कि 2019 के पंचायत चुनावों से 10 .57 प्रतिशत से ज़्यादा है। कुल मतदाताओं में से 23 .1 लाख महिला मतदाता और 24 .6 लाख पुरुष मतदाता हैं।

# संशोधित अधिसूचना जारी हुई, सिंबल आवंटन शुरू

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आज भी जारी रहेगा उम्मीदवारों को प्रतीक चिन्हों का आवंटन

**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग को उत्तराखंड उच्च न्यायालय से फिलहाल राहत मिल गयी है। न्यायालय ने सोमवार को साफ कर दिया कि उसने पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर कोई स्थगनादेश जारी नहीं किया है। चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को जारी रख सकता है। हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव चिन्हों के आवंटन का काम शुरू कर दिया है।

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से हाईकोर्ट में स्टे वेकेशन एप्लीकेशन दायर की गयी थी। हाईकोर्ट द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के बाद चुनाव आयोग की ओर से चुनाव चिन्हों का आवंटन सोमवार दोपहर दो बजे से शुरू कर दिया गया। चुनाव आयोग की ओर से जारी संशोधित अधिसूचना में कहा गया कि आयोग से मिले निर्देश के बाद दो बजे से चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर की जाती है। चुनाव चिन्हों के आवंटन का कार्य शाम छह बजे तक किया जायेगा तथा चुनाव चिन्हों का आवंटन कल मंगलवार को भी जारी रहेगा

गौरतलब है कि प्रदेश में हरिद्वार जिले को छोड़ कर शेष 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया जारी है। ग्राम पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और जिला पंचायत सदस्यों के लिये दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को मतदान होना है। पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गयी है और अब प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन का कार्य किया जाना था। न्यायालय के रुख के बाद अब पंचायत चुनाव पर स्थिति साफ हो गयी है। चुनाव प्रक्रिया विधिवत जारी रहेगी। चुनाव हाल ही में तैयार मतदाता सूचियों के अनुसार ही कराये जा सकेंगे। हालांकि कुछ विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में प्रत्याशी चुनाव याचिका के माध्यम से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकेंगे।

# आज पहुंचेंगे प्रदेश संगठन मंत्री बागियों को लेकर जल्द होगा निर्णय

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार हल्द्वानी और भीमताल में बैठकों में लेंगे हिस्सा

**अमृत विचार :** पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ चुनावी बिगुल फूंकने वाले पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई पर जल्द निर्णय हो सकता है। प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार आज हल्द्वानी पहुंच रहे हैं, वह पंचायत चुनाव में भाजपा की स्थिति और बागियों को लेकर भी मंथन करेंगे।

भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सिर्फ जिला पंचायत सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है जबकि ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्यों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। वहीं, एक-एक जिला पंचायत सीट से चार से पांच नेताओं ने दावेदारी की। भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा की। इसके बाद बाकी ने बगावत का बिगुल फूंकते हुए जिला पंचायत से न केवल नामांकन किया बल्कि समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ऐसे में वरिष्ठ नेताओं को बागियों को मनाने का जिम्मा सौंपा गया लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद संगठन ने ऐसे बागियों की सूची मांगी जिन्होंने भाजपा समर्थित उम्मीदवार के विरोध में मैदान में है। जिला नेतृत्व की ओर से बागियों की सूची बनाकर सौंप दी गई इसके बाद इन बागियों को तीन दिन की हिदायत दी गई जिसमें प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार के निर्देश दिए गए। यह मोहलत आज पूरी हो रही है लेकिन बागी मानने को तैयार नहीं है। इधर, प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार आज हल्द्वानी पहुंच रहे हैं। वह हल्द्वानी और भीमताल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पंचायत चुनाव की स्थिति का जायजा लेंगे वहीं विरोधियों से नफा-नुकसान पर भी मंथन किया जाएगा। वह बागियों को लेकर भी पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर सकते हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर भी निर्णय लिया जा सकता है।



जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार आज हल्द्वानी पहुंच रहे हैं, वह भाजपा कार्यालय में बैठक करेंगे। फिर भीमताल में भी उनकी बैठक है। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सूची हाईकमान को सौंप दी गई है, इस पर जल्द ही निर्णय हो सकता है।

### हल्द्वानी में 18 जुलाई को मिलेंगे चुनाव-चिन्ह

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी ब्लॉक के अंतर्गत चुनाव लड़ रहे पंचायत प्रत्याशियों को अभी चुनाव चिन्ह के लिए और इंतजार करना होगा। उनको दूसरे चरण में चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड में पंचायत चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 24 जुलाई को दूसरे चरण में 28 जुलाई को वोट डाले जाएंगे। प्रत्याशियों के नामांकन के बाद नाम वापसी की प्रक्रिया को भी निपटा लिया गया है। प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है लेकिन अभी चुनाव चिन्ह नहीं बांटे गए हैं। ब्लॉक कार्यालय से जानकारी मिली कि हल्द्वानी ब्लॉक के अंतर्गत प्रत्याशियों को 18 जुलाई को चुनाव चिन्ह मिलेंगे। पंचायत चुनाव में मत पत्रों में प्रत्याशियों का नाम नहीं होता है केवल उनका चुनाव चिन्ह होता है। इसलिए प्रत्याशी भी चाहते हैं कि उनको जल्द से जल्द चुनाव चिन्ह मिल जाएं।

# आरओ के विवादित निर्णयों की जांच हो

संवाददाता, नैनीताल

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में नियमों की अनदेखी के आरोप



**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के बीच नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के कई जिलों में निर्वाचन कार्य जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्वों को अनुभवहीन व कनिष्ठ अधिकारियों को सौंपा गया है। इससे कई स्थानों पर ऐसे फैसले लिए गए जो सीधे तौर पर नियम विरुद्ध हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, काशीपुर खरमासी सीट से अनुसूचित जाति की महिला प्रत्याशी नम्रता का नामांकन निरस्त कर दिया गया। रिटर्निंग अधिकारी सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने मायके का जाति प्रमाणपत्र अस्वीकार कर ससुराल का प्रमाण मांगा जबकि नियमानुसार अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए मायके का प्रमाण ही मान्य है। वहीं, रुद्रप्रयाग में 27 लाख की सरकारी बकाया व वारंट के बावजूद एक उम्मीदवार का नामांकन स्वीकृत हुआ। आपत्तिकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि प्रत्याशी को उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली थी। फिर भी रिटर्निंग अधिकारी ने बिना विधिक राय लिए नामांकन मंजूर कर लिया। टिहरी जिला में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 7 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त कर दिए गए। आरोप है कि यह निर्णय नियमों के विरुद्ध और कुछ खास उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाने की मंशा से लिया गया। इन सभी मामलों में शिकायतकर्ताओं का कहना है कि निर्वाचन अधिकारियों की असीमित शक्तियों का दुरुपयोग हो रहा है इसलिए इन मामलों की निष्पक्ष जांच हो और जिन अधिकारियों ने नियमविरुद्ध निर्णय लिए हैं, उन्हें तत्काल चुनावी प्रभार से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि, राज्य निर्वाचन आयोग से मांग की जा रही है कि निष्पक्ष और पारदर्शी पंचायत चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उक्त तीनों मामलों सहित अन्य विवादित निर्णयों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जहां आवश्यक हो वहां अनुभवी वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की जाए।

# पांडेछोड़ में मतदान बूथ बनाने की मांग

**भीमताल:** ग्राम सभा अलचौना के वार्ड नंबर 8 एवं 9 के मतदाताओं ने कलसा नदी का जल स्तर बढ़ने पर चिंता व्यक्त करते हुए प्राथमिक विद्यालय पांडेछोड़ को मतदान बूथ बनाने की मांग को लेकर जिला विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अवगत कराया कि मौजूदा समय के लिए अलचौना प्रथम के जूनियर हाईस्कूल विद्यालय को मतदान बूथ बनाया गया है। वार्ड नंबर 8 एवं 9 के लोगों को कलसा नदी पार करके मतदान करने के लिए जाना पड़ेगा। पहाड़ों में लगातार बारिश होने की वजह से कलशा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसकी वजह से नदी पार करके मतदान बूथ पहुंचा खतरों से खाली नहीं है। ज्ञापन देने वालों में बाला चंद्र, यशपाल, खीमराम आर्य, विद्या सागर गिरीश चंद्र, ललित रहे।

# यूसीसी मामले में केन्द्र को मिली मोहलत

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मामले में केन्द्र सरकार उच्च न्यायालय में सोमवार को जवाब दाखिल नहीं कर पायी। न्यायालय ने जवाब पेश करने के लिए 18 अगस्त तक की मोहलत दे दी है।

उत्तराखंड में इसी साल 27 जनवरी से यूसीसी अधिनियम लागू हो गया है। यूसीसी के विभिन्न प्रावधानों को अलग-अलग याचिकाओं के माध्यम से उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। अधिकांश याचिकाओं में लिव इन रिलेशन के अलावा मुस्लिम समाज के विवाह, तलाक, इद्दत और विरासत के खिलाफ प्रावधानों को चुनौती दी गई है। यह भी दलील दी गई कि यूसीसी भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है, जो धर्म के पालन के साथ ही स्वतंत्रता की गारंटी देता है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र की अगुवाई वाली पीठ ने इसी साल 12 फरवरी को इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए थे। सोमवार को केन्द्र सरकार के अधिवक्ता की ओर से जवाब पेश करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की गयी, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया और 18 अगस्त तक की मोहलत दे दी।

### हाइवे अथॉरिटी दे एक सप्ताह में जवाब

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने बेरीनाग चौकोड़ी नेशनल हाइवे पर प्रस्तावित बाईपास रोड के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद सरकार व हाइवे अथॉरिटी से एक सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। मामले के अनुसार, बेरीनाग के भाटी गांव निवासी हेम चंद पंत ने जनहित याचिका में कहा है कि बेरीनाग चौकोड़ी नेशनल हाइवे के पास प्रस्तावित बाईपास का एलाइनमेन्ट बदलकर ग्रामीण क्षेत्र की तरफ कर दिया जबकि इसको पहले बाजार से होकर जाना था। ग्रामीणों की समस्या को सुना तक नहीं गया। याचिका में यह भी कहा गया कि वाहन चलने के कारण मकानों में दरारें पहले से आई हैं। रोड बनने पर भूस्खलन हो सकता है। रोड बनने से पहले भूमि की जांच कराई जाए जिससे ग्रामीणों को बाद में कोई समस्या का सामना न करना पड़े।

### अब 25 अगस्त को होगी सुनवाई

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने देहरादून में जल धाराओं, जल स्रोत्रों, पर्यावरण संरक्षण सहित नदियों पर मंडरा रहे खतरे व पर्यावरण संरक्षण को लेकर दायर तीन जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तिथि नियत की है। खंडपीठ ने तब तक याचिकाकर्ता व सरकार से वर्तमान स्थिति से अवगत कराने को कहा है। पूर्व में कोर्ट ने सरकार से कहा था कि नदी, नालों व गधेरों में जहां-जहां अतिक्रमण हुआ है, उसे हटाया जाए और उस जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इनको भी उसी तरह से सीसीटीवी कैमरे लगाकर मैनेज किया जाए जैसे सड़कों के दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों को किया जाता है।

# भीमताल में 16 जुलाई से लगेगा हरेला मेला

संवाददाता, भीमताल



**अमृत विचार :** भीमताल में आगामी 16 जुलाई से आयोजित होने जा रहे हरेला मेले में ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा प्रस्तुत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचेगी।

भीमताल में 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले हरेला मेले के मुख्य आकर्षण का केंद्र प्रत्येक दिवस सायंकालीन सांस्कृतिक उत्सव रहता है। नगर पालिका के तत्वावधान में आयोजित होने वाले मेले में इस बार दो दर्जन से अधिक कलाकार प्रस्तुति देंगे। चयन समिति द्वारा स्वीकृत किए गए कलाकारों को नगर पालिका द्वारा भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि इस बार कलाकारों में राकेश खनवाल, दर्शन फर्स्वाण, खुशी जोशी, जितेंद्र तोमक्याल, कैलाश कुमार, किशोर कंडवाल, जगदीश कांडपाल, दीपक सुयाल के अलावा कुमाऊं म्यूजिकल ग्रुप मोहन, पार्वती कला संगम ग्रुप, पुष्पा फर्त्याल, सांस्कृतिक लोक कला समिति, कुमाऊं सांस्कृतिक कला उत्थान के कलाकारों के अलावा छोलिया नृत्य आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# एडीजे प्रथम, न्यायिक अधिकारियों को अधिवक्ताओं ने दी भावभीनी विदाई

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जिला बार संघ में सोमवार को न्यायिक अधिकारियों का विदाई समारोह हुआ। बार सभागार में हुए समारोह में अपर जिला जज (प्रथम) विक्रम, न्यायिक मजिस्ट्रेट तनुजा कश्यप एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट (द्वितीय) आयशा फरहीन को विदाई दी गई। इससे पूर्व तीनों न्यायिक अधिकारियों को बार संघ पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। बार संघ के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने अपर जिला जज प्रथम विक्रम की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें बेहद संवेदनशील व न्यायप्रिय बताते हुए अधिवक्ताओ के प्रति उनके व्यवहार को उच्चतम स्तर का बताया। सचिव दीपक रुवाली ने कहा कि मजिस्ट्रेट तनुजा कश्यप व आयशा फरहीन की कार्यशैली की सराहना की। वहीं, एडीजे की प्रशंसा की और कहा कि बार व बेंच दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं। इस दौरान एसीजेएम नेहा कुशवाहा, उपाध्यक्ष शंकर सिंह चौहान, उपसचिव दीपक पांडेय, गौरव कुमार, शशांक कुमार, मनीष मोहन जोशी, नीरज साह, राजेन्द्र पाठक, बीके सांगुड़ी, गिरीश खोलिया, प्रीति साह, मंजू कोटलिया, डीजी सी सिविल पंकज बिष्ट, डीजीसी क्रिमिनल सुशील कुमार सिंह, एडीजीसी राम सिंह रौतेला, पूजा साह, हेमा शर्मा, संजय बिष्ट आदि मौजूद रहे।



न्यायिक अधिकारी को विदाई देते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### नैनीताल में हुई सफाई पखवाड़े की शुरुआत

**नैनीताल, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने सोमवार से मानसून विशेष सफाई पखवाड़े की शुरुआत कर दी है। इसी क्रम में पहले दिन वार्ड संखया एक स्टाफ हाउस में नालियों की सफाई के लिए वृहद अभियान चलाया गया कंटीली झाडियां भी काटी गईं। पखवाड़े का संचालन ईओ रोहताश शर्मा एवं एसडीएम नवाजिश खलीक के संयुक्त नेतृत्व में हुआ। इसमें राजस्व एवं लोनिवि की टीमों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सफाई के दौरान पालिका के पर्यावरण मित्रों द्वारा वार्ड के सभी नालों व नालियों एवं आसपास के क्षेत्रों की वृहद सफ ाई की गई साथ ही मार्गों के किनारे उगी झाड़ियों की छंटाई कर रास्तों को साफ .सुथरा किया गया। एकत्रित कूड़े को मौके पर मौजूद पालिका के कूड़ा वाहन द्वारा सुरक्षित रूप से उठाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान वार्ड के सभासद रमेश प्रसाद समेत मुखय सफ ाई निरीक्षक सुनित कुमार एवं सफ ाई निरीक्षक कमल सिंह चौहान भी रहे।



जल स्रोत के पुनजीवित होने पर आयोजित हर की पौड़ी में धार्मिक अनुष्ठान।

### जल स्रोत कन्यूर को पुनर्जीवित किया

**भीमताल :** नौकुचियाताल क्षेत्र में संस्कृति धरोहर संरक्षण समिति नौकुचियाताल के तत्वावधान में क्षेत्र के प्रमुख जल स्रोत कन्यूर को पुनर्जीवित किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी संस्कृति एवं धरोहरों के संरक्षण के प्रयास भी किए गए। इस मौके पर नौकुचियाताल सरोवर तट पर स्थित श्री हरि की पौड़ी मंदिर का जीर्णोद्धार एवं मां गंगा मूर्ति की स्थापना मोना बेदी के सहयोग से की गई। अवगत कराया गया कि क्षेत्र और इस स्थान को पर्यटन मानचित्र में विशेष स्थान दिलाने के उद्देश्य से नियमित शाम को गंगा आरती की शुरुआत की गई है। समिति विभिन्न अनुष्ठानों के दौरान साफ-सफाई, पूजन विसर्जन एवं व्यवस्था का ध्यान रखती है। इस दौरान समिति अध्यक्ष प्रमोद कर्नाटक, उपाध्यक्ष अनिल चनौतिया, सचिव डॉ. विवेकानंद पाठक, कोषाध्यक्ष किरण कुमार पांडेय, मनोज कर्नाटक, राजा पांडे, नवीन कर्नाटक, नरेश नौगाई, तनुज कर्नाटक, कर्नल रणबीर यादव, मोना बेदी, कार्तिक कर्नाटक, कुमुद पांडे, बिशन पोखरिया, मुकेश बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

# हमारी झील हमारी धरोहर थीम पर होगा पौधरोपण

संवाददाता, नैनीताल

**15 जुलाई से 31 जुलाई तक वृहद रूप में चलाया जाएगा पौधारोपण**

**अमृत विचार:** मानसून काल में नैनीताल वन प्रभाग के अन्तर्गत विभिन्न झीलों के जलागम क्षेत्रों एवं आस-पास के क्षेत्रों में हमारी झील हमारी धरोहर थीम के अन्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया जाएगा।

पौधारोपण अभियान 15 जुलाई से 31 जुलाई तक बृहद रूप में चलाया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल चन्द्र शेखर जोशी ने बताया कि नैनीताल में नैनी झील, भीमताल झील, सातताल झील, नौकुचियाताल झील, हरीशताल झील, खुरपाताल झील, सरिताताल झील, कमलताल झील तथा गरूड़ताल झीलें के अन्तर्गत पारिस्थितिक तंत्र का महत्वपूर्ण भाग है। इन झीलों में देश-विदेश से पर्यटक यात्री पर्यटन हेतु आते है इसके अतिरिक्त इन झीलों एवं उसके आस-पास के क्षेत्र वन्य जीवों के संरक्षण की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं एवं प्रवासी पक्षियों के वास स्थल भी हैं। नैनीताल की इन महत्वपूर्ण झीलों के संरक्षण की दृष्टि से झीलों के आस-पास एवं इनके जलागम क्षेत्रों में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया जाएगा।

# कराटे में नैनीताल प्रथम, यूएस नगर द्वितीय

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** हरमन माइनर स्कूल में हुई 8वीं सिकाई स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में नैनीताल जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊधमसिंह नगर द्वितीय तथा देहरादून तृतीय स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन हरमन माइनर स्कूल की प्रधानाचार्या महिमा भट्ट ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रतियोगिता का आयोजन सिहान हिमांशु कुलेठा एवं अनीता बोरा के नेतृत्व में औरौ फाउंडेशन, सिकाई उत्तराखंड तथा हरमन माइनर स्कूल के सौजन्य से संपन्न हुआ।




हरमन माइनर स्कूल में आयोजित चैंपियनशिप में मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हैंसी नरेंद्र चौहान रहे। राज्यभर से आए अनुभवी रेफरी एवं निर्णायकों ने प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रमुख रेफरी एवं जजों में राकेश कुमार, विनोद लखेरा, मिंटू सैनी, कृष्ण कुमार, ऋषिपाल भारती, किशोर सिंह, सुरेंद्र कुमार, शिवानी गुप्ता, विपिन डोगरा, देवेंद्र रावत, मुकेश सैनी, नंदन सिंह रजवार, मदन बिष्ट, सूरज कुमार, दीपक कुमार, आध्या रौतेला, लक्षिता पांडे, किरण रावत, अविरल कश्यप, प्रीति रावत एवं अक्षत थापा शामिल रहे। प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागियों, कोचों एवं आयोजकों को सम्मानित किया गया।

# सभासद ने की बाईपास के गड्ढे भरने की मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल बाईपास मोटर मार्ग में इन दिनों कीचड़ की भरमार होने से स्थानीय जनता खासी परेशान है। वहीं इससे लगते हुए हरेले मेले का आयोजन भी होना है।

वार्ड नंबर 6 के सभासद बंटी आर्य ने भीमताल बाईपास मोटर मार्ग का निरीक्षण किया और वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से इस समस्या का तुरंत समाधान करने को कहा। बाद में सभासद ने अवगत कराया की विभाग के द्वारा पूरे बायपास मार्ग में डामरीकरण का कार्य कर लिया गया है पर ठीक रामलीला ग्राउंड के पीछे लगभग 400 मीटर का क्षेत्र डामरीकरण से छोड़ा गया है जिसके चलते अब बड़े-बड़े गड्ढे तो हो ही गए हैं वहीं कीचड़ की मात्रा इतनी अधिक हो गई है कि दो पहिया वाहन भी अब फिसलने लगे हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र इन गड्ढे को भरने और क्षेत्र को कीचड़ मुक्त करने को कहा है।



## आज का मौसम

आसमान में धूप-छाव के साथ बारिश होने की संभावना।

30.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.23 | सूर्यास्त 19.13

## शहर में आज

- तल्ली हल्द्वानी स्थित श्री केदारपुरम क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा 2 बजे
- अग्रवाल महिला समिति की ओर से अग्रसेन भवन में प्रेस वार्ता 4 बजे
- पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में हरेला पर्व पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम 4 बजे

### बिंदुखत्ता में भूकटाव की रोकथाम के लिए वन विभाग ने शुरू की कवायद, अगले सप्ताह खत्म हो जाएगा काम

# गौला नदी के हाथी कॉरिडोर में चैनलाइजेशन शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** जंगलात ने गौला नदी के हाथी कॉरिडोर में चैनलाइजेशन शुरू कर दिया है। यह चैनलाइजेशन एक सप्ताह में पूरा हो जाएगा। इस बार मानसून में बिंदुखत्ता और सटे हुए इलाकों में बाढ़ का संकट नहीं झेलना होगा।

गौला नदी के हाथी कॉरिडोर में खनन नहीं होने से आरबीएम व बोल्डर्स जमा हो गए थे। आम दिनों तो पानी का स्तर नहीं होता है लेकिन मानसून में बारिश के बाद गौला नदी के जलस्तर में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हो जाती है इस वजह से नदी का पानी आरबीएम व बोल्डर से टकरा कर नदी के दोनों किनारों पर मार करता है जिस कारण बिंदुखत्ता, रावत नगर आदि में लोगों को बाढ़ झेलनी पड़ती है। नदी गांव की ओर भूकटाव करती है जिससे कई बीघा जमीन नदी में बह जाती है। वहीं भूकटाव से आबादी की ओर भी तबाही का खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए वन विभाग ने हाथी कॉरिडोर में चैनलाइजेशन का प्रस्ताव बनाया था जिसे शासन ने मंजूर कर दिया था। इसके बाद वन विभाग ने हाथी कॉरिडोर में चैनलाइजेशन शुरू कर दिया है। इस में नदी के पानी को बहाव की दिशा दी जा रही है ताकि पानी आबादी की ओर भूकटाव नहीं करें। संभावना है कि अगले सप्ताह में यह काम पूरा हो जाएगा। वन अधिकारियों ने इसका निरीक्षण किया और चैनलाइजेशन का जायजा लिया।

#### यहां भी होगा चैनलाइजेशन

**हल्द्वानी :** वन विभाग की ओर से गौला नदी किनारे सटे गांवों में नदी से भूकटाव की रोकथाम के लिए कई इलाके चिन्हित किए हैं। इनमें रावत नगर, चौड़ाघाट, कुरिया खत्ता, इंदिरा नगर आदि क्षेत्रों में गौला नदी में चैनलाइजेशन किया जा रहा है ताकि नदी आबादी की ओर रुख नहीं कर सके।



गौला नदी हाथी कॉरिडोर में चैनलाइजेशन किया जा रहा है। कई अन्य इलाकों में भी चैनलाइजेशन किया जा रहा है ताकि नदी किनारे सटे गांवों में भूकटाव नहीं हो। चैनलाइजेशन अगले सप्ताह तक पूरा हो जाएगा। चैनलाइजेशन का लगातार चेकिंग की जा रही है ताकि समय से काम पूरा हो सके। **-चंदन सिंह अधिकारी**, रेंजर गौला, तराई पूर्वी वन डिवीजन हल्द्वानी




# हाइवे कट बना जानलेवा, व्यवसायी की मौत पर हंगामा

### हल्दूचौड़ में स्थानीय प्रशासन ने हाइवे प्रशासन के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का किया घेराव

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचारः** नैनीताल-बरेली नेशनल हाईवे स्थित हल्दूचौड़ चौराहे पर बने कट के कारण स्थानीय युवा व्यवसायी दीपक जोशी की कार की चपेट में आकर मौत हो गई। सोमवार को हल्दूचौड़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों सहित विभिन्न संगठनों के लोगों ने हाईवे अथॉरिटी प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान लोगों ने कहा कि हाईवे अथॉरिटी की लापरवाही से चौराहों पर लगातार हादसे हो रहे हैं। इसके अलावा पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। आरोप लगाया कि बढ़ते हादसों की रोकथाम तथा लालकुआं से हल्द्वानी तक जगह-जगह बने कट को बंद करने, सर्विस रोड बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि हाईवे पर बने इन कटों के कारण अक्सर हादसे होते हैं और प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सूचना पर परिवहन विभाग की तकनीकी अधिकारी अपराजिता पांडे, सीओ दीपशिखा अग्रवाल, कोतवाल दिनेश चंद्र फर्त्याल, कानूनगो मनोज सिंह, राजस्व उपनिरीक्षक लक्ष्मीनारायण यादव, पूजा रानी, हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी शंकर नयाल मौके पर पहुंचे तथा हल्दूचौड़ कट बंद करने सहित ग्रामीणों की अन्य मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

परिवहन विभाग की अधिकारी अपराजिता पांडे ने घटनास्थल के साथ ही एक्सीडेंट जोन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, जिनके निर्देश के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। सीओ दीपशिखा अग्रवाल ने कहा कि बीती देर रात कार एक्सीडेंट में हल्दूचौड़ निवासी युवक की मौत हो गई। दुर्घटना की मुख्य वजह हाईवे पर बने कट बताई जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि हाईवे पर बने कट तत्काल बंद किए जाएं जिस पर उनके द्वारा रिपोर्ट सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को भेज कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जाएगा।



हल्दूचौड़ चौराहे पर स्थानीय लोगों से वार्ता करतीं सीओ। ● अमृत विचार

#### सड़क पर फिसली तेज रफ्तार बाइक, युवक की जान गई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आधी रात घर की ओर लौट रहा बाइक सवार हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार सवार बाइक समेत सड़क पर गिर कर बुरी तरह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक, डाक बंगला वार्ड नंबर एक कालाढूंगी निवासी नीरज सिंह अधिकारी (35) पुत्र हीरा सिंह यहां परिवार के साथ रहते थे। वह कालाढूंगी में दुकान में काम करते थे। देर रात वह कालाढूंगी रोड से घर की लौट रहे थे। बाइक सवार नीरज ने हेलमेट नहीं लगाया था और बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। नैनीताल तिराहे पर बाइक फिसल गई और नीरज के सिर पर गंभीर चोट आ गई। नीरज मौके पर ही बेसुध हो गया। पुलिस ने आनन-फानन में नीरज को एसटीएच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कालाढूंगी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# जंगली मशरूम खाने से नानी और नातिन की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **मुनस्यारी के धापा गांव में शनिवार बिगड़ी थी तबीयत**
- **एक ही परिवार में दो मौतों से मचा कोहराम**

**अमृत विचार :** मुनस्यारी के धापा गांव में जंगली मशरूम खाने से बीमार हुई नानी और नातिन की उपचार के दौरान डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में मौत हो गई। एक परिवार में एक साथ दो मौतों से कोहराम मच गया। मौत की खबर मिलते ही पोस्टमार्टम हाउस में रिश्तेदार और करीबियों की भीड़ लग गई। सोमवार दोपहर बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए।

धापा गांव निवासी 74 वर्षीय कुंती देवी पत्नी त्रिलोक सिंह और उनकी नातिन 30 वर्षीय दीया पुत्री विजय सिंह मर्तोलिया की शनिवार रात में मशरूम की सब्जी खाने से तबीयत बिगड़ थी। परिजन दोनों को रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुनस्यारी ले गए। चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। रविवार को चिकित्सकों ने दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया, लेकिन तब हालत और ज्यादा बिगड़ चुकी थी। यहां भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर दोनों का उपचार शुरू किया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

# वरिष्ठता बचाएगी उपनल कर्मियों को तबादले से

संवाददाता, हल्द्वानी

- **199 के अलावा बाकी कर्मचारियों पर संकट**
- **उपनल कर्मचारियों का पांच महीने से वेतन भी जारी नहीं हुआ**

**अमृत विचारः** राजकीय मेडिकल कॉलेज और उसके अधीन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में कार्यरत उपनल कर्मियों को अपने भविष्य पर संशय है। कर्मचारियों में से कुल 199 कर्मियों को पद के सापेक्ष रखा गया था। बाकी कर्मचारियों के सामने तबादले का संकट मडरा रहा है।

जीएमसी और एसटीएच में करीब 659 उपनल कर्मचारी काम करते हैं। एसटीएच के लिए 2015 में 199 कर्मचारियों के पद स्वीकृत किए गए। 10 साल गुजर जाने के बाद भी इतने ही पद स्वीकृत हैं। जब मरीजों और बेडों की संख्या बढ़ी तो शासन से अनुमति मिलने पर 659 उपनल कर्मचारियों को काम पर लगाया गया।

ये कर्मी आपरेशन थिएटर, आफिस, वार्ड समेत कई जगह पर अपनी सेवाएं देते हैं। इनका पांच माह से वेतन नहीं आया है क्योंकि शासन ने स्वीकृत पद के सापेक्ष वेतन देने की बात कही है। पिछले दिनों शासन ने एसटीएच के लिए 2015 में स्वीकृत 199 पदों के सापेक्ष वेतन देने के लिए स्वीकृति दी थी और कहा था कि इन 199 कर्मचारियों को वेतन दे दिया जाएगा। वहीं कॉलेज प्रबंधन ने नए पद स्वीकृत कराने के लिए शासन में फाइल भेजी है। प्रबंधन के अनुसार शेष कर्मचारियों को नए पदों के सापेक्ष नियुक्ति जाएगी इसके बाद भी जो बच जाएंगे उनसे विकल्प मांगा जाएगा, उसी अनुसार उनको अन्य मेडिकल कॉलेज में समायोजित किया जाएगा।

अब दिक्कत यहीं पर खड़ी हो रही है। बताया जा रहा है जिन कर्मियों को अस्पताल में रखा जाएगा, उसमें वरिष्ठता को आधार बनाया जाएगा। अब सीनियर और जूनियर उपनल कर्मचारियों में भी बंटवारा होता दिखाई दे रहा है। जो वरिष्ठ कर्मचारी हैं वह रह जाएंगे और जूनियर कर्मियों को दूसरे मेडिकल कॉलेज जाना होगा।



शासन में नए पदों को सृजित करने के लिए पूरी जानकारी भेजी गई है। नए पदों को सृजित किया जाएगा। साथ ही वेतन भी शीघ्र ही जारी हो जाएगा। **-डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

# पुलिस चोरी की सूचना पर पहुंची बाद में पता लगा टेक्निकल गलती

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोन देने वाले एक वित्तीय संस्थान में तड़के चोरी की खबर ने हड़कंप मचा दिया। दिल्ली से आई खबर पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पहले तो पुलिस को वित्तीय संस्थान खोजने में ही टाइम लग गया और जब मौके पर पहुंची तो मामला फुस्स निकला। एक टेक्निकल गलती की वजह से पुलिस को दौड़ लगानी पड़ गई।

टीपीनगर चौकी क्षेत्र में रामपुर रोड स्थित एक कॉम्प्लेक्स में आईआईएफएल के नाम से वित्तीय संस्थान है, जो लोन देने का काम करती है। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सोमवार के तड़के 3 से 4 बजे के बीच कोतवाली को फोन आया कि संस्थान में चोर घुस गए हैं। फोन करने वाले आईआईएफएल की सिक्योरिटी एजेंसी दिल्ली और बंगलौर में बैठे लोग थे। इस खबर में भारी पुलिस बल मौके से लिए रवाना हो गया, लेकिन काफी तलाश के बावजूद भी वित्तीय संस्थान नहीं मिला। पुलिस ने सिक्योरिटी एजेंसी के लोगों से संपर्क साधा और जब वहां से लोकेशन भेजी गई तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मौके पर पहुंची तो मॉर्निंग वॉक करने वाले लोग काफी संख्या में थे। बड़ी संख्या में जब इन लोगों ने पुलिस को देखा तो खबर फैल गई कि बैंक में लूट हो गई। हालांकि ऐसा था नहीं, पुलिस ने मौके पर पाया कि कॉम्प्लेक्स में ताला लगा था और ऊपरी तल पर वित्तीय संस्थान था। आस-पास चेक करने पर भी कुछ नहीं मिला। इसी बीच सिक्योरिटी एजेंसी से दोबारा फोन आया और बताया कि संस्थान में चोरी नहीं हुई है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि सुबह चोरी की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो सूचना झूठी पाई गई।




इसी संस्थान में मिली थी चोरी की सूचना।

#### स्टाफ की कमी से मॉडर्न टीकाकरण केंद्र बंद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय महिला अस्पताल में मॉडर्न टीकाकरण केंद्र को लेकर तेजी के साथ काम हुआ था हालांकि अभी तक यह शुरू नहीं हुआ है। महिला अस्पताल में स्टाफ की कमी से बंद पड़ा है।

मॉडर्न टीकाकरण केंद्र स्वास्थ्य विभाग की ऐसी कल्पना थी जिसमें टीकाकरण के लिए आधुनित तरीके हों। यहां टीकों को स्टोर करने के लिए पर्याप्त कूलिंग व्यवस्था हो और माताओं के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो। यहां बच्चों को सुबह आठ बजे से लेकर रात के आठ बजे तक टीका लगाने और ड्रॉप पिलाने की व्यवस्था थी। इसको लेकर राजकीय महिला अस्पताल में काम भी शुरू हुआ। इस केंद्र की शुरूआत फरवरी से होने थी। अब दिक्कत यह है कि टीकाकरण केंद्र को खोलने के लिए अस्पताल के पास पर्याप्त स्टाफ नहीं है। यह केंद्र ज्यादा समय के लिए खुलेगा, इसलिए स्टाफ भी ज्यादा चाहिए। सीएमएस डॉ. उषा जंगपांगी ने बताया कि स्टाफ के लिए मुख्यालय में पत्र भेजा है। उम्मीद है कि शीघ्र ही स्टाफ उपलब्ध हो जाएगा।

# बिलों में बढ़ोत्तरी पर उपभोक्ताओं का हंगामा

- **वार्ड 59 व 60 के सैकड़ों नागरिकों ने जताया विरोध**
- **15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** वार्ड 59 और वार्ड 60 के सैकड़ों पेयजल उपभोक्ताओं को बीते दिनों पेयजल बिलों की बढ़तरी पर भारी नाराजगी देखने को मिली। नाराज उपभोक्ताओं ने वार्ड 59 के पार्षद रईस अहमद गुड्डू और वार्ड 60 के पूर्व पार्षद मनोज मठपाल के साथ उत्तराखंड पेयजल निगम कार्यालय का घेराव किया।

प्रदर्शनकारियों ने जल निगम की ईई ज्योति पालिनी, एई रावत और जेई राजेंद्र सिंह से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने की मांग की। इस दौरान उपभोक्ताओं की ओर से ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि बढ़े हुए बिलों को तुरंत ठीक किया जाए और उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने बताया कि लगभग 400 उपभोक्ताओं के बिलों में बढ़ोतरी हुई है। जिनकी राशि 3000 से लेकर 16000 रुपये तक है। उन्होंने कहा कि यह साफ तौर पर विभागीय लापरवाही का नतीजा है। अगर 15 दिनों के भीतर इन बिलों को संशोधित नहीं किया गया, तो पेयजल निगम के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। प्रदर्शनकारियों में पूर्व पार्षद मनोज मठपाल, फिरोज खान, भुवन जोशी, मोहम्मद हनीफ, अभिषेक शर्मा सहित दर्जनों स्थानीय नागरिक शामिल रहे, जिन्होंने एक सुर में विभाग के रवैये की निंदा की और जल्द समाधान की मांग की।



जल निगम में अधिकारीसे वार्ता करने के बाद ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

# ड्रंक एंड ड्राइव पर एक्शन 8 वाहन चालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव समेत विभिन्न तरीकों से यातायात नियमों का उलंघन पर 8 वाहन चालकों को गिरफ्तार किया और 5 कार व 3 बाइकें सीज की।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी और उनकी टीम ने हैड़ाखान मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। इसमें तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बिना हेलमेट, तीन सवारी बैठाने वाले, हुड़दंग करने और महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले कुल 120 लोगों को किया चेक किया गया। इस दौरान 8 वाहन चालक प्रमोद राजपूत निवासी नागेश्वर महादेव कालोनी बरेली रोड, अंकित जयसवाल निवासी शान्तिनगर ऋषिकेश, चंचल जोशी निवासी कोहली कालोनी बिठौरिया नंबर 1 हरिपुर नायक, रमेश सिंह निवासी नन्द राम पार्क उधमसिंह नगर, सतीश शर्मा निवासी निलियम कालोनी देवलचौड़ मानपुर पश्चिम, मनीष कुमार निवासी पुरानी चूंगी काठगोदाम, विरेन्द्र कुमार निवासी नवीन मण्डी हल्द्वानी और शुभम गुर्रानी निवासी कुसुमखेड़ा को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 31 व्यक्तियों से 14,500 का जुर्माना वसूला गया। जबकि 7 हुड़दंगियों से 1,750 वसूला गया।

# भोजनालय में मिली शराब, मालिक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पंचायत चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए जमा की गई शराब पुलिस ने भारी मात्रा में बरामद की है। हल्द्वानी पुलिस और एसओजी ने ऐसे ही भोजनालय पर छापा मारकर 16 पेटी शराब बरामद की है। जबकि लालकुआं पुलिस ने भी शराब की तस्करी करते एक तस्कर को दबोचा है।

पुलिस के मुताबिक एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, उनकी टीम और कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान बरेली रोड में स्थित नेगी भोजनालय पर छापा मारा। तलाशी के दौरान भोजनालय मालिक के कब्जे से 16 पेटी शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बरेली रोड तल्ली निवासी पंकज पलड़िया पुत्र स्व. आनंद बल्लभ पलड़िया बताया। आरोपी के खिलाफ 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं लालकुआं पुलिस ने स्लीपर फैक्ट्री के पास अजय उर्फ नाटा पुत्र स्व. पप्पू निवासी 2 किलोमीटर घोड़ानाला बिंदुखत्ता को गिरफ्तार किया। उसके पास से 68 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। जबकि भीमताल थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा और उनकी टीम ने अमृतपुर रोड से राजीव कुमार नाग पुत्र स्व. दुलाल कृष्णा नाग निवासी आवास विकास कॉलोनी, हल्द्वानी 96 पैक देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं बनभूलपुरा पुलिस ने गफूर बस्ती बनभूलपुरा निवासी गुरफान पुत्र सुल्तान अहमद को 10.54 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। उसे गौला पार्किंग से गिरफ्तार किया गया।



बरामद शराब और आरोपी के साथ एसओजी व कोतवाली पुलिस।

#### बिंदुखत्ता में छापेमारी 51 पाउच अवैध शराब पकड़ी

**हल्द्वानी :** आबकारी विभाग की सहायक आयुक्त मीनाक्षी टम्टा ने बताया कि पंचायत चुनाव, महिला सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हल्द्वानी व लालकुआं में अवैध शराब के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। टीम ने बिंदुखत्ता में छापेमारी की और 51 पाउच कच्ची शराब बरामद की। टीम में आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट, रुचिका कांडपाल, कैलाश जोशी, संजय कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी व लालकुआं में विभिन्न होटल व ढाबों में अवैध ढंग से मदिरा पिलाने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है।

# 5 लाख डकार गई रिश्तेदार पर पुलिस ने नहीं लिखा केस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जरूरतमंद रिश्तेदार की मदद के लिए एक दोस्त से उधार लेकर पांच लाख रुपए रिश्तेदार को दिए और महिला रिश्तेदार रुपए डकार गई। पीड़ित ने महिला रिश्तेदार के चक्कर में खुद पर मुकदमा दर्ज करा लिया, लेकिन पुलिस ने उसकी तहरीर पर महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। मामले में मुखानी पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

मुखानी थाना क्षेत्र निवासी कमल ने शिकायती पत्र में कहा कि मार्च 2022 को उनकी करीबी रिश्तेदार ने पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद मांगी। उनके पास इतनी रकम नहीं थी तो उन्होंने बार-बार मांगने पर एक दोस्त से रुपये लेकर महिला को दे दिए। महिला ने वादा किया कि वह 6 माह में रुपए लौटा देगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कमल ने जिससे उधार लेकर महिला को दिए थे, उसे उन्होंने एक लाख रुपए वापस किए लेकिन बाकी की रकम वापस नहीं कर सके। इस पर कमल पर उसी के दोस्त ने मुकदमा लिखा दिया। उनका कहना है कि वह पुलिस ने उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पहाड़ में सौरमास की परंपरा, 16 से शुरू होगा सावन

## दो अलग-अलग तरीकों से गणना की वजह से पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में आता है अंतर, मैदानी क्षेत्र में 11 जुलाई से सावन का पर्व शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सावन शिव का माह है। इस माह शिव की भक्ति की जाती है। साथ ही सावन के दौरान पड़ने वाले सोमवार का भी बहुत ही धार्मिक महत्तव है। इस माह महामृत्युंजय जैसे जाप भी किए जाते हैं। शिवालयों में भक्तों की भीड़ रहती और साथ ही लोग कांवड़ यात्रा पर भी निकलते हैं।

देश के ज्यादातर हिस्सों में सावन पर्व 11 जुलाई से आरंभ हो गया है। सोमवार को सावन के सोमवार का पहला व्रत भी हो गया। हालांकि, कुमाऊं आंचल में सावन पर्व 16 जुलाई यानी हरेला से आरंभ होगा। साथ ही सावन का पहला सोमवार 21 जुलाई से शुरू होगा।

ऐसा क्यों होता है और इसको लेकर क्या मान्याताएं हैं, इसकी हमने पड़ताल की। हमारे धार्मिक विद्वान और पंडित माह की गणना करते हैं। इसके आधार पर ही सनातनियों के त्योहार व अन्य काज तय होते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर की तिथियों को देखें तो हमारे त्योहार की तिथियां बदलती रहती हैं क्योंकि हमारे यहां मास की गणना अलग तरह से होते है।


सावन के पहले सोमवार को प्राचीन मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


सावन के पहले सोमवार को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### दो अलग परंपरा हैं मास गणना की

**हल्द्वानी :** धार्मिक विद्वानों के अनुसार सनातन धर्म में मास गणना दो तरह से की जाती है। एक तरीका है चंद्रमास और दूसरा तरीका है सौरमास। सौरमास में संक्रांति को आधार माना जाता है। एक संक्रांति से दूसरी संक्रांति तक एक माह माना जाता है। यह 30 से 31 दिनों तक का होता है। इसका संबंध ऋतु परिवर्तन से होता है। दूसरा तरीका चंद्रमास है। इसके लिए चंद्रमा के एक पूर्ण चक्र की गणना की जाती है। अमावस्या से अगली अमावस्या तक का समय जोड़ा जाता है और यह करीब 29 दिनों का होता है। इसे ऐसे भी समझें सौर मास सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की गति पर आधारित है और चंद्रमास पृथ्वी के चारों चंद्रमा की गति पर आधारित होता है।

### सावनः 11 से चंद्रमास और 16 से सौरमास

**हल्द्वानी :** चंद्रमास के हिसाब से गणना करें तो 11 जुलाई से सावन शुरू हो गया है और 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है और सौरमास से गणना करें तो 16 से सावन शुरू हो रहा है। इसदिन ही कुमाऊं अंचल में हरेला मनाया जाता है और साथ ही सावन की शुरूआत होती है। इसलिए दो मासों की दो अलग-अलग गणनाओं की वजह से त्योहारों के समय में कुछ दिनों का अंतर आता है।



कुमाऊं में शुरू से ही सौरमास के हिसाब से मासों की गणना की जाती है। यहां पर सावन हरेला के दिन से होता है। सौरमास में संक्रांति का महत्व होता है। **-डॉ. नवीन चंद्र जोशी**, ज्योतिषाचार्य, हल्द्वानी



सौरमास की गणना में दिवसों की संख्या ज्यादा होता है। चंद्रमास की गणना में दिवसों की संख्या अपेक्षाकृत कम होती है। इसलिए दोनों परंपराओं में अलग-अलग तिथियां निकलतीं हैं। **-डॉ. मंजू जोशी**, ज्योतिषाचार्य, हल्द्वानी

### सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, व्रत रखकर किया जलाभिषेक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** चंद मास के सावन का पहला सोमवार श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। चंद्र मास के अनुसार सावन मनाने वाले भक्तों के लिए यह दिन विशेष रहा। सुबह से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु पिपलेश्वर महादेव मंदिर, त्रिमूर्ति मंदिर और जगदंबा मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और जल अर्पित कर भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करते नजर आए। पूरे दिन मंदिरों में शिव मंत्रों की गूंज, हर-हर महादेव के जयकारे और श्रद्धा की अनूठी छटा दिखाई दी। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने गहरी आस्था के साथ पूजा-अर्चना की। कई भक्तों ने व्रत रखकर दिनभर जलाभिषेक किया और सुख-शांति, समृद्धि की कामना की। ज्योतिषाचार्य गोपाल दत्त का कहना है कि श्रावण मास में किए गए सोमवार व्रत अत्यंत फलदायी होते हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे भीड़ के बावजूद पूजा-अर्चना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी।


गंगा जल से अभिषेक करते भक्त। ● अमृत विचार

### हरिद्वार से लाए गंगा जल से किया महादेव का अभिषेक

**हल्द्वानी :** श्रावण मास से पूर्व मोहनागांव शिवजी थान प्राचीन शिव मंदिर में स्थानीय लोगों ने मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद विशेष पूजा अर्चना और शिवार्चन किया। आचार्य डॉ. विपिन जोशी ने हरिद्वार से गंगाजल और महादेव की ध्वजा लाई गई जिसे मंदिर में अर्पित किया गया। आचार्य विनोद जोशी ने पूजन कराया। इस दौरान पूरन चंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, त्रिवेणी बर्गली, कमल वर्मा, मुकेश वर्मा, विपिन शर्मा, हिमांशु शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। आचार्य जोशी ने स्थानीय लोगों की सुख शांति और समृद्धि की मंगल कामना के साथ ही राज्य के चहुमुंखी विकास की कामना की। इसके अलावा हरिद्वार से लाया गंगा जल शिव मंदिर, मां भगवती मंदिर कल्याणपुर मज्यूली, पवनेश्वर महादेव पहाड़पानी, शिव ध्यान मंदिर धानाचूली, शिव मंदिर डोल आश्रम में भी अर्पित किया गया।


सोमवार को पिपलेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु।

# 18 जुलाई को होगी सिटी बस सेवा की रिहर्सल : आरटीओ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में 21 जुलाई से सिटी बस चलाई जाएंगी। इसको लेकर सोमवार को आरटीओ कार्यालय में आरटीओ प्रशासन सुनील शर्मा ने बसों के परमिट आवेदकों के साथ वार्ता की। उन्होंने आवेदकों को सिटी बस सेवा के लिए निर्धारित मार्गों के बारे में अवत कराया और सूची उपलब्ध कराई।

आवेदकों को मार्गवार संचालित करने के लिए वाहनों के लिए निर्धारित कलर और प्रत्येक मार्ग पर सवारियों को चढ़ाने-उतरने के लिए निर्धारित बस स्टैंड के बारे में बताया। यदि निर्धारित बस स्टैंड के अलावा मार्ग के किसी अन्य स्थान पर बस स्टैंड होने से आम जनता को सुविधा होगी होगी, तो ऐसे स्थानों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराई जाए। आवेदकों को निर्धारित किराए और वाहन चालक और परिचालक की वर्दी और बस में यात्रा करने वाले लोगों की संख्या के बारे में बताया। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आवेदक 17 जुलाई तक सिटी बस सेवा के लिए वाहनों को तैयार करेंगे और 18 जुलाई को रिहर्सल की जाएगी। आरटीओ ने कहा कि सिटी बसों के टैक्स माफ करने के लिए नियमानुसार कार्यवाही शुरू की जाएगी। इस दौरान 11 परमिट आवेदक सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नीरज चौहान आदि मौजूद रहे।


आरटीओ कार्यालय में हुई वार्ता के दौरान मौजूद सिटी बस के परमिट आवेदक व अन्य।

## सभासद को घसीट ले गया टेंपो चालक

**रामनगर, अमृत विचार :** सभासद सचिन कुमार पुच्ची को एक टेंपो ने टक्कर मार दी। उन्होंने उसे रोकने का प्रयास किया तो चालक घसीट कर ले गया। सभासद ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सभासद सचिन कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह लखनपुर में बाजार की तरफ आ रहे थे, तभी तेज गति से आते टेंपो चालक ने उन्हें टक्कर मारी और जब उन्होंने टेंपो रोकने का प्रयास किया तो वह घसीटते हुए रोडवेज स्टेशन तक ले गया, जिससे उनकी जान को खतरा उत्पन्न हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि चालक ने उन्हें जान से मारने का प्रयास किया। उन्होंने पुलिस से टेंपो चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# नए शिक्षण सत्र में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

संवाददाता, रामनगर

● **समर्थ पोर्टल पर 1502 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया**

**अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए शिक्षा सत्र के लिए स्नातक के कला, वाणिज्य व विज्ञान संकायों में प्रथम सेमेस्टर हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा चुके समस्त विद्यार्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच कर प्रवेश प्रक्रिया संपादित की जा रही है। प्रभारी प्राचार्य प्रो. एसएसमौर्या ने बताया कि, स्नातक प्रथम सेमेस्टर हेतु समर्थ पोर्टल पर अब तक बीए में 967, बीकॉम में 284 तथा बीएससी गणित में 100 व बीएससी बायो ग्रुप में 151 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

प्राचार्य द्वारा प्रवेश प्रक्रिया हेतु समितियां गठित कर दी गई हैं। प्रवेश प्रभारी प्रो. अनीता जोशी ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया हेतु बीए प्रथम सेमेस्टर छात्र वाचनालय में, बीए प्रथम सेमेस्टर छात्राओं के प्रवेश पीजी ब्लॉक के कम्प्यूटर कक्ष में, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर पीजी ब्लॉक के वाणिज्य विभाग तथा बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर के रसायन विज्ञान विभाग तथा बीएससी (बायो) प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राएं जन्तु विज्ञान विभाग में अपने मूल प्रमाण पत्रों की जांच कराकर प्रवेश संबंधी कार्यों को पूर्ण करेंगे।


रामनगर में प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश को प्रमाणपत्रों की जांच करते प्रवक्ता।

बता दें कि महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं व बीएड के अतिरिक्त व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी संचालित है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में डिप्लोमा इन टूरिज्म स्टडीज, डिप्लोमा इन ईको टूरिज्म, डिप्लोमा इन टूर एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन ऑफिस मैनेजमेंट एंड सेक्रेट्रियल प्रैक्टिस, डिप्लोमा इन कम्प्यूटराइज्ड अकाउंटिंग तथा पीजी डिप्लोमा इन योग में विद्यार्थी अपना भविष्य बना सकते हैं।

महाविद्यालय में एम.ए. योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा द्वारा विद्यार्थी योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना कैरियर बना सकते हैं। महाविद्यालय में संचालित एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर्स तथा क्रीड़ा विभाग के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं।


शांतिकुंज कल्याण समिति की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### समिति की बैठक में दी गई कानून की जानकारी

**रामनगर :** शांतिकुंज कल्याण समिति की बैठक मौजूद लोगों को कानून की जानकारी दी गई। रोहित बिष्ट की अध्यक्षता रोहित बिष्ट और धर्मपाल डंगवाल सचिव के संचालन में सम्पन्न बैठक में समिति के अर्धवार्षिक कार्यकलापों के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन चंद्र पांडे द्वारा मानवाधिकार, सोसायटी, नएगरपालिका, मोटर कानून, ग्राम पंचायत ओर कर संबंधित अधिनियम की जानकारी समिति को दी गई। समिति के सदस्यों द्वारा कानून के संदर्भ में अनेक समस्याओं को उठाया गया जिनका मौके पर निराकरण किया गया। समिति की बैठक में भुवन शर्मा, नवेंदु जोशी, पंकज सती, संतोष पपने, गणेश जोशी, रमेश बिष्ट, प्रदीप पांडे, चंद्रशेखर पंत, हेम पांडे, लक्ष्मण जोशी, अनूप बिष्ट, केएन जोशी, शंकर रहे।

# चुकुम गांव के लिए देखा वैकल्पिक मार्ग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मानसून में दूरस्थ गांव चुकुम का संपर्क नहीं कटे इसलिए वन, सिंचाई, प्रशासन समेत कई विभागों की संयुक्त टीम ने वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया। इसमें बारिश के दौरान जलभराव आदि सभी बिंदुओं पर मंथन भी किया गया। बता दें कि बरसात के दिनों में चुकुम गांव एक तरह से सभी स्थानों से अलग-थलग हो जाता है जिसके आगे कोसी और पीछे बियाबान जंगल है।

प्रशासन ने जिस मार्ग का निरीक्षण किया वह मार्ग ग्राम कुनखेत से लगभग 7 किमी दूरी पर है तथा वन विभाग की बटिया है। प्रशासन की टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि यह बटीया ग्राम कुनखेत और चुकम को जोड़ती है। लेकिन इस रास्ते की स्थिति भी अत्यंत खराब है और इस रास्ते में 5 रौली भी है। अधिक वर्षा होने पर इन रौलियों में पानी का जल स्तर बढ़ सकता है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त कुनखेत ग्राम से ही शुरुआती बिंदु पर रास्ता काफी खराब स्थिति में है। वन विभाग के उपप्रभागीय वनाधिकारी को इस बटिया को ठीक कराने के लिए निर्देशित कर दिया है। ग्रामवासियों के द्वारा अवगत कराया गया कि अत्यधिक बरसात के समय ही उनके द्वारा इस मार्ग का प्रयोग किया जाता है। कम प्रयोग होने के कारण इस रास्ते में काफ़ी अधिक झाड़ियां उगी हुई है। इस दौरान टीम में तहसीलदार मनीषा मारकाना, एसडीओ अंकित बडोला, बीडीओ गिरीश चंद्र पाण्डे, सिंचाई विभाग की ओर से एई मयंक मित्तल, एबीडीओ कुंवर सिंह सामंत, आशुतोष बाफिला सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), इंद्र लाल, वन क्षेत्राधिकारी, जल निगम की ओर से अवर अभियंता आदि मौजूद रहे।


वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा पास करने का एक और मौका

● **हाईस्कूल, इंटर सुधार परीक्षा में बैठेंगे 19 हजार परीक्षार्थी**

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षाफल सुधार परीक्षा की घोषणा किए जाने से हजारों छात्रों को फिर से पास होने का अंतिम मौका दिया गया है।

सुधार परीक्षा को देकर प्रदेश के 19,000 से अधिक परीक्षार्थी पास होकर अपना भविष्य सुधार सकते हैं। जिन छात्रों की बोर्ड परीक्षा में एक या दो विषयों में कमी रह गई थी, उनके लिए यह परीक्षा अपने आप अहम होगी। सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि हाईस्कूल के छात्रों को दो विषयों और इंटरमीडिएट के छात्रों को एक विषय में अनुत्तीर्ण होने पर यह अवसर दिया जा रहा है। परीक्षा चार अगस्त से 11 अगस्त तक होगी। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। सुधार परीक्षा के लिए राज्य में 97 परीक्षा केंद्र बने है। हाईस्कूल 8400 तथा इंटरमीडिएट में 10,706 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। कुल 19,106 परीक्षार्थी इन परीक्षा में शामिल होंगे। सचिव सिमल्टी ने कहा कि सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को परीक्षा की तैयारियों को लेकर निर्देश दे दिए गए हैं। परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# मदर्स ग्लोरी को मिला सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर स्कूल का सम्मान

● **थाईलैंड में 120 से अधिक देशों के स्कूल हुए सम्मेलन में शामिल**

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल को विश्वविद्यालय शिखर सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित सम्मेलन में विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना पांथरी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। उन्हें यह सम्मान लद्दाख के प्रख्यात शिक्षाविद सोनम वांगचुक द्वारा प्रदत्त किया गया।

इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मीना पांथरी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस प्रतिष्ठित शिखर सम्मेलन में 120 से अधिक देशों के स्कूलों ने प्रतिभाग किया।

बैंकॉक से लौटने के बाद प्रधानाचार्य मीना पांथरी ने कहा कि यह सम्मान विद्यालय के साथ-साथ समस्त विद्यालय, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को समर्पित है। उन्होंने बताया कि हमारे स्कूल को समग्र विकास, नवाचारपूर्ण शिक्षण प्रणाली और होलिस्टिक लर्निंग एनवायरनमेंट के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ है।


बैंकॉक में सम्मान प्राप्त करतीं प्रधानाचार्य मीना पांथरी ● अमृत विचार

# सेंट लॉरेंस स्कूल में शिक्षकों व बच्चों ने किया पौधरोपण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को पौधरोपण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ ने भाग लिया।

प्राचार्य अनीता जोशी ने पेड़ों का महत्व बताते हुए छात्रों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने सभी छात्रों से अपने घर में एक-एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों ने रोपे गए पौधे के संरक्षण की शपथ ली।



सेंट लॉरेंस में विद्यार्थियों के साथ पौधरापेण करते चेयरमैन व प्राचार्य।

# जंगलों में तीन भट्ठियां तोड़ी और 8 हजार किग्रा लहन नष्ट किया

● **आबकारी विभाग ने थारी, कांदला कैरिलपुरी में की छापेमारी**

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पंचायत चुनावों को देखते हुए आबकारी विभाग ने अवैध रूप से जंगलों में कच्ची शराब बनाने वालो के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी की। टीम ने भारी मात्रा में लहन नष्ट किया और कच्ची शराब भी बरामद की।

जिला आबकारी अधिकारी मीनाक्षी टम्टा के नेतृत्व आबकारी टीम ने थारी,कांदला,कैरिलपुरी आदि कई स्थानों पर आबकारी टीम द्वारा दबिश दी गई। दबिश के दौरान शराब तस्कर टीम को देख पेड़ों की आड़ लेकर भागने में सफल रहे। परंतु मौके पर टीम ने तीन शराब की भट्टीया तोड़ी और मौके पर शराब बनाने वाले सभी उपकरणों को नष्ट किया साथ ही तस्करों के विरुद्ध अज्ञात में आबकारी एक्ट की धारा 60 में अभियोग दर्ज कर लगभग आठ हजार किग्रा लहन नष्ट किया। लगभग 70 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। इस कारवाई में आबकारी कार्रवाई में उमेश पाल आबकारी निरीक्षक रामनगर आबकारी टीम के कार्मिक मौजूद रहे है।


कच्ची शराब पकड़ने के दौरान लहन नष्ट करती आबकारी टीम।



पर्वतीय उत्थान मंच के अध्यक्ष स्व. बलवंत सिंह चुफाल की मूर्ति पर माल्यार्पण करते उत्थान मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



पर्वतीय उत्थान मंच में हरेला पर्व पर आयोजित चम्मच दौड़ में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

# बलवंत चुफाल के साहस से ही बन सका पर्वतीय उत्थान मंच

## हीरानगर स्थित पर्वतीय उत्थान मंच परिसर में संस्थापक स्व. बलवंत सिंह चुफाल की प्रतिमा का हुआ अनावरण, दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में आयोजित हरेला महोत्सव में चम्मच दौड़ और फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता ने दर्शकों का दिल जीत लिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजे इस पर्व में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

लोकगायक राकेश पनेरू और जगदीश कांडपाल ने जै हो मैय्या जै मैय्या भजन, पतलोट की सुनीता, मेरी हिमूली मैत नहगे, बंसती छोरी, गोल्डन को झुमका, चाहा की चुस्की और नेट में देखेंछे जैसे लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। उनकी गायकी से दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। महोत्सव के दौरान मंच के संस्थापक अध्यक्ष स्व. बलवंत सिंह चुफाल की प्रतिमा का अनावरण मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर और अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्व. चुफाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष बगड़वाल ने उन्हें याद करते हुए कहा कि उनके अदम्य साहस और कुशल नेतृत्व के कारण ही आज मंच के पास अपनी भूमि है और पर्वतीय समाज को एकजुट करने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित हुआ है। संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि स्व. चुफाल का योगदान अविस्मरणीय है। संस्थापक सदस्य भुवन जोशी ने बताया कि 1980 में प्रारंभ हुए आंदोलन की परिणति आज एक मजबूत संगठन के रूप में सामने है।

सुगम गायन प्रतियोगिता में वेदिका दत्त प्रथम, आशुतोष कुमार द्वितीय, गुंजन नेगी तृतीय और सांत्वना पुरस्कार में कार्तिक बिष्ट विजेता रहे। इस दौरान उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली तरुण नेगी, शोभा बिष्ट, संदीप भैसोड़ा, धरम सिंह बिष्ट, ललित बिष्ट, जे ललित प्रसाद, बृज मोहन सिंह बिष्ट, चंद्रशेखर परगई, कमल किशोर, गोपाल चंद्र जोशी, भुवन चंद्र तिवारी, श्याम सिंह नेगी, ललित कांडपाल आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने शानदार तरीके से किया।






पर्वतीय उत्थान मंच में हरेला पर्व पर आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

### इन्होंने जीती चम्मच दौड़ प्रतियोगिता

| वर्ग | प्रथम स्थान | द्वितीय स्थान | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| महिला ओपन | रूपा परगांई | जानकी तिवारी | सपना पांडे |
| जूनियर बालिका | जीनत | तान्या आर्य | कनक आर्य |
| सीनियर बालिका | चंद्रा परगांई | दीक्षा पनेरु | कोमल परगांई |
| जूनियर बालक | वंश रावत | रोहित परगांई | मलय जोशी |

### फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के ये रहे विजेता

| वर्ग | प्रथम स्थान | द्वितीय स्थान | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| जूनियर | आदित्री भंडारी | आद्या सिंह | परिधि जैन |
| सीनियर | यर्थात पंत | चंद्रा परगांई | वंशिका रावत |



हरेले मेले में निर्णायक मंडल को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# ऑनलाइन व एआई की संभावनाओं पर मंथन




यूओयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते वक्ता व मौजूद कुलपति व अन्य।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने सोमवार को छह दिवसीय ऑनलाइन और ऑफलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की, जिसका मुख्य उद्देश्य दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन शिक्षण के क्षेत्र में दक्षता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम का विषय 'ऑनलाइन लर्निंग, मूक्स और एआई इन ओडीएल' रखा गया है, जिसमें शिक्षकों को प्रभावी पाठ्यक्रम डिजाइन, डिजिटल उपकरणों और एआई तकनीकी का उपयोग करने के बारे में बताया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. जितेंद्र पांडे, निदेशक, कंप्यूटर विज्ञान विभाग की ओर से ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के महत्व पर चर्चा के साथ हुई। मुख्य अतिथि प्रो. संतोष पांडा, पूर्व निदेशक, स्ट्राइड, इग्नू ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की और ओडीएल (ओपन और डिस्टेंस लर्निंग) के संदर्भ में ऑनलाइन शिक्षण, मूक्स और एआई के भविष्य के संभावनाओं और चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क, ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज, स्किल एजुकेशन और स्वयं प्लेटफार्म में पाठ्यक्रम को विकसित करने के लिए प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय ने पहले ही ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों तक प्रभावी तरीके से पहुंचने के लिए दूरस्थ शिक्षा को एआई और मूक्स प्लेटफार्मों के माध्यम से और भी बेहतर बनाना है। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. खेमराज भट्ट, डॉ. राकेश रायल, डॉ. बालम सिंह दफौटी आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. आशुतोष कुमार भट्ट ने किया, जबकि धन्यवाद प्रस्ताव प्रो. पीडी ने प्रस्तुत किया। प्रो. संतोष पांडा ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क, ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज, और स्वयं प्लेटफार्म पर पाठ्यक्रम विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों सबकी पसंद बनी तैराकी



गौलापार स्टेडियम में तैराकी करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- **231 प्रशिक्षणार्थी इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में ले रहे हैं प्रशिक्षण, खिलाड़ी भी तैराकी का का रहे हैं अभ्यास**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बाद जिले में खेलों के प्रति रुचि और जागरूकता तेजी से बढ़ी है। इसका सीधा असर तैराकी पर देखने को मिल रहा है। गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इन दिनों स्विमिंग सीखने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। फिलहाल करीब 231 लोग नियमित रूप से तैराकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें बच्चे, युवा, महिलाएं और यहां तक कि वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं।

प्रशिक्षकों का कहना है कि अब तैराकी को सिर्फ एक मनोरंजक गतिविधि नहीं, बल्कि एक गंभीर खेल के रूप में लिया जा रहा है। प्रशिक्षक पूनम सिरोला बताती हैं कि प्रशिक्षण लेने वालों में प्रतिस्पर्धी भावना के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी देखने को मिल रही है। स्विमिंग न केवल फिटनेस को बेहतर बनाती है, बल्कि यह आत्मरक्षा और आत्मविश्वास को भी मजबूत करती है। खेल विभाग भी इस बढ़ती रुचि को सकारात्मक संकेत मान रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में जिले से और भी प्रतिभाशाली तैराक राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने कहा राष्ट्रीय खेलों के बाद जिले में खेलों को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ी है। खासकर तैराकी को लेकर जो उत्साह देखा जा रहा है। गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षकों की ओर से नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है और सुविधाएं भी लगातार बेहतर की जा रही हैं। प्रयास है कि अधिक से अधिक बच्चे और युवा खेलों से जुड़ें और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।

# छात्रावास से 11वीं का छात्र लापता

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा ब्लॉक के नाटाडोल का रहने वाला छात्र विपिन बड़ौला (16 वर्ष) रामपुर रोड स्थित संस्कृत महाविद्यालय में 11वीं का छात्र है। 11 जुलाई को अपने घर से छात्रावास पहुंचा, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। सोमवार को परिजनों ने इस मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। परिजनों का आरोप है कि छात्र 11 जुलाई से लापता है, लेकिन इसकी सूचना उन्हें सोमवार को दी गई। छात्रावास प्रभारी राकेश पंत ने बताया कि छात्र पहले भी एक बार छात्रावास से गायब हो चुका है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि जल्द ही छात्र को बरामद कर लिया जाएगा।

# वन कर्मियों पर लगाया धमकाने का आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के प्रतिनिमंडल ने तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ को ज्ञापन सौंपकर वन अधिकारी और कर्मचारियों को ग्रामीणों को डराने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने कहा कि, बागजाला गांव में एक ग्रामीण के घर पर बनी नाली पर बच्चों और मवेशियों का पांव फसने का खतरा बना हुआ था जिससे उन्होंने नाली के उपर सीमेंट से स्लैब बनाई ताकि किसी को परेशानी नहीं हो। इसी पर बीती 7 जुलाई को वन विभाग के कर्मचारियों ने उनसे नाली के ऊपर बने रास्ते को स्वयं तोड़ देने को कहा। इससे ग्रामीणों में डर के माहौल के साथ काफी रोष व्याप्त है। वन विभाग के कर्मचारी 10 जुलाई को फिर से आकर धमकी दे गए हैं जिस कारण गांव के लोग आशंकित और खौफजदा हैं।

डीएफओ को दिए ज्ञापन में किसान महासभा बागजाला ने कहा कि बागजाला गांव की समस्याओं को हल करने की मांग की थी तब क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का आश्वासन दिया था, वह तो पूरा नहीं हुआ लेकिन वन अधिकारी कर्मचारी जिस तरह जनता को धमकाने का आचरण कर रहे हैं वह समझ से परे है। उन्होंने इस मनमानी पर रोक लगाने की मांग की। इस दौरान उपाध्यक्ष विमला देवी, सचिव वेद प्रकाश, कोषाध्यक्ष मीना भट्ट, प्रचार सचिव पंकज चौहान, भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, चन्दन सिंह मटियाली, प्रेम सिंह नयाल, शमीम बानो आदि थे।



डीएफओ हिमांशु बागरी को ज्ञापन देते बागजाला के लोग। ● अमृत विचार

# उक्रांद का नुमाइश के विरोध में धरना

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** पार्षद रवि वाल्मीकि के नेतृत्व में स्थानीय जनता ने सोमवार को एमबी इंटर कॉलेज में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अचानक गेट के अंदर से कुछ लोग निकल कर आए और अभ्रद भाषा का सभी लोगों से प्रयोग करने लग गए। पार्षद ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण ढंग से धरना चल रहा था। लेकिन बाहर के लोग आकर खुलेआम गुंडागर्दी दिखा रहे हैं, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़ेगी तो लड़ी जाएगी। यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री सुशील लुनियाल ने कहा कि 42 शहादत होने के बाद भी उत्तराखंड के लोगों के पास काम नहीं है।

# ऑपरेशन कालनेमि : पांच पहुंचे सलाखों के पीछे

- **जिले में तीसरे दिन भी ढोंगी बाबाओं के खिलाफ चला अभियान, पुलिस ने 8 बाबाओं के खिलाफ की चालानी कार्रवाई**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ऑपरेशन कालनेमि के तहत जनपद में तीसरे दिन भी ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। फर्जी बाबा मिलने पर पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया और 56 बाबाओं को चिह्नित किया।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर जिले में चल रहे अभियान के तहत राजपत्रित अधिकारियों, थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाया। विभिन्न मंदिरों, आश्रमों, सार्वजनिक स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाते हुए संदिग्धों का सत्यापन किया और उनके दस्तावेज जांचे। 56 लोगों के सत्यापन किए करने पर पुलिस ने 8 बाबाओं पर पुलिस अधिनियम में कार्रवाई की। जबकि 5 बाबाओं को धारा 172 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया है। इन बाबाओं में विमल दास पुत्र बाबू राम निवासी कुंवरपुर तुलसी पट्टी बरेली उप्र हाल निवासी माता बालसुन्दरी मन्दिर रामनगर, सतपाल बाब पुत्र दीवान चन्द्र निवासी वैशाली कलोनी काशीपुर हाल निवासी माता बालसुन्दरी मन्दिर रामनगर, कृष्णा यादव पुत्र नीरस यादव निवासी ग्राम भगहैया जनकपुर जलेसर उत्तर प्रदेश, रघुवीर सिंह पुत्र फट्टू सिंह निवासी विक्रमपुर बाजपुर उधम सिंह नगर और जसवीर सिंह पुत्र गोपी सिंह निवासी सुभाष नगर बरेलीउत्तरप्रदेश हैं।



ऑपरेशन कालनेमि के तहत बाबाओं की जांच करती हल्द्वानी पुलिस। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



वन चौकी के पास पौधे रोपते पूर्व रेंजर मदन बिष्ट व बुजुर्ग। ● अमृत विचार

### बुजुर्गों ने पौधे रोप दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**हल्द्वानी :** श्री आनंद आश्रम और बाबा नीब करौरी वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने हरेला पर्व से पूर्व पौधरोपण कर प्रकृति का संरक्षण संदेश दिया। सोमवार को वन चौकी के समीप जंगल में बुजुर्गों ने जामुन, अमरूद, हरड़, आंवला, शहतूत, बेलपत्र, करौंदा के पौधे रोपे और सभी से अधिकाधिक से पौधरोपण की अपील की। संस्था प्रत्येक वर्ष पौधरोपण करती है। अध्यक्ष कनक चंद ने बताया कि बुजुर्गों ने पौधरोपण किया तो उनमें खुशी का संचार हुआ। पौधरोपण से वृद्धाश्रम के बुजुर्गों में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। इस अवसर पर कासनी मैन सेवानिवृत्त रेंजर मदन सिंह बिष्ट, योगेश आर्या, इंद्र भुटियानी, बालकिशन अरोरा, कुबेर भुटियानी मौजूद रहे।



फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश करने के बाद हल्द्वानी हॉस्टल की टीम।

### हल्द्वानी हॉस्टल की टीम ने बनाई फाइनल में जगह

**हल्द्वानी :** देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट में हल्द्वानी हॉस्टल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। हॉस्टल की यह टीम महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के छात्र इसमें शामिल है, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार तालमेल और रणनीति के साथ विरोधी टीम को हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और कोचिंग स्टाफ की रणनीति की सराहना की है। अब टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 जुलाई को स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में खेला जाएगा, जहां हल्द्वानी हॉस्टल की टीम राज्य खिताब के लिए मैदान में उतरेगी। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए कई अभिभावक और खेलप्रेमी देहरादून पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं।

**मिशन एडमिशन** — प्रवेश समिति की बैठक में विषयों के बारे में दी जानकारी, जरूरी प्रमाण पत्रों की सूची कराई उपलब्ध

# एमबीपीजी में जारी हुई मेरिट कट ऑफ सूची, आज से काउंसलिंग शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार को मेरिट कट ऑफ सूची जारी हो गई है। आज (मंगलवार) से कॉलेज में काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जबकि कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया 17 जुलाई से शुरू होगी। आज सुबह 10:30 बजे से काउंसलिंग शुरू होगी। समर्थ पोर्टल पर दस्तावेज सत्यापन का विकल्प अभी नहीं खुला होने से फीस जमा नहीं हो पाएगी। जिस कारण प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।

प्राचार्य एनएस बनकोटी की अध्यक्षता में सोमवार को कॉलेज की प्रवेश समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रवेश प्रभारी डॉ. नवल लोहनी ने पीपीटी के माध्यम से कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से जारी प्रवेश नियमावली से समस्त कार्मिकों को अवगत कराया। इस दौरान स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशार्थी की ओर से लिए जाने वाले डीएससी, जीई, वीएसी, एसईसी और एईसी आदि विषयों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में कला संकाय, विज्ञान संकाय और वाणिज्य संकाय के समस्त प्रभारी और विभिन्न संकाय के प्रवेश समिति संयोजकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्हें प्रवेश के लिए जरूरी प्रमाण पत्रों की सूची उपलब्ध कराई गई। इधर, कॉलेज प्रशासन ने बताया कि कुमाऊं विवि की ओर से जारी प्रवेश नियमावली के आधार पर कॉलेज में प्रवेश लेने के बाद अभ्यर्थी के शैक्षणिक प्रपत्र, टीसी, सीसी, माइग्रेशन आदि प्रपत्रों को प्रवेश से वंचित रहने या आगे अपनी पढ़ाई जारी नहीं रखने वाले विद्यार्थी तीन माह बाद वापस ले सकेंगे। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. बीआर पंत, प्रो. सीएस जोशी, डॉ. पंकज कुमार, प्रो.कमला पंत, प्रो. अंजू बिष्ट, डॉ. रोहित कांडपाल, डॉ. शेखर कुमार, ममता अधिकारी, श्याम मेवाड़ी आदि मौजूद रहे।



### पहली मेरिट की कट ऑफ सूची (प्रतिशत में)

| बीएससी बॉयोलॉजी | | बीएससी गणित | | बीकॉम | | बीए | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ईडब्ल्यूएस | 59.6 | ईडब्ल्यूएस | 53.6 | ईडब्ल्यूएस | 49.6 | ईडब्ल्यूएस | 52.2 |
| सामान्य | 64.8 | सामान्य | 67 | सामान्य | 62.67 | सामान्य | 67 |
| एससी | 51.8 | एससी | 50.8 | एससी | 43 | एससी | 53 |
| एसटी | 56.8 | एसटी | 53.2 | एसटी | 46 | एसटी | 43.3 |
| ओबीसी | 44 | ओबीसी | 56.6 | ओबीसी | 46 | ओबीसी | 54 |

### इन विषयों को चुन सकते हैं विद्यार्थी

- **डिस्प्लिन स्पेसिफिक कोर (डीएससी) :** प्रत्येक प्रवेशार्थी को प्रवेश के समय केलव एक संकाय से तीन विषयों (डीएससी) का चयन विवि की ओर से निर्धारित ग्रुपों के अनुसार करना होगा।
- **जनरल इलेक्टिव (जीई) :** प्रवेशार्थियों की ओर से जनरल इलेक्टिव विषय चौथे विषय के रूप में लिया जाएगा।
- **एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (एईसी) :** यह कोर्स विषय समस्त प्रवेशार्थियों के लिए पांचवे विषय के रूप में लिया जाएगा। यह भाषा और साहित्य से संबंधित है।
- **स्किल एन्हांसमेंट कोर्स (एसईसी) :** यह कोर्स समस्त प्रवेशार्थियों की ओर से छठवें विषय के रूप में जाएगा। यह कौशल आधारित पाठ्यक्रम है।
- **वैल्यू एडेड कोर्स (वीएसी) :** यह कोर्स समस्त प्रवेशार्थियों की ओर से सातवें विषय के रूप में लिया जाएगा। यह मूल्य आधारित पाठ्यक्रम है।

## एक नजर

### विद्यालय-आंगनबाड़ी केंद्रों में 101927 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**रुद्रपुर :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जनपद में संचालित 18 आरबीएसके टीमों ने अप्रैल से जून तक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों में 101927 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें 82 बच्चों को सर्जरी के लिए रेफर किया गया और 24 बच्चों की सफलतापूर्वक सर्जरी कराई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में न्यूरल ट्यूब दोष के दो जन्मजात बच्चों का उपचार चल रहा है। यह दोष गर्भावस्था के शुरुआती चरणों में होता है। इसके अलावा क्लबफुट के 4, कूल्हे के विकासात्मक डिसप्लेसिया के 2, जन्मजात हृदय दोष के 7, हाइड्रोसेफलस के एक बच्चे का उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि सुनने में कठिनाई वाले 6 बच्चों को कान की मशीन उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा 58 बच्चों का उपचार चल रहा है।

### अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 74 हजार की धनराशि जब्त

**बनबसा :** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा शारदा बैराज चौकी पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने 2 व्यक्तियों से 74 हजार रुपये की धनराशि जब्त की है। पंचायत चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने सीमा से अधिक 74 हजार रुपये के साथ गुलाम मुस्तफा निवासी इज्जत नगर बरेली के कब्जे से 40,000 रुपये की धनराशि तथा राम सिंह निवासी बहेड़ी बरेली के कब्जे से 34,000 रुपये की धनराशि जब्त कर कस्टम विभाग के सुपुर्द की गई है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा के नेतृत्व में चलाए इस अभियान में चौकी शारदा बैराज अरविन्द कुमार, हेड कांस्टेबल एजाज अहमद और दिनेश प्रसाद शामिल रहे।


शिवशक्ति मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


खटीमा में सावन के पहले सोमवार को कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# सावन के प्रथम सोमवार को मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला हो गया था शुरू, भक्तों ने भगवान आशुतोष की आराधना कर की सुख और समृद्धि की कामना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** श्रावस मास के पहले सोमवार को शहर के शिव मंदिरों में बाबा भक्तों की भीड़ देखने को मिली। इस दौरान भक्तों ने जलाभिषेक कर शिव की आराधना की और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा।

सोमवार को शहर के मुख्य पांच मंदिर, दुर्गा मंदिर, तुलसी धाम मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर के अलावा वार्ड में बने मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ नजर आई। जलाभिषेक के बाद शिव भक्तों ने पूजा-अर्चना की और बाबा के जयकारे लगाए। शिव भक्तों ने मंदिर में बेलपत्र, दूध एवं जल सहित पूजन सामग्री से शिवलिंग का अभिषेक किया। दिनभर मंदिरों में बोले बाबा के भजन-कीर्तन चलते रहे। यह सिलसिला देर सायं तक चलता रहा।


बाजपुर के प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

### भगवान शिव की आराधना की

**बाजपुर :** सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने श्रद्धाभाव से शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव की अराधना की। इस दौरान ऊँ नम :शिवाय की ध्वनि से शिवालय गूंज उठे। नगरीय क्षेत्र में स्थापित प्राचीन शिव मंदिर, ब्रह्मादेव-शनिदेव मंदिर, रामराज रोड स्थित तीन मंदिर, चीनी मिल स्थित शिव मंदिर, आलापुर स्थित गौरी-शंकर मंदिर, मंडी समिति स्थित मां दुर्गा-हनुमान-साईं मंदिर के अलावा प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर, वनखंडी शिव मंदिर, टाट वाले बाबा मंदिर, धनसारा रोड स्थति शिव-गौरी मंदिर आदि शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जिन्होंने पूरी श्रद्धाभाव के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की अराधना की। इस दौरान ऊँ नम :शिवाय..., जयकारा वीर बजरंगी, हर-हर महादेव... आदि जयकारे लगाए गए। कई श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से रुद्राभिषेक भी करवाया। वहीं, श्रावण मास के प्रथम सोमवार को कांवड़ लेकर पहुंचे कावड़ियों ने विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया।

### महिलाओं ने निकली भव्य कलश यात्रा

**खटीमा :** श्रावण मास के पहले सोमवार को बरी अंजनिया के टेढ़ाघाट स्थित महादेव मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकली गई। कलश शोभा यात्रा में क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु महिलाओं, पुरुषों, बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक परिधान में माथे पर कलश लेकर झनकईया शारदा नहर पर पहुंचीं और कलश में जल भरने के पश्चात महादेव शिव मंदिर पर आकर महादेव का विधिवत जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे भी लगाए। यात्रा में मीनू देवी, कविता देवी, सरस्वती देवी, प्रभा देवी, विमला देवी, प्रीति देवी, देव श्री, संजय सिंह राणा, जगदीश सिंह राणा, अजय मौर्या, डॉक्टर उत्तम कुमार, भुवन प्रकाश, रोशन लाल, रामसनेही, राम अवतार, पवन राणा, राम दुलारे, अनिल कुमार, विकास राणा शामिल रहे।

### मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**काशीपुर :** श्रावण मास के पहले सोमवार को मंदिरों में भक्तों के द्वारा पूजा-अर्चना की गई। शिवालयों में पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को सावन मास के पहले सोमवार को मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। इस दौरान भीम शंकर मोटेश्वर महादेव मंदिर, बांसियोवाला मंदिर, नागनाथ मंदिर, द्रोणासागर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर, गंगे बाबा मंदिर, चामुंडा मंदिर समेत नगर के विभिन्न शिवालयों पर भक्तों की भारी भीड़ पूजा करने के लिए उमड़ पड़ी। शिवालयों में शिवभक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। इस दौरान मोटेश्वर महादेव मंदिर पर पार्षद अनिल कुमार व पूर्व प्रधान आनंद कुमार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। वहीं, मेयर दीपक बाली ने भी भंडारे में सेवा की।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

### सूचना

मेरी पुत्री के हस्तलिखित जन्म प्रमाण पत्र जिसकी पंजीकरण संख्या 2383, पंजीकरण दिनांक 02-06-2015 है। जिसमें मेरी पुत्री की जन्मतिथि भूलवश 12-06-2008 दर्ज हो गई है। जबकि मेरी पुत्री की सही व वास्तविक जन्मतिथि 12-06-2010 है। अतः अब हमने अपनी पुत्री का डिजिटल जन्मप्रमाण पत्र बनाया है। जिसमें उसकी सही व वास्तविक जन्मतिथि 12-06-2010 दर्ज है। **नन्हे लाल पुत्र श्री ओम प्रकाश, निवासी वार्ड नं.-2, शिवनगर, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।**

# रुद्रपुर में अमरनाथ से लौटे भक्तों का हुआ स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बाबा बफार्नी श्री अमरनाथ व माता वैष्णोदेवी की पवित्र यात्रा पूर्ण कर श्रद्धालुओं का जत्था सोमवार को रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा। इस दौरान विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाबा बफार्नी की यात्रा से वापस आए भक्तों का फूलमालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया।

इस दौरान विधायक अरोरा ने बताया कि 6 जुलाई को अमरनाथ के लिए जत्था पांच मंदिर से रवाना हुआ था। उन्होंने बताया कि अमरनाथ व वैष्णों देवी की यात्रा के लिए हर साल जत्था रुद्रपुर से जाता है। इस बार भी 98 लोग यात्रा के लिए गए थे। जिनका सोमवार को स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मेयर विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, मुकेश पाल, पंकज बांगा, राजकुमार खनिजो, मनोज मित्तल, वेद ठुकराल, सुरेश कोली, उपेंद्र चौधरी, किरन विर्क, उमेश पासरीचा, मोहित कक्कड़, मयंक कक्कड़, राजेश जग्गा, पवन राणा, मनोज छाबड़ा, बाबू चड्डा, अशोक गुम्बर, हर्बन्स गुंबर, मानवेंद्र राय, संतोष गुप्ता, जीतेंद्र संधू, संदीप राव व अन्य लोग मौजूद रहे।


अमरनाथ यात्रियों का स्वागत करते विधायक शिव अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार


स्वागत के दौरान मौजूद भाजपा नेता भारत भूषण चुघ व अन्य। ● अमृत विचार

### रेलवे स्टेशन पर हुआ भक्तों का स्वागत

**रुद्रपुर :** श्री अमरनाथ से लौटे श्रद्धालुओं के जत्थे का रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। चुघ ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व श्री अमरनाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्ढा और महामंत्री मनीष चुघ कोषाध्यक्ष लवी नरूला के नेतृत्व में अमरनाथ यात्रा के लिए रुद्रपुर से एक जत्था रवाना हुआ था। इसमें मेयर विकास शर्मा, सुनील ठुकराल, राजीव मिड्ढा समेत कई श्रद्धालु शामिल थे। इस अवसर पर अश्वनी बजाज, राजकुमार आदि शामिल थे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# चुनाव: भाजपा-कांग्रेस में होगा संघर्ष

- मुख्यमंत्री धामी और विधायक कापड़ी की प्रतिष्ठा दांव पर
- चुनाव चिह्न आवंटन के साथ ही मतदाताओं तक पहुंचने लगे प्रत्याशी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सोमवार को चुनाव चिह्न आवंटन के साथ ही अब प्रत्याशी मतदाताओं के समक्ष अपनी अपनी बात और आश्वासन रखने पहुंचेंगे। वहीं जिला पंचायत सदस्य की सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने सामने हैं। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी और गोपाल सिंह राणा की प्रतिष्ठा दांव पर हैं। चुनाव आयोग द्वारा दो बजे तक चुनाव चिह्न आवंटन पर लगी रोक के बाद दो बजे से ग्राम प्रधान, छेत्र पंचायत सदस्य और ग्रामसभा सदस्य पदों के प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। ग्राम प्रधान पद की 59 सीटों में 57 सीटों पर 238 प्रत्याशी मैदान में हैं। नदन्ना ग्राम सभा से माया जोशी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। वहीं बंडिया से शोभनाथ मौर्य भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य की 40 सीटों पर 153 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं ग्रामसभा सदस्य के 633 वार्ड सदस्यों में 369 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं और 95 सीटों पर 198 प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि 169 सीटों पर किसी ने नामांकन नहीं कराया है। जिला पंचायत सदस्य सीट प्रतापपुर में मुकाबला रोचक होने वाला है।

मझोला-प्रथम सीट में भी कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने है। बिगराबाग सीट पर तीन प्रत्याशी मैदान में हैं, लेकिन हार जीत की प्रतिष्ठा कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी की दांव पर है। नगला तराई जिला पंचायत सीट पर कांग्रेस, भाजपा सहित तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। पहेनियां और गांगी सीट पर भी जीत के लिए पार्टी प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। अब प्रत्याशी मतदाताओं के बीच पहुंचने लगे हैं। हालांकि मतदाता अभी अपने पत्ते खोलने के लिए तैयार नहीं है।

# 7870 कार्मिकों की हुई नियुक्ति

- 17 से 22 जुलाई तक गांधी हॉल पंतनगर में होगा प्रशिक्षण
- जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में हुआ रेंडमाइजेशन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नितिन सिंह भदौरिया की उपस्थिति में पंचायत निर्वाचन कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इसमें 7870 कार्मिकों का पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ की नियुक्ति के लिए रेंडमाइजेशन किया गया।

सोमवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कर मतदान पार्टियां गठित की गई है। जिसमें 7870 कार्मिकों का पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ की नियुक्ति के लिए रेंडमाइजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी त्रिस्तरीय पंचायतों में निर्वाचन कार्यों को संपन्न कराने के लिए कुल 1574 मतदान पार्टियों का गठन किया गया है। जिसमें 10 प्रतिशत मतदान पार्टियां अतिरिक्त सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि सभी मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 17 से 22 जुलाई तक गांधी हॉल पंतनगर में होगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, मुख्य शिक्षा अधिकारी व नोडल कार्मिक केएस रावत, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमंत मौर्य व जगन आदि मौजूद थे।


द्वितीय रेंडमाइजेशन में मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

## बूम और उचौलीगोठ क्षेत्र में संचार व्यवस्था दुरुस्त कराएं

**टनकपुर:** पूर्णागिरि मार्ग से लगे उचौलीगोठ और बूम क्षेत्र में दूरसंचार सेवा की बदहाली दूर करने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने सीएम कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह महर, बच्ची नाथ सिंह महर, सुरेश सिंह महर, केशव सिंह, केदार सिंह, नरेंद्र सिंह आदि की ओर से दिए ज्ञापन में कहा गया है कि जिओ का टावर होने के बाद भी संचार सेवा आए दिन अस्त-व्यस्त रहती है। संचार सुविधा दुरुस्त न होने से पांच हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। कहा कि कस्टमर केयर में फोन करने पर यूजर्स की संख्या ज्यादा होने के कारण मोबाइल ट्रैफिक जाम होने की बात कही जाती है। कहा है कि संचार सेवा न होने का नुकसान गैंडाखाली व चिलियाघोल के लोगों को भी उठाना पड़ रहा है। नेटवर्क न होने से बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो रही है। ज्ञापन में कहा है कि बरसात का सीजन चल रहा है, जिससे क्षेत्र में आपदा की संभावना बनी रहती है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया भी चल रही हैं। संचार सेवा जल्द दुरुस्त नहीं हुई तो लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**चुनावी प्रक्रिया** ओमेक्स रिवेरा के चुनाव में 820 मतदाताओं में से 558 ने किया था अपने मतों का प्रयोग

# अभिषेक अध्यक्ष और राकेश सचिव निर्वाचित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ओमेक्स रिवेरा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (ओआरआरडब्ल्यूए) की रविवार देर रात्रि तक चली मतगणना के बाद अभिषेक अग्रवाल अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए, जबकि राकेश चौहान सचिव बने। इस दौरान चुनाव अधिकारी ने कार्यकारिणी विस्तार की भी घोषणा की।

मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बरीत सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह नौ बजे से तीन बजे तक मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। जिसमें 820 मतदाताओं में से 558 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। शाम पांच बजे तक मतगणना प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी, जोकि देर रात्रि तक चली। बताया कि अध्यक्ष पद पर अभिषेक अग्रवाल ने जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी राजकुमार को 132 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर मनमोहन सिंह कामरा ने जीत दर्ज की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी अभिनव छाबड़ा को 71 मतों से पराजित किया। सचिव पद पर राकेश चौहान ने जीत दर्ज की है।

उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी योगेश लांबा को 81 मतों से शिकस्त दी। कोषाध्यक्ष पर सुनील झाबर ने जीत दर्ज की। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी ललित गोयल को 72 मतों से हराया। बताया कि कार्यकारिणी सदस्य के लिए अशोक शर्मा, ध्रुव सिंघल, राधा अरोरा, रमन डंग, रमेश चंद्र जोशी और रितेश मनोचा को चुना गया है। देर रात परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों ने विजेताओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।


अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल।


उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह कामरा।


सचिव राकेश चौहान।


कोषाध्यक्ष सुनील झाबर।

## एक नजर

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया

**बाजपुर :** क्रय की गई भूमि पर निर्माण कार्य नहीं करने देने एवं गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर एक व्यक्ति ने पिता-पुत्र के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड-तीन गांधीनगर निवासी शुभम खत्री पुत्र स्व. विनोद कुमार खत्री ने पुलिस को बताया कि उसका प्लाट मेहता फार्म चकरपुर में है। जिसे पंजाब निवासी एक व्यक्ति से क्रय किया था और राजस्व अभिलेखों में एक अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज है। सोमवार को वह प्लाट में निर्माण कार्य करवा रहा था। आरोप है कि इसी बीच सुबह करीब 10 :15 बजे वहां पहुंचे पिता-पुत्र निर्माण कार्य करने से रोकने लगे और अमादा फौजदारी पर उतारू हो गए। इतना ही नहीं गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगे। पीड़ित के अनुसार इन लोगों का प्लाट पर कोई भी कानूनी अधिकार नहीं है, बावजूद इसके यह लोग जबरन अवैध कब्जा करना चाहते हैं।

### नमूना दियोहरी में तेंदुओं को आतंक, गाय पर हमला

बाजपुर : ग्राम नमूना दियोहरी में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सोमवार तड़के करीब तीन बजे दो तेंदुए दियोहेरी के एक पोल्ट्री फार्म के पास देखे गए। पोल्ट्री फार्म संचालक ग्राम चनकपुर निवासी अशरफ अली ने बताया कि फार्म में तैनात चौकीदार रघुवीर सिंह ने तेंदुओं की मौजूदगी की जानकारी दी। बताया गया कि रात के समय तेंदुआ पोल्ट्री फार्म में घुस आए और अंदर मौजूद एक गाय पर हमला कर दिया, जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई है। शोर मचाकर दोनों तेंदुओं को भगाया गया। वहीं, इस घटना के बाद गांव में भय का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का देर-सबेर घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वन विभाग को सूचना दे दी गई है। वहीं, घायल गाय का उपार करवाया जा रहा है।

### दहेज के लिए मारपीट का आरोप लगाया, तहरीर दी

**बाजपुर :** ससुरालियों पर दहेज की खातिर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। टांडा बंजारा सुल्तानपुर पट्टी निवासी पिंकी पुत्री प्रेम शंकर ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब 3 वर्ष पहले वृंदावन मथुरा उप्र में हिंदू रीतिरिवाज के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद 3-4 माह बाद ही पति आएदिन शराब पीकर गाली-गलौज व मारपीट करने लगा और दहेज की मांग करने लगा। आरोप है कि दो जुलाई 2025 को पति, ससुर, सास, ननद ने एकराय होकर लाठी-डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं अगले दिन उसका पति पीड़िता को मायके में छोड़कर चला गया।

## रामनगर रोड के आरओबी निर्माण का मामला, विभाग ने 2026 तक कार्य पूर्ण करने का किया दावा

# आरओबी निर्माण कार्य में देरी, पूर्व विधायक नाराज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** रामनगर रोड पर चल रहे आरओबी के निर्माण कार्य के विलंब को लेकर पूर्व विधायक नाखुश नजर आए। उन्होंने एनएचएआई के ईई, एसडीएम व ठेकेदार के साथ बैठक कर काम में देरी पर नाराजगी जताई। इस दौरान विभाग की ओर से निर्माण कार्य को दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का दावा किया गया। तय समय पर कार्य पूर्ण नहीं होने पर पूर्व विधायक ने एसडीएम से कार्रवाई करने की बात कही है।

सोमवार को रामनगर रोड स्थित विधायक कार्यालय में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने एनएचएआई के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह और ठेकेदार राजेश कुमार के साथ बैठक की। इस दौरान पूर्व विधायक चीमा ने कहा कि शहर के दोनों आरओबी का निर्माण दो साल में पूर्ण करने का समय दिया गया था। बाजपुर रोड का आरओबी सात साल में बनकर तैयार हुआ, जबकि रामनगर रोड का आरओबी अभी भी निर्माणाधीन है। विभाग ने इसके लिए बताया कि कांट्रेक्टर काम छोड़कर चला गया था और जमीन अधिग्रहण का मामला हाई कोर्ट में चला गया था। इस कारण समय लग गया। पूर्व विधायक चीमा ने कहा कि जिस आरओबी का लाभ दो वर्षों में मिल जाना चाहिए था, उसका जनता को सात-आठ वर्षों में भी लाभ नहीं मिला। एनएनएआई के अधिकारी दिसंबर 2026 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात कह रहे हैं। ऐसे में एसडीएम की जिम्मेदारी बनती है कि काम की क्वालिटी और समय पर काम कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि एक हफ्ते बाद विधायक त्रिलोक सिंह चीमा एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, एसडीएम व अन्य अधिकारियों के साथ दोनों आरओबी का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान कार्य की गुणवत्ता, देरी के कारण, आरओबी के नीचे अंडरपास के लिए विस्तृत निरीक्षण करेंगे।


अधिकारियों के साथ वार्ता करते पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा। ● अमृत विचार

### तय समय में पूर्ण होगा कार्य

**काशीपुर :** अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार ने कहा कि रामनगर रोड के आरओबी निर्माण का कार्य तय समय में पूर्ण कर लिया जाएगा। एमपी चौक पर बने आरओबी को लेकर कहा कि शहर के ट्रैफिक के हिसाब से आरओबी निर्माण किया गया था। यहां 28 टायर व भारी वाहनों के गुजरने से दिक्कत हुई थी। भारी वाहनों के लिए सर्विस रोड से निकलने की सुविधा थी। यहां पर जगह कम थी, ऐसे में जमीन अधिग्रहण करनी चाहिए थी। वहीं, भारी वाहनों को शहर से गुजरने की जरूरत नहीं है। ट्रैफिक एडमिनिस्ट्रेशन को यह सुनिश्चित करना चाहिए। बाजपुर रोड के आरओबी पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।


निर्माणाधीन आरओबी का निरीक्षण करते एसडीएम और पीसीबी की टीम।

### राख से उठ रही दुर्गंध पर किया आरओबी का निरीक्षण

**काशीपुर :** रामनगर रोड पर निर्माणाधीन आरओबी पर डाली जा रही राख से उठ रही दुर्गंध का लोगों द्वारा विरोध करने पर एसडीएम ने पीसीबी की टीम के साथ आरओबी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को 24 घंटे के भीतर उक्त दुर्गंध युक्त पदार्थ को तत्काल हटाए जाने के निर्देश दिए। रामनगर रोड पर निर्माणाधीन आरओबी पर डाली जा रही राख से आ रही दुर्गंध के कारण नजदीकी घरों और दुकानों में हो रहे प्रदूषण जैसी समस्याओं की शिकायत आने पर उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए तहसीलदार पंकज चंदोला, पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी एसपी सिंह के साथ मौके का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यदायी संस्था को 24 घंटे के भीतर उक्त दुर्गंध युक्त पदार्थ को तत्काल हटाए जाने को निर्देशित किया गया। साथ ही कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर दुर्गंध युक्त पदार्थ नहीं हटाया गया तो नियमानुसार विधि करवाई की जाएगी।

# गृह मंत्री शाह के कार्यक्रम को बनाएं दिव्य और भव्य: गणेश

## अधिक से अधिक औद्योगिक संस्थानों को कार्यक्रम में किया जाए आमंत्रित, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड निवेश उत्सव कार्यक्रम 19 जुलाई को स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित होगा। इसमें गृह मंत्री अमित शाह प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को समय पर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सोमवार को कैबिनेट मंत्री जोशी ने यह निर्देश जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सुंदर बेहतर पंडाल, साउंड सिस्टम के साथ ही सुचारू विद्युत व्यवस्था रखी जाए। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जनरेटर सेट भी रखा जाए। उन्होंने कहा पंडाल में वीवीआईपी, वीआईपी, प्रेस प्रतिनिधियों के लिए अलग-अलग सुविधाजनक स्थान चिन्हित किया जाए और आने-जाने के लिए गैलरी भी अलग से बनाई जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा स्टॉल लगाने के साथ ही कार्यक्रम स्थल व पार्किंग में पेयजल व्यवस्था, मोबाइल शौचालय व्यवस्था और सफाई व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए। विभिन्न औद्योगिक संस्थानों द्वारा उत्तराखंड में एमओयू कर तीसरे चरण में एक लाख करोड़ की ग्राउंडिंग हुई है, जिसका उत्तराखंड निवेश उत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक औद्योगिक संस्थानों के उद्यमियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाए। वहीं, पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री को जानकारी दी।


अधिकारियों के साथ बैठक करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार


निरीक्षण के दौरान सचिव औद्योगिक विकास और मंडलायुक्त को जानकारी देते डीएम। ● अमृत विचार

### यह रहे मौजूद

बैठक में विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री अमित नारंग, सचिव उद्योग विनय शंकर पांडे, मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, प्रबंध निदेशक सिडकुल सौरभ गहरवार, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एडीएम पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, महाप्रबंधक सिडकुल पूरन सिंह राणा, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, मुख्य अभियंता विद्युत एनएस टोलिया, अधीक्षण अभियंता विद्युत एससी त्रिपाठी, जल संस्थान विशाल सक्सेना, लोनिवि हरीश कुमार, अपर निदेशक उद्योग शिखर सक्सेना, उप निदेशक महावीर सजवाण आदि मौजूद थे।

# अधिकारियों ने किया स्टेडियम का निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्यक्रम**

**17** जुलाई तक तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश

**19** जुलाई को निवेश उत्सव में शिरकत करेंगे गृहमंत्री

**अमृत विचार:** 19 जुलाई को मनोज सरकार स्पोर्टस स्टेडियम में उत्तराखंड निवेश उत्सव गृहमंत्री अमित शाह प्रतिभाग करेंगे। इसको लेकर सचिव औद्योगिक विकास विनय शंकर पांडे और व मंडलायुक्त दीपक रावत ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया और 17 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सोमवार को निरीक्षण के दौरान सचिव औद्योगिक विकास पांडे ने कहा कि विभिन्न औद्योगिक संस्थानों की ओर से उत्तराखंड में एमओयू कर तीसरे चरण में एक लाख करोड़ की ग्राउंडिंग हुई है। जिसका उत्तराखंड निवेश उत्सव मना रहा है।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों और हाउस ऑफ हिमालया द्वारा सुंदर, भव्य स्टाल लगाए जाएंगे। इस अवसर पर डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, प्रबंध निदेशक सिडकुल सौरभ गहरवार, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, महाप्रबंधक सिडकुल पूरन सिंह राणा, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.केके अग्रवाल, मुख्य अभियंता विद्युत एनएस टोलिया, अधीक्षण अभियंता विद्युत एससी त्रिपाठी, जल संस्थान विशाल सक्सेना, लोनिवि हरीश कुमार आदि मौजूद थे।

# विवाहिता के सुसाइड मामले में सुपरवाइजर पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

- सुसाइड नोट में मानसिक प्रताड़ना का आरोप

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में विवाहिता रेखा सुसाइड प्रकरण का खुलासा खुद मृतका के सुसाइड नोट ने कर दिया है। इसमें विवाहिता ने सुसाइड किए जाने की वजह कोई और नहीं, बल्कि सिडकुल कंपनी के एक सुपरवाइजर पर मढ़ी है। आरोप था कि मानसिक अवसाद के कारण विवाहिता ने आत्महत्या का कदम अख्तियार किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि रविवार को गांव ओड़ा बासाटे बेतालघाट नैनीताल निवासी 30 वर्षीय एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया था, जबकि उसका पति जयपुर में नौकरी करता है। वह अपने दो बच्चों के साथ किराये पर रहती थी और सिडकुल की एक कंपनी में काम करती थी। सुसाइड किए जाने के बाद जब पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया, तो पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला। इसमें विवाहिता ने लिखा था कि उसकी कंपनी में कार्यरत सुपरवाइजर कृष्ण कुमार, जोकि मुखर्जीनगर में रहता है।

आरोप है कि उसने उसका मोबाइल नंबर लिया और मैसेज भेजकर नजदीकियां बढ़ाने का दबाव बनाया। जब इनकार किया तो कभी वेतन रोकता तो कभी मानसिक प्रताड़ित करने लगा। जिससे तंग आकर विवाहिता ने आत्महत्या का रास्ता अख्तियार किया। पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर और सुसाइड नोट को आधार मानते हुए आरोपी सुपरवाइजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरों ने खंगाला मकान लाखों के जेवरात चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बगवाड़ा चौकी इलाके की सनसिटी कॉलोनी में बंद पड़े मकान पर धावा बोलकर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर पुलिस को चुनौती दे डाली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

बगवाड़ा चौकी इलाके की सनसिटी कॉलोनी में रहने वाले संतोख सिंह ने बताया कि वह 10 जुलाई को परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए थे। घर के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था। जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इस दौरान चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने की तीन अंगूठी, एक मंगलसूत्र, एक पैडल, तीन सोने की नथ, चांदी की दो पायल, दो चांदी के बिछुए, पांच ग्राम चांदी का बिस्कुट व 15 हजार की नगदी पर हाथ साफ कर लिया। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई की शाम को घर लौटने पर चोरी की घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और जब सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया तो पाया कि दो संदिग्धों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की पहचान की कोशिश तेज कर दी है।

# ट्रेन में बिगड़ी किशोरी की तबीयत, मौत

- सहेली के साथ हल्द्वानी से हरिद्वार जा रही थी किशोरी
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिजनों को दी सूचना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** हल्द्वानी से हरिद्वार जा रही एक किशोरी की ट्रेन में हालत बिगड़ने के बाद आननफानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


विनीता (फाइल फोटो)।

हल्द्वानी के न्यू कलावती छड़ायल निवासी श्याम लाल दिहाड़ी मजदूरी करते हैं, जबकि उनकी 16 साल की बेटी विनीता राजपूत कक्षा 9 की पढ़ाई करने के बाद घर पर ही रहती थी। बताया कि रविवार की रात्रि सवा 9 बजे विनीता अपने पड़ोस की सहेली व उसके रिश्तेदारों के साथ हरिद्वार जाने के लिए काठगोदाम-देहरादून की ट्रेन में बैठी और लालकुआं के पास अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जब ट्रेन रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो रेलवे कर्मियों ने किशोरी को नीचे उतार दिया और आननफानन में किशोरी को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और परिजनों को सूचना दी। प्रारंभिक पड़ताल में हृदय गति रुक जाना मौत की वजह मानी जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अलग-अलग दुर्घटना में तीन लोग घायल

**काशीपुर :** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। विजय नगर निवासी अनवर, गड्ढा कॉलोनी निवासी आहन, अल्ली खां निवासी मोहसिन सड़क हादसे में घायल हो गए। परिजनों ने सभी को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

**हिदायत** | खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 40 ढाबों, होटलों व फूड स्टॉल्स का निरीक्षण किया

# खाद्य सुरक्षा मानकों का करें सख्ती से पालन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सावन मास में कांवड़ यात्रा को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले करीब 40 ढाबों, होटलों और फूड स्टॉल्स का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के साथ साफ-सफाई देखी।

सोमवार को निरीक्षण के बाद सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ललित मोहन पांडे ने बताया कि कांवड़ियों की सेहत और सुरक्षा को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण की कार्रवाई की है। कांवड़ियों की सेहत और सुरक्षा करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि विभाग की टीमों ने काशीपुर, सितारगंज और रुद्रपुर क्षेत्र में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ढाबों, होटलों और फूड स्टॉल्स समेत कई प्रतिष्ठानों के स्वामियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मानकों में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग का यह अभियान कांवड़ यात्रा समाप्त होने तक जारी रहेगा।


खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते शिवसेना और भवानी सेना के कार्यकर्ता।

### सावन माह में बंद कराएं मीट की दुकानें

**खटीमा :** शिवसेना और भवानी सेना के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सावन के पवित्र मास में नगर में चलने वाली मीट की दुकानें बंद कराने की मांग की है। शिव सैनिकों ने एसडीएम तुषार सैनी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि सावन मास में हिंदू समाज की महिलाओं द्वारा शिव की आराधना की जाती है। उन्होंने मीट, मुर्गा, मछली की दुकानों को बंद रखने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार, नगर अध्यक्ष विजय गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष शोभित कटोरिया, रामप्रवेश, छेदा लाल, हरस्वरूप विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

### युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, तहरीर दी

**बाजपुर :** छह वर्ष तक रिलेशनशिप में रहने एवं दुष्कर्म करने के बाद शादी से मना करने का आरोप लगा कोलकाता से बाजपुर पहुंची युवती ने एक युवक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह कोलकाता की रहने वाली है। बाजपुर के गांव का रहने वाला युवक उसके साथ पिछले करीब 6 वर्ष से रिलेसनशिप में था और वीडियो काल पर उसके साथ बातें किया करता था तथा शादी करने की बात कहकर अश्लील बातें करने लगता था। आरोप है कि युवक फोन करके उसे बाजपुर बुलाया करता था और फिर एक होटल में लेकर शारीरिक संबंध बनाता था। जिसके चलते वह गर्भवती भी हो गई थी। इसकी जानकारी होने पर आरोपी ने उसे गोलियां खिला दीं। आरोप है कि इसके बाद वह शारीरिक संबंध बनाने से पहले उसे गोलियां खिलाने लगा। उससे शादी करने से साफ इन्कार कर रहा है।

# हत्याकांड के तीन आरोपी दोषमुक्त

संवाददाता, रुद्रपुर

- 2015 में हुई थी सिक्योरिटी गार्ड शिवचरन शर्मा की हत्या
- तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** वर्ष 2015 में हुए एटीएम सिक्योरिटी गार्ड शिव चरन शर्मा हत्याकांड के तीन अभियुक्तों को अदालत ने दोषमुक्त किए जाने का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने 65वीं एविडेंस एक्ट के तहत बहस की और दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाया।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता आरपी सिंह ने बताया कि थाना आईटीआई काशीपुर निवासी सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि उसके पिता शिव चरन शर्मा और वह एटीएम केंद्र में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। दो से तीन अगस्त 2015 की सुबह सवा सात बजे जब वह ड्यूटी अदला बदली के लिए वह पहुंचा तो देखा कि एटीएम मशीन में छेड़छाड़ हुई। उसके पिता कुर्सी पर मृत अवस्था में पडे.हैं और कमीज पर खून भी लगा हुआ था। पुलिस ने हत्याकांड की तफ्तीश में महेशपुर बाजपुर निवासी गुरप्रीत सिंह, हरविंदर सिंह और पलविंदर सिंह को हत्याकांड का अभियुक्त बनाते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया था। प्रकरण की सुनवाई तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश चंद्र आर्य की अदालत में हुई। अधिवक्ता आरपी सिंह ने अदालत के सामने तर्क रखा कि हत्याकांड वर्ष 2015 में हुआ था, जबकि बैंक की इलेक्ट्रॉनिक सबूत यानी 65बी एविडेस एक्ट के तहत रिपोर्ट 2025 में पेश की गई। इसके अलावा हत्याकांड की सीसीटीवी में हत्यारोपी नकाबपोश थे और गिरफ्तार अभियुक्तों से महज कद व काठी मिलती थी। शिकायतकर्ता भी अभियुक्तों की पहचान करने में विफल रहा। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त गुरप्रीत सिंह, हरविंदर सिंह और पलविंदर सिंह को 302 के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण में अभियुक्त लगातार खुद को बेकसूर बता रहे थे।



अमृत विचार
www.amritvichar.com

न वै भिन्ना जातु चरन्ति धर्मं न वै सुखं प्राप्नुवन्तीह भिन्ना: ।
न वै सुखंभिन्ना गौरवंप्राप्नुवन्ति न वै भिन्नाप्रशमंरोचयन्ति ॥

जिनमें मतभेद होता है ,वे लोग कभी न्याय के मार्ग पर नहीं चलते। सुख उनसे कोसों दूर होता है ,कीर्ति उनकी दुश्मन होती है ,तथा शांति की बात उन्हें चुभती है।

## संपादकीय

# विकास के लिए महत्वपूर्ण

नए युग की प्रौद्योगिकियां लोगों के जीवन और व्यापार में बदलाव ला रहे हैं। इन प्रौद्योगिकियों से नए आर्थिक अवसर भी संभव हो रहे हैं और सामाजिक संरचना के आखिरी पायदान पर मौजूद लोगों सहित सभी लोगों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल रही हैं। नए उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान और नई पहलों में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान विकास और नवाचार ( आरडीआई ) योजना को मंजूरी दी है, जो वर्तमान आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। भारत ने स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं जैसी नीतियों को लागू करके काफी प्रगति की है, ये योजनाएं नवाचार को सक्रिय रूप से समर्थन देती हैं। आरडीआई योजना निजी क्षेत्र को सशक्त बनाकर भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना का उद्देश्य उभरते क्षेत्रों तथा आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य व आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है।

वर्तमान में भारत में कुल अनुसंधान एवं विकास व्यय में सरकार का योगदान लगभग 70 प्रतिशत है, जो सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में पहले से ही कम है। इस योजना में मुख्य रूप से अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) के भीतर एक विशेष उद्देश्य निधि स्थापित करना शामिल है। भारत में प्रतिभा पलायन की समस्या काफी गंभीर है, क्योंकि इसके कई प्रतिभाशाली लोग अनुसंधान के लिए बेहतर वित्त पोषण और बुनियादी ढांचे के कारण विदेशों में अवसर तलाश रहे हैं। साथ ही देश का विनिर्माण क्षेत्र वर्तमान में कुशल श्रम की भारी कमी से जूझ रहा है। निजी क्षेत्र के आरएंडडी में निवेश से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए सरकार को उपाय करने चाहिए। सरकार को आरएंडडी में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियों और प्रोत्साहन संरचनाओं को विकसित करना चाहिए। नवाचार को बढ़ावा देने और अनुसंधान परिणामों का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए इस कौशल समूह का विकास अत्यंत आवश्यक है। उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा देना आवश्यक है, ताकि अनुसंधान परिणामों को व्यावसायीकरण में परिवर्तित किया जा सके। सरकार को इस योजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान और विकास में बाधा डालने वाली अंतर्निहित संरचनात्मक समस्याओं का भी समाधान करना होगा।

# जलवायु परिवर्तन से गहरा गया है हिमालय का भूस्खलन



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> इस मानसून सीजन में 500 नए भूस्खलन जोन चिन्हित किए गए। उत्तराखंड सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग और विश्व बैंक ने सन 2018 में एक अध्ययन करवाया था जिसके अनुसार छोटे से उत्तराखंड में 6300 से अधिक स्थान भूस्खलन ज़ोन के रूप में चिन्हित किए गए।

अभी तो बरसात शुरू हुई है और उत्तराखंड के पहाड़ों के रौद्र रूप ने वहां जीवन थाम दिया है। चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, नैनीताल, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग जिले में बरसात के साथ पहाड़ लुढ़क रहे हैं। चार धाम यात्रा का मार्ग बार-बार पत्थर-पहाड़ गिरने से बाधित हो रहा है। जोशीमठ जैसे कस्बों पर धंसने का संकट नए सिरे से खड़ा हो गया है। सरकार की चिंता है कि भू वैज्ञानिकों ने जिन इलाकों में नए भू स्खलन संभावित क्षेत्र अंकित किए हैं, वहां सड़क, बिजली, रेल जैसी परियोजनाओं पर काम चल रहा हैं। चारधाम यात्रा रूट पर भूस्खलन जोन सिरदर्द बनते जा रहे हैं।

वहीं ऋषिकेश से बदरीनाथ यात्रा रूट पर कुल 54 लैंडस्लाइड जोन हैं। जिसमें से ऋषिकेश से श्रीनगर के बीच 17 लैंडस्लाइड जोन चिन्हित किए गए हैं। रुद्रप्रयाग से जोशीमठ के बीच 32 लैंडस्लाइड जोन चिन्हित किया गया है। जोशीमठ से बद्रीनाथ के बीच पांच, गौरीकुंड से केदारनाथ मार्ग पर चार से पांच जगहों को संभावित भूस्खलन जोन बताया गया है। यहां पहले भी कई बार भूस्खलन की घटना हो चुकी हैं। ऊखीमठ क्षेत्र में दो और सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच करीब तीन भूस्खलन संभावित क्षेत्र हैं। बेहतर सड़क और सुविधाओं के कारण यहां भीड़ आ रही है और स्वयं में यह और बढ़ेगी।

एक तरफ प्रधानमंत्री का '10 सूत्रीय डिजास्टर रिस्क रिडक्शन' अर्थात आपदा में न्यूनतम जोखिम कार्यक्रम है तो दूसरी तरफ दुनिया के सबसे युवा और बढ़ते पहाड़ हिमालय की गोद में बसे प्रदेशों में मूलभूत संरचना का निर्माण। उत्तराखंड राज्य की आबादी मात्र सवा करोड़ है लेकिन यहां तीर्थ और पर्यटन के लिए आने वालों की संख्या सालाना दस गुना है। फिर यह चीन जैसे धूर्त शत्रु देश से लगी सीमा का प्रांत है। ऐसे में बेहतर सड़क और यातायात तंत्र अनिवार्य है लेकिन जब ऐसे विकास के कारण प्रकृति पर ही संकट खड़ा हो जाए तो ऐसे विकास के प्रतिमान पर पुनर्विचार तो करना ही होगा।

> समझना होगा कि भूस्खलन का प्रभाव क्षेत्र बढ़ने का असल कारण इंडियन प्लेट्स लगातार गतिमान होना है । इस हलचल से चट्टानों में मौजूद दरार भी सक्रिय हो जाती है और यही भूस्खलन के रूप में नीचे खिसकते हैं। बरसात के दिनों में मिट्टी की पकड़ ढीली होने पर यह भूवैज्ञानिक गतिविधि और तेज हो जाती है। सनद रहे पहाड़ों पर हरियाली कम होने से मिट्टी की पकड़ भी कमजोर हो रही हैं, ऊपर से मौसमी बदलाव के चलते अचानक ही बहुत अधिक बरसात होना और फिर तत्काल बाद तेज धूप आ जाने से भूस्खलन की प्रक्रिया को बल मिलता है। यह बात स्वीकार करना होगा कि पहाड़ के भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण किये बगैर बन रही परियोजनाओं के लिए हो रहे धमाकों व तोड़ फोड़ से शांत–धीर गंभीर रहने वाले जीवित हिम– पर्वत नाखुश हैं।

इस बात को सरकार और समाज दोनों को गंभीरता से लेना होगा कि जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक और तीखा असर उत्तराखंड के हिमालय पर्वत पर है और इसी के चलते यह राज्य विकट चुनौतियों का सामना कर रहा है। संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र, अप्रत्याशित मौसम और बादल फटना, भूस्खलन, अचानक बाढ़ और ग्लेशियर लैक आउटबर्स्ट (जीएलओएफ) की बढ़ती घटनाएं इस राज्य को अत्यधिक असुरक्षित बना रही है। बाढ़, भूस्खलन, अतिवृष्टि व वनाग्नि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से राज्य को हर साल जन-धन की काफी हानि हो रही है। हर साल राज्य के बजट का बड़ा हिस्सा आपदाओं से नष्ट हुई संरचनाओं को दुरुस्त करने में ही व्यर्थ जाता है।

राज्य में जुलाई, अगस्त और सितंबर में मानसून के कारण हुए नुकसान को लेकर एसडीसी फाउंडेशन ने उत्तराखंड डिजास्टर एंड एक्सीडेंट एनालिसिस इनिशिएटिव (उदय) रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि राज्य में हर साल नए भूस्खलन जोन यानी लैंडस्लाइड जोन विकसित हो रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के डाटा के अनुसार 1988 से 2023 के बीच उत्तराखंड में भूस्खलन की 12,319 घटनाएं हुईं। सन 2018 में प्रदेश में भूस्खलन की 216 घटनाएं हुई थीं जबकि 2023 में यह संख्या पांच गुना बढ़कर 1100 पहुंच गई। 2022 की तुलना में भी 2023 में करीब साढ़े चार गुना की वृद्धि भूस्खलन की घटनाओं में देखी गई है। पिछले साल अगस्त-24 तक बरसात के दौरान भूस्खलन की 2946 घटनाएं दर्ज की गई जिसमें 82 लोग मारे गए थे।

इस मानसून सीजन में 500 नए भूस्खलन जोन चिन्हित किए गए। उत्तराखंड सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग और विश्व बैंक ने सन 2018 में एक अध्ययन करवाया था जिसके अनुसार छोटे से उत्तराखंड में 6300 से अधिक स्थान भूस्खलन ज़ोन के रूप में चिन्हित किए गए। रिपोर्ट कहती है कि राज्य में चल रही हज़ारों करोड़ की विकास परियोजनाएं पहाड़ों को काट कर या जंगल उजाड़ कर ही बन रही हैं और इसी से भूस्खलन ज़ोन की संख्या में इजाफा हो रहा है।

समझना होगा कि भूस्खलन का प्रभाव क्षेत्र बढ़ने का असल कारण इंडियन प्लेट्स लगातार गतिमान होना है। इस हलचल से चट्टानों में मौजूद दरार भी सक्रिय हो जाती है और यही भूस्खलन के रूप में नीचे खिसकते हैं। बरसात के दिनों में मिट्टी की पकड़ ढीली होने पर यह भूवैज्ञानिक गतिविधि और तेज हो जाती है। सनद रहे पहाड़ों पर हरियाली कम होने से मिट्टी की पकड़ भी कमजोर हो रही हैं, ऊपर से मौसमी बदलाव के चलते अचानक ही बहुत अधिक बरसात होना और फिर तत्काल बाद तेज धूप आ जाने से भूस्खलन की प्रक्रिया को बल मिलता है। यह बात स्वीकार करना होगा कि पहाड़ के भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण किए बगैर बन रही परियोजनाओं के लिए हो रहे धमाकों व तोड़ फोड़ से शांत-धीर गंभीर रहने वाले जीवित हिम-पर्वत नाखुश हैं। जान कर आश्चर्य होगा कि जिस परियोजना के लिए सिल्कियारा सुरंग बनाई जा रही है, उसके पर्यावरणीय प्रभाव आकलन की अनिवार्यता से बचने के लिए उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ कर दिखाया गया।

सनद रहे हिमालय पहाड़ ना केवल हर साल बढ़ रहा है, बल्कि इसमें भूगर्भीय उठापटक चलती रहती हैं। यहां पेड़ भूमि को बांध कर रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं जो कि कटाव व पहाड़ ढहने से रोकने का एकमात्र उपाय है। जानना जरूरी है कि हिमालयी भूकंपीय क्षेत्र में भारतीय प्लेट का यूरेशियन प्लेट के साथ टकराव होता है और इसी से प्लेट बाउंड्री पर तनाव ऊर्जा संग्रहित हो जाती है जिससे क्रस्टल छोटा हो जाता है और चट्टानों का विरुपण होता है। ये ऊर्जा भूकंपों के रूप में कमजोर जोनों एवं फाल्टों के जरिए सामने आती है।

जब पहाड़ पर तोड़फोड या धमाके होते हैं, जब उसके प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाउ होती है तो दिल्ली तक भूकंप के खतरे तो बढ़ते ही हैं, यमुना में कम पानी का संकट भी खड़ा होता है। पहले उत्तराखंड में भूस्खलन की तीन चौथाई घटनाएं बरसात के कारण होती थीं लेकिन अब बरसात के बाद भी यह आपदा नहीं रुक रही। पिछले साल जाड़े में और इस साल गर्मी में भी कई बड़े भूस्खलन हुए। ऐसे में देवभूमि, विकास में पर्यावरण संरक्षण, नैसर्गिक विकास और आस्था में सुख को त्याज्य करने की भावना विकसित करने के लिए आमंत्रित भी कर रही है और चेता भी रही हैं।

## प्रसंगवश

# अपनी ख़ुशियां खुद पैदा करो

> कामू का आशय है कि सिसिफस जानता है कि उसका कार्य निरर्थक है, फिर भी वह उस चट्टान को धकेलना स्वीकार करता है, हार नहीं मानता–बल्कि वह देवताओं को परास्त करता है, क्योंकि उसने निरर्थकता में भी अर्थ चुन लिया।

आजकल मैं देख रहा हूं कि तमाम लोग जिंदगी की असंगति से तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते है, या समाप्त करने की सोचते हैं। वे जिंदगी का मकसद ढूंढते है और न दिखने पर अवसाद में डूब जाते हैं। मैं 20 वीं सदी के शीर्ष दार्शनिक अल्बर्ट कामू से सहमत हूं कि ज़िंदगी का कोई मक़सद नहीं, जिंदगी असंगत है, विसंगतियों से भरी है। गौतम बुद्ध बहुत पहले की कह गए थे गर आपने सम्यक् दृष्टि से ज़िंदगी को नहीं देखा, तो ज़िंदगी दुख ही दुख है।

जिंदगी की विसंगतियों से निपटने का जो तरीक़ा कामू बताते है, उससे भी मैं सहमत हूं कि इस विसंगति को स्वीकार करो, जिंदगी से आंखें भिड़ाओं, उसे ललकारो और अपनी ज़िंदगी का अर्थ खुद बनाओ।

अल्बर्ट कामू की प्रसिद्ध कृति "द मिथ ऑफ सिसिफ़स" (1942) की संक्षिप्त कहानी इस संबंध में प्रासंगिक है। यह पारंपरिक "कहानी" नहीं है, बल्कि एक गहरा दार्शनिक निबंध है। इसमें कामू जीवन की निरर्थकता और मानव की उस निरर्थकता के भीतर अर्थ की खोज पर विचार करते हैं। यह उपन्यास अस्तित्ववादी दर्शन का एक मुख्य स्तंभ है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

कामू इस द मिथ ऑफ सिसिफ़स पुस्तक की शुरुआत एक चौंकाने वाले वाक्य से करते हैं-"केवल एक ही गंभीर दार्शनिक प्रश्न है- क्या जीवन जीने योग्य है या नहीं?" इसके बाद वे प्राचीन यूनानी मिथक सिसिफ़स को एक रूपक के रूप में प्रस्तुत करते हैं। सिसिफ़स ग्रीक पौराणिक कथाओं में एक चालाक राजा था। देवताओं के आदेशों की अवहेलना और मृत्यु को धोखा देने के कारण उसे दंड मिला कि वह एक भारी पत्थर को पहाड़ी की चोटी तक ले जाए, और जब वह पत्थर चोटी तक पहुंच जाए-तो वह फिर नीचे लुढ़काए। यह काम उसे अनंतकाल तक दोहराना है।

कामू कहते हैं कि सिसिफ़स का यह निरर्थक श्रम एकदम हमारे जीवन जैसा है। हम रोज़ वही काम करते हैं, उठते हैं, कमाते हैं, खाते हैं, और फिर मृत्यु निश्चित है। फिर भी हम असंगति में जीते हैं। क्यों? मनुष्य अर्थ चाहता है, पर क़ामू कहते है कि ब्रह्मांड में कोई निश्चित अर्थ नहीं है। यह टकराव अवसाद से नहीं, विद्रोह" से सुलटेगा। कामू का निष्कर्ष है, विद्रोह करो, स्वीकार करो, अर्थ खुद बनाओ-"हमें सिसिफस की खुशी की कल्पना करनी चाहिए। हमें सिसिफ़स के प्रसन्न होने की कल्पना करना चाहिए।

कामू का आशय है कि सिसिफ़स जानता है कि उसका कार्य निरर्थक है, फिर भी वह उस चट्टान को धकेलना स्वीकार करता है, हार नहीं मानता-बल्कि वह देवताओं को परास्त करता है, क्योंकि उसने निरर्थकता में भी अर्थ चुन लिया। यही मानव गरिमा है-कि हम अर्थहीनता में भी जीना चुनते हैं, लड़ते हैं, और विद्रोह करते हैं। यह पुस्तक आज बहुत प्रासंगिक है क्योंकि इसमें आधुनिक जीवन की ऊब, थकान, दोहराव आत्महत्या, सब पर इसमें गहरा चिन्तन है। 'आत्महत्या' को खारिज कर यह पुस्तक कहती है: "हां, जीवन निरर्थक हो सकता है, पर फिर भी जीना मूल्यवान है।" सिसिफ़स हमारे भीतर के उस साहसी, न थकने वाले, स्वीकृति से उपजे आत्म-गरिमा वाले मनुष्य का प्रतीक है।

बीसवीं सदी के ही कामू की तरह एक और शीर्ष दार्शनिक लेखक काफ़्का भी मानते हैं कि मनुष्य एक ऐसे ब्रह्मांड में जी रहा है जो न तो उत्तर देता है, न ही तर्कसंगत है। संसार अर्थहीन है और मनुष्य उसमें अर्थ खोजने के लिए संघर्ष करता है। काफ़्का के पात्र तो अपने ही समाज, परिवार, व्यवस्था से कटे हुए होते हैं। सो करना यह है कि व्यस्त रहे, मस्त रहे। अपना दीपक खुद बनो, दूसरों को मत ताको। अपनी ख़ुशियां ख़ुद पैदा करो। हार नहीं माननी है, जिंदगी से दो दो हाथ करना है, दृष्टाभाव से उसे जीना है। जिंदगी नश्वर है, क्षणिक है, शून्य है, यह समझते हुए उसे जीना है। जिंदगी में खुद ही अर्थ पैदा करना है। पके आम की तरह जिंदगी को चूसना है। उसे भरपूर जीना है, यही जिंदगी का मकसद है।

# एफएटीएफ की चौंकाने वाली रपट



तारकेश्वर मिश्र
स्वतंत्र पत्रकार

> एफएटीएफ की रिपोर्ट बताती है कि भारत–पाक सीमा से जुड़े समूहों के लिए नकली गैर–लाभकारी संगठनों का उपयोग कैसे हो रहा है।

वैश्विक आतंकवाद पर निगरानी रखने वाली संस्था-फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की 7 जुलाई को जारी रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। एफएटीएफ की रपट में यह चौंकाने वाला आयाम बेनकाब हुआ है कि अमेजन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन, सोशल मीडिया के जरिए आतंकवाद की फंडिंग की जाती रही है। आतंकियों ने अमेजन प्लेटफॉर्म के जरिए ऐसा विस्फोटक हासिल किया, जिसने पुलवामा, 2019 के आतंकी हमले को और भी तीक्ष्ण बना दिया। नतीजतन सीआरपीएफ के 40 जवान 'शहीद' हुए थे। यह हमला पाकिस्तान स्थित 'जैश-ए-मुहम्मद' के आतंकियों ने किया था, यह निष्कर्ष विभिन्न जांच-रपटों के जरिए सार्वजनिक हो चुका है। असल में, एफएटीएफ ने पाकिस्तान द्वारा राज्य प्रायोजित आतंकवाद की पोल खोल दी है। एफएटीएफ ने मसूद अजहर, हाफिज सईद और साजिद मीर जैसे आतंकियों पर कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी भी जाहिर की है। एफएटीएफ की रिपोर्ट बताती है कि भारत-पाक सीमा से जुड़े समूहों के लिए नकली गैर-लाभकारी संगठनों का उपयोग कैसे हो रहा है। अल-रशीद ट्रस्ट और अल-फुर्कान फाउंडेशन जैसे समूह, परोपकारी प्रॉक्सी रूपों में सक्रिय रहे और आतंकवादी गतिविधियों को छिपाकर आर्थिक सहयोग मुहैया कराया गया। वहीं जैसे लश्कर-ए-तैय्यबा और जैश-ए-मोहम्मद ने पूर्वी एशियाई देशों में नकली गैर-लाभकारी संगठन यानी एनओपी की स्थापना करके, मानवीय सहायता दान कार्यक्रमों का दुरुपयोग किया और धन को आतंकवाद संचालन में मोड़ा।

यह वैश्विक तथ्य है कि लश्कर और उसका सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान में ही है। एफएटीएफ ने यह भी दावा किया है कि 2022 में उप्र के गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेमेंट 'पेपाल' ऐप से किया गया था। एफएटीएफ ने इन दोनों हमलों को रपट में एक उदाहरण के तौर पर शामिल किया है। यह हकीकत बेनकाब हो चुकी है कि ई-कॉमर्स, ऐप, सोशल मीडिया के जरिए जिन आतंकी समूहों ने आर्थिक मदद प्राप्त की थी।

एफएटीएफ पहले भी 2-3 बार पाकिस्तान को 'ग्रे सूची' में डाल चुका है। अब भारत लगातार यह आग्रह कर रहा है कि पाकिस्तान न केवल आतंकियों को पनाह देता है, बल्कि फंडिंग के लिए हुकूमत की एजेंसियां भी आतंकियों की मदद करती रही हैं, तो एफएटीएफ पाकिस्तान की जांच कर उसे 'ग्रे सूची' में डालने से क्यों हिचक रहा है? 'ग्रे सूची' के बजाय अब पाकिस्तान को 'काली सूची' में डाल दिया जाना चाहिए।

एफएटीएफ ने बताया है कि अमेजन जैसे मार्केटप्लेस धनशोधन का जरिया भी बनते जा रहे हैं। यह ऐसे अंजाम दिया जाता है। रपट में यह भी गौरतलब है कि आतंकी ई-मार्केटप्लेस पर ऐसे सस्ते उत्पाद को उतारते हैं, जो कि आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल हो सकते हैं। इन्हें ऑनलाइन महंगे से महंगे दाम पर प्रचारित किया जाता है। 'ट्रेड बेस्ड मनी लॉन्ड्रिंग स्कीम' के तहत एक व्यक्ति सामान खरीद कर अपने साथी को भेजता है, जो उसे दूसरे देश में बेच कर पैसे जुटाता है ।उत्पाद को आतंकी नेटवर्क में ही शामिल किसी और स्थान पर बैठा दूसरा दहशतगर्द खरीद लेता है और इसकी रकम का भुगतान कर देता है। यह रकम सीधे उत्पाद को बेचने वाले आतंकी के पास पहुंच जाती है और उसकी तरफ से भेजा गया सामान मार्केटप्लेस की डिलीवरी प्रणाली से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंच जाता है।

इस तरह भेजा गया उत्पाद भी किसी आतंकी गतिविधि में इस्तेमाल हो सकता है और इसकी एवज में भेजी गई रकम भी आतंकी वित्तपोषण में इस्तेमाल हो सकती है। चूंकि यह पूरा लेन-देन उत्पाद खरीदने-बेचने के तौर पर होता है, इसलिए यह खुफिया एजेंसियों की नजर से भी बचे रहते हैं। यानी सीधे पैसे ट्रांसफर के मुकाबले ज्यादा गुप्त। एफएटीएफ ने अपने अध्ययन में पाया है कि आतंकी ऐसे प्लेटफॉर्म और ओपन मार्केट प्लेस से हथियार, रसायन और थ्रीडी प्रिंटिंग सामग्री खरीद रहे हैं।

एफएटीएफ ने पहली बार अपनी रिपोर्ट में किसी देश की तरफ से प्रायोजित आतंकवाद का भी जिक्र किया है। संस्था ने कहा है कि यह दर्जा उन देशों को दिया जाएगा, जो अपनी आधिकारिक नीतियों के तहत आतंकी संगठनों और गतिविधियों का वित्तपोषण करते हैं। आतंकवाद इतना अहम सरोकार है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'ब्रिक्स शिखर सम्मेलन' के दौरान उठाया और 'साझा बयान' में इसे शामिल कराया। 'ब्रिक्स' ने पहलगाम नरसंहार पर 'निंदा प्रस्ताव' भी पारित किया। अब यह 'ब्रिक्स' देशों के लिए नीतिगत सरोकार है कि वे हर स्तर के आतंकवाद का विरोध करें।

## सोशल फोरम

# बराबर आनंद देने का उत्सव

और जब बादल इकट्ठे होकर जमीन को नहलाने लगें। ज़मीन हरी घास सी मंद मंद मुस्काए। बीज अखुए फोड़कर सलाम करने खड़े हो जाएं। नदियां भर पेट पानी पीकर इतराएं। तालाब शरारती बच्चों की तरह जगह जगह खिलकर फैले हों। मिट्टी मक्खन बनकर फूली हो। हरी हरी काई, मखमल की तरह टंकी हो ज़मीन पर। हवा जब खुद में नमी का वज़न लेकर बदन को ताज़गी दे जाए। तब ज़र्रा ज़र्रा मुस्कुरा के कहता है, यही तो सावन का स्वाद है....



हफीज किदवई
लेखक

जो दिल सावन में न झूमे, जिसे सावन की नरमी तरावट न दे, जिसमें सावन का भोलापन मासूमियत न भरे,जिसका दिल बड़ा और बराबरी की गवाही न दे, वह भला फुहारों के बीच नाचते सावन को समझा ही कब। सावन तो हर एक को बराबर आनंद देने का उत्सव है... धरती पर मौजूद हर हृदय,जिसमें प्रेम है, उसमें ही तो सावन की आहट होगी।

हे सावन मेरे दिल को ढक लो ताकि इसमें मोहब्बत के सिवा कुछ न रह जाए...मेरे दिल को ऐसा करदें जो संसार भर का ज़हर पी तो सके मगर दूसरों पर उगल न सके, मुझे खुद में समाकर मेरा वजूद मिटा दो मेरे सावन। पार्वती ने सबसे खूबसूरत महीनों में से एक सावन में तप करके दुनिया का सबसे शक्तिशाली, मासूम और समर्पित प्रेम शिव हासिल किया था, इसलिये मेरे लिए माह प्रेम को पाने का महीना है। यह महीना धैर्य और समर्पण का महीना है। ख़ुद के अन्दर से सुईं की नोक बराबर भी नफरत को खत्म करने का महीना है और सबसे बड़ी बात पिछले पूरे चक्र में की गई गलतियों के प्रायश्चित का महीना है, जब दिल प्रायश्चित के बाद साफ हो जाए,तब उसमे पहला पांव शिव रखते हैं और जिस हृदय में शिव पांव रख दें,वहां और कुछ रह ही क्यों जाएगा सिवाए शिव शिव के,यानि प्रेम...

सावन मंद मंद मुझे ख़ुद में घोल दे रहा है..अगर सावन गुज़रता रहे और इसकी आहटें दिल में मचलती रहें। यह तो ख़ुद को मिटकर प्रकृति के साथ झूमने का वक्त है... खुद से एक वादे का भी वक्त है कि ऐसा कोई काम नही करेंगे कि सावन आना ही छोड़ दें,प्रकृति से कोई छेड़छाड़ नही करेंगे,कि सावन को आने वाली नस्लें देख ही न पाए।

-फेसबुक वॉल से

# वैश्विक मंच पर चमकती हिन्दी और क्षेत्रीय राजनीति की कुंठा



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

> विश्व में लगभग 6900 भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 35 से 40 प्रतिशत भाषाएं आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इसके विपरीत हिन्दी अब दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है।

यह सच है कि भारत में विविध भाषाओं और बोलियों का समृद्ध संसार है। संविधान 18वीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता देता है। इनमें से हर भाषा का सम्मान और संरक्षण आवश्यक है लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसंख्या द्वारा बोली जाने वाली हिन्दी के खिलाफ वैमनस्य फैलाया जाए। हिन्दी को थोपे जाने की राजनीति और विरोध दोनों ही गलत हैं। भाषा का विकास संवाद और सहमति से होता है, न कि टकराव से। एक ओर जहां सैंकड़ों भाषाएं लुप्त होने के कगार पर हैं, वहीं हिन्दी वैश्विक मंच पर तेजी से उभर रही है, जिसे लेकर हर भारतवासी को गर्व होना चाहिए।

विश्व में लगभग 6900 भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 35 से 40 प्रतिशत भाषाएं आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इसके विपरीत हिन्दी अब दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है। 'एथ्नोलॉग' की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, हिन्दी के 61.5 करोड़ मूल वक्ता हैं। यह आंकड़ा भाषा के प्रसार और इसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है। मन्दारिन और अंग्रेजी के बाद हिन्दी की यह स्थिति केवल आंकड़ों की बात नहीं है बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक स्वीकार भी है। वर्षों से हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र के मंच पर लाने के प्रयास किए जाते रहे हैं। जून 2022 में जब संयुक्त राष्ट्र ने हिन्दी, उर्दू और बांग्ला में जानकारी उपलब्ध कराने की पहल की तो यह हिन्दी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। इससे स्पष्ट हुआ था कि वैश्विक संस्थाएं अब भारतीय भाषाओं की उपेक्षा नहीं कर सकती।

दुनिया के 50 से अधिक देशों में 150 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। अमेरिका, जर्मनी, रूस, फ्रांस, जापान, पोलैंड, नेपाल, फिजी, मॉरीशस जैसे देशों में हिन्दी के अध्ययन और शोध को लेकर विशेष रुचि देखी जा रही है। हिन्दी को ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने भी सम्मान दिया है। 'बच्चा', 'अच्छा', 'दादागिरी', 'पंडित', 'जुगाड़', 'गुलाब जामुन' जैसे अनेक हिन्दी शब्द अब इस प्रतिष्ठित शब्दकोश का हिस्सा बन चुके हैं। यह उस सांस्कृतिक प्रभाव की मान्यता है, जो हिन्दी शब्दों के जरिए दुनिया में फैल रहा है। अमेरिका की 'ग्लोबल लैंग्वेज मॉनीटर' संस्था हिन्दी की शब्दसंपदा को समृद्ध बता चुकी है। एक अनुमान के अनुसार हिन्दी में 1.25 लाख से अधिक शब्द हैं। वहीं, अमेरिका की 2023 की जनगणना रिपोर्ट बताती है कि वहां हिन्दी बोलने वालों की संख्या 10 लाख से अधिक हो चुकी है। 2011 की तुलना में यह वृद्धि अभूतपूर्व है। बॉलीवुड और भारतीय सिनेमा ने भी हिन्दी के वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिन्दी की लोकप्रियता को सोशल मीडिया ने भी एक नई ऊंचाई दी है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स पर हिन्दी सामग्री का विस्तार प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। 2024 की एक रिपोर्ट बताती है कि हिन्दी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 20 करोड़ पार कर चुकी है। गूगल के अनुसार, हिन्दी कंटेंट की वार्षिक वृद्धि दर 94 प्रतिशत है जबकि अंग्रेजी की घटती जा रही है। अब ई-कॉमर्स और तकनीक की दुनिया में भी हिन्दी एक मजबूत बाजार भाषा बन चुकी है। अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियां भी अब हिन्दी में सेवाएं दे रही हैं। डेलॉइट की 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 65 प्रतिशत ऑनलाइन उपभोक्ता अब हिन्दी या अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी लेना पसंद करते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हिन्दी का आर्थिक मूल्य भी तेजी से बढ़ रहा है। गूगल ट्रांसलेट, माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर, वॉयस असिस्टेंट्स, एआई चैटबॉट्स और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में हिन्दी को प्रमुखता दी जा रही है। भारत के डिजिटल इंडिया अभियान में भी हिन्दी की प्रमुख भूमिका है।

इतिहास गवाह है कि महात्मा गांधी ने हिन्दी को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए इसे राष्ट्रीय एकता का आधार कहा था। भारत सरकार द्वारा 1963 में स्थापित केन्द्रीय हिन्दी संस्थान अब हिन्दी में उच्च शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह संस्थान प्रत्येक वर्ष 'हिन्दी सेवी सम्मान' प्रदान करता है, जो हिन्दी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को दिए जाते हैं।

बहरहाल, हमें यह समझना होगा कि भारत के किसी भी राज्य में हिन्दी का विरोध करना भारत की एकता और संस्कृति पर हमला है। भाषा को विभाजन का नहीं, समावेशन और संवाद का साधन बनाना चाहिए। जब दुनिया हिन्दी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है तो हमें भी अपनी भाषायी चेतना को व्यापक बनाना होगा। हिन्दी किसी एक राज्य या क्षेत्र की नहीं, पूरे भारत की है। इसका विरोध उस भारतीयता का विरोध है, जो हिन्दी के जरिए दुनियाभर में फैल रही है। यह समय हिन्दी को राजनीति की भेंट चढ़ाने का नहीं, इसके वैश्विक उभार को समर्थन देने का है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# इंटरलॉकिंग टाइल्स फिक्सिंग के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## सड़कों के दोनों और बिछाई जाएंगी टाइल्स, यातायात व्यवस्था में भी होगा सुधार

- 90 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा कार्य
- मेयर ने जनता से विकास कार्यों में सहयोग देने का किया आह्वान

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में सड़क के दोनों ओर टाइल्स कार्य का शिलान्यास करते मेयर व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वायु प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत सड़क के दोनों और टाइल्स बिछाई जाएंगी। इससे न सिर्फ वायु प्रदूषण कम होगा, बल्कि सड़क चौड़ी होने से यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा और हादसों में लगाम लग सकेगी।

सोमवार को मेयर दीपक बाली ने बाजपुर रोड पर 90 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान मेयर बाली ने कहा कि अन्य सड़कों पर भी इंटरलॉकिंग टाइल्स फिक्सिंग कार्य किया जाएगा। कहा कि नगर निगम लगातार शहर के विकास के कार्यों में लगा हुआ है। ऐसे में शहर के हर आदमी को अपने आप को मेयर समझते हुए विकास में सहयोग देना होगा। जिस दिन लोग सड़क पर कूड़ा डालते लोगों को रोकने लगेंगे, उसी दिन समझ लो काशीपुर स्वच्छ और सुंदर हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिना जन सहयोग के कुछ नहीं हो सकता। कहा कि जनता को विकास कार्यों में अपना सहयोग अवश्य देना चाहिए, ताकि समय पर विकास कार्य पूरे हो सके। वहीं, मेयर ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर उनकी सर्जिकल स्ट्राइक लगातार जारी रहेगी। इस मौके पर चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, बूथ अध्यक्ष श्याम सिंह, पार्षद सीमा सागर, अंजना आर्य, बलविंदर सिंह, गुरनाम सिंह गामा, राम अग्रवाल, और सतविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## विद्युत लाइनों पर गिरे पेड़, आपूर्ति बाधित

**काशीपुर, अमृत विचार :** मौसम में बदलाव के साथ तेज हवाएं चलने से बिजली लाइनों पर पेड़ गिर गए। इससे कई इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई घंटों की मशक्कत के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू की जा सकी। रविवार की देर रात तेज हवा के साथ अचानक बारिश होने लगी। इससे महुआखेड़ा गंज, मानपुर, कुंडेश्वरी, बाजपुर रोड, प्रतापपुर, एनडी नगर आदि क्षेत्रों में बिजली के खंभे टूट गए।

जिससे बिजली लाइनों में फॉल्ट भी हो गए। इस कारण गिरीताल, रामनगर रोड, कुंडेश्वरी, बाजपुर रोड आदि क्षेत्रों में बिजली गायब हो गई। भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को बिना बिजली के रहना पड़ा। इस वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद बिजली लाइनों के मरम्मत का कार्य पूरा होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि हवा और बारिश से कई खंभे क्षतिग्रस्त हुए हैं। आपूर्ति बहाल कर दी गई है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

# कुंडेश्वरी ने रामबाग को 3-0 से हराकर जीता उद्घाटन मैच

- स्टेडियम में आयोजित स्व. गोविंद मंडल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज
- कुंडेश्वरी के नितिन बने प्लेयर ऑफ द मैच

संवाददाता, दिनेशपुर



फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

**अमृत विचार :** पवित्र यंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्व. गोविन्द मंडल मेमोरियल जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच में कुंडेश्वरी ने यूनाइटेड एफसी रामबाग को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। कुंडेश्वरी के नितिन मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

रविवार को खुदीराम बोस स्टेडियम में आयोजित डे एंड नाइट फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क व आप बंगाली समाज प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि विर्क ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से क्षेत्र के प्रतिभा खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलता है। विशिष्ट अतिथि व्यापारी ने खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर प्रतियोगिता प्रारंभ करवाई। कुंडेश्वरी (काशीपुर) व यूनाइटेड एफसी रामबाग के बीच खेला गया। कुंडेश्वरी के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक दो गोल दागकर मैच में बढ़त बना ली। मध्यांतर के बाद रामबाग की टीम ने कई हमले कुंडेश्वरी के बारपोस्ट पर कर मैच में वापसी का प्रयास किया, मगर रक्षापंति के खिलाड़ियों और गोलकीपर ने शानदार बचाव कर हर हमले को नाकाम किया। अंतिम क्षणों में कुंडेश्वरी के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल के साथ एक मैदानी गोल और दागकर टीम को 3-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। कुंडेश्वरी की ओर से नितिन ने दो गोल किए। मुख्य निर्णायक अखिलेश मंडल मुख्य व पीयूष सैनी एवं सहायक अमित रहे। विशाल मंडल ने मैच कमिश्नर की भूमिका निभाई। संचालन और कमेंट्री प्रतीक साह व विश्वजीत घरामी ने की। इस मौके पर चंदननगर निवर्तमान प्रधान विकास सरकार, शिक्षक संघ ब्लॉक सचिन मनोज राय उर्फ मुन्ना, पत्रकार सुब्रतो गोस्वामी, विक्रम सिंह मेहता, विशाल मंडल, मनोरंजन राय, विक्की राय, संतोष गाईन आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में न्यायिक अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते अधिवक्ता।

## स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारियों को दी विदाई

**काशीपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन की ओर से काशीपुर न्यायालय से स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारीगणों को विदाई दी गई। सोमवार को बार सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्तागणों ने स्थानांतरित हुए जजों नीतू जोशी, पायल सिंह, करिश्मा डंगवाल और चेतन सिंह गौतम को मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद जजों ने अपने विचार रखे और अधिवक्तागणों ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। इस दौरान कार्यक्रम में जज भावुक हो गए। इसके बाद अधिवक्तागणों ने जजों को मां सरस्वती की प्रतिमा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप कुमार शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उप-सचिव सूरज कुमार, आडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल, शैलेंद्र मिश्रा, रश्मि पाल, कामिनी श्रीवास्तव, अर्पित कुमार सौदा, अविनाश कुमार अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बीकॉम (ऑनर्स) में कशिश व प्रगति ने मारी बाजी

**काशीपुर :** सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज में बीकॉम (आनर्स) द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में कशिश व प्रगति ने बेहतर प्रदर्शन किया है। प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर में कशिश सपरा ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिमरनजीत कौर जोहल ने 71.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय व मान्य कक्कड़ ने 71.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रहीं। चतुर्थ सेमेस्टर प्रगति रस्तोगी ने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, सानिया नरूला 78.2 द्वितीय व वंशिका शर्मा 76.6 के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। चेयरमैन विमला गुड़िया आदि ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मन का उपचार केवल प्रभु से जुड़ने से ही संभव: बीके पार्वती

संवाददाता, बाजपुर



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्रह्माकुमारीज बाजपुर सेवा केंद्र पर एक शाम रूहानी सर्जन के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में बरेली से पहुंचीं बीके पार्वती दीदी ने कहा कि आज के समय में तन के साथ-साथ मन भी बीमार हो चुका है।

मन का उपचार केवल प्रभु से जुड़ने से संभव है। जब मन व्यसनों और बुराइयों से मुक्त होता है तो तन भी स्वतः स्वस्थ होने लगता है। इसके लिए आत्म-ज्ञान और राजयोग का अभ्यास आवश्यक है। इस मौके पर बाजपुर चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा समाज में की जा रही सेवाओं की सराहना की। डॉ. बीके सुरेश कुमार ने ब्रह्माकुमारीज के चिकित्सा प्रभाग द्वारा की जा रही सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्थान प्रत्येक वर्ष लाखों लोगों को निश्शुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करता है। बीके ज्योति दीदी ने सभी चिकित्सकों का अभिवादन एवं सम्मान करते हुए उनके योगदान को सराहा। बीके अनीता दीदी ने सभी चिकित्सकों को राजयोग की गहन अनुभूति कराई। जिससे सभी ने शांति और आत्मबल का अनुभव किया। बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों को आंतरिक शांति एवं आत्म-चिकित्सा के महत्व से अवगत कराना रहा।इस मौके पर डॉ. हंसा सिंह, डॉ.हरजीत सिंह, बीके पंकज आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रवादी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सचिव अनवार बने

**खटीमा :** राष्ट्रवादी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्म शमशाद मीर ने कादरी कालोनी अमाऊं निवासी अनवार अहमद को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मीर एवं प्रदेश सचिव नसीम अहमद ने नवनियुक्त अनवार अहमद से समाज के कल्याण हेतु कार्य करने की अपेक्षा की है। उनके मनोनयन पर मंच के तमाम कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### पुलिस ने छह हजार लहन नष्ट किया

**बाजपुर :** सोमवार को बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस टीम ने ग्राम गजरौला झाल व केलाबंदवारी क्षेत्र में नाले के किनारे सुलग रही अवैध कच्ची शराब की दो भट्ठियां तोड़ी। करीब 6 हजार लीटर लहन एवं कच्ची शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए। पुलिस टीम में बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी कवींद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह, कांस्टेबल मनोज करायत, मोहन खाती आदि शामिल रहे।



काशीपुर में श्मशान घाट में हुआ फर्श का निर्माण।

### श्मशान घाट पर कराया फर्श निर्माण

**काशीपुर, अमृत विचार :** कुमायूं वैश्य महासभा महिला शाखा निरंतर कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं के विवाह संपन्न कराने के साथ-साथ सामाजिक सेवा के क्षेत्र में प्रभावशाली भूमिका निभा रही है। वहीं, एक बार पुन: समाज सेवा का भाव लिए महासभा ने मुरादाबाद रोड स्थित हरियाला चौक के पास श्मशान घाट की 3620 वर्ग फीट पर फर्श कराने का कार्य किया। अध्यक्षा प्रीति अग्रवाल ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य में संस्था के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस मौके पर महासभा सचिव अनीता बंसल, कोषाध्यक्ष कविता गोयल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चरनप्रीत ने जीता वर्ल्ड इंटरनेशनल स्टाइल आइकॉन अवार्ड



चरनप्रीत साहनी।

**काशीपुर, अमृत विचार :** गुड़गांव में आयोजित मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 में शिरकत कर काशीपुर की चरनप्रीत साहनी ने स्टाइल आइकॉन का अवार्ड अपने नाम किया। गुड़गांव के होटल लीला एम्बियंस में आयोजित प्रतियोगिता में चार दिन के विभिन्न प्रशिक्षण एवं चरणों के बाद 12 जुलाई को फाइनल हुआ। प्रतियोगिता में देश-विदेश से आईं प्रतियोगियों में से 153 प्रतियोगी फाइनल राउंड में पहुंचीं। अलग-अलग श्रेणियों के तहत साहनी को उनके व्यक्तित्व एवं स्टाइल के लिए भरपूर प्रशंसा मिली एवं उन्हें मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्टाइल आइकॉन से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि साहनी नगर के नामी चिकित्सक डॉ. अमरजीत साहनी की पत्नी हैं।

# प्रख्यात रंगकर्मी जहूर आलम जसंमं के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

- रांची में जन संस्कृति मंच के 17वें सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का हुआ गठन

संवाददाता, दिनेशपुर



प्रख्यात रंगकर्मी जहूर आलम व वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज राय उर्फ मुन्ना।

**अमृत विचार :** जन संस्कृति मंच के 17 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में नैनीताल के प्रख्यात रंगकर्मी जहूर आलम को राष्ट्रीय अध्यक्ष व मनोज सिंह को तीसरी बार राष्ट्रीय महासचिव चुना गया। जहूर आलम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मनोज सिंह के राष्ट्रीय महासचिव बनने पर दिनेशपुर में रंगकर्मियों में खुशी का माहौल है। उन्होंने हर्ष व्यक्त कर जहूर आलम को बधाई दी।

युगमंच के संस्थापक कवि एवं शायर जहूर आलम का जन्म 20 दिसंबर 1955 को नैनीताल में हुआ। उन्होंने 50 वर्षों में अनेक नाटकों का निर्देशन किया। जहूर आलम को 24 सम्मानों व पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। प्रसिद्ध अभिनेताओं की अनेक पीढ़ियों के निर्माता जहूर आलम को संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इस मौके पर संपादक/ लेखक पलाश विश्वास, नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, रंगकर्मी मनोज राय उर्फ मुन्ना, नपं पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, भाजपा पूर्व अध्यक्ष अनादिरंजन मंडल, समाजसेवी नित्यानंद मंडल, रंगकर्मी शिव सरकार आदि मौजूद रहे।

## खतरा बने पेड़ों का किया गया सर्वे

**काशीपुर :** द्रोणा सागर में आम जनमानस के लिए खतरा बने पेड़ों का सर्वे किया गया। बीते दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसडीएम अभय प्रताप सिंह द्वारा द्रोणा सागर स्थित सूखे पेड़ या जो पेड़ आम जनमानस के लिए खतरे का कारण बन सकते हैं, उनका सर्वे किया गया। मौके पर वन विभाग व राजस्व विभाग को तत्काल सर्वे व आवश्यक कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया गया। द्रोणा सागर के संपूर्ण क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की भी जानकारी दी गई। उधर इस संबंध में एसडीएम अभय सिंह ने बताया कि द्रोणा सागर में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने है। इस मौके पर तहसीलदार पंकज चंदोला, राजस्व उप निरीक्षक शहर रोहित शर्मा मौजूद रहे।

# पुत्रवधु ने पिस्टल से सास पर किया हमला

संवाददाता, बाजपुर



सरकारी अस्पताल में भर्ती घायल।

**अमृत विचार :** अपने देवर को पीट रही पुत्रवधु का विरोध करना सास को महंगा पड़ गया। आरोप है कि पुत्रवधु ने गाली-गलौज व मारपीट करने के साथ ही पिस्टल से हमला कर दिया। टांग में छर्रे लगने से सास गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पीड़िता ने पुत्रवधु के विरुद्ध बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में नामजद तहरीर दे दी है।

ग्राम इटव्वा निवासी राणो कौर पत्नी स्व.ज्ञान सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने दो बेटों बिट्टू व कालू उर्फ रंजीत सिंह के साथ रहती है। आरोप है कि 13-14 जुलाई की रात करीब 2 बजे उठी तो उसका बेटा कालू उर्फ रंजीत चिल्ला रहा था और उसके तीसरे बेटे की पत्नी (पुत्रवधु) गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट कर रही थी। मना किया तो उसने ईंट उठाकर मार दी, जोकि पीठ पर लगी। आरोप है कि पुत्रवधु ने मारने की नीयत से धारदार हथियार व पिस्टल से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता को पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने छर्रे निकाले और उसका उपचार किया।



आदित्य के पिता को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं देते क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# साहित्यकार रामरतन को कला गुरु सम्मान



बरेली में सम्मानित होते साहित्यकार रामरतन यादव। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संस्कार भारती कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था द्वारा बरेली में नटराजन पूजन, कवि सम्मेलन समारोह तथा कला उत्सव आयोजित किया गया। कला उत्सव में कवि एवं साहित्यकार रामरतन यादव को साहित्य के क्षेत्र में अमूल्य योगदान एवं समर्पण के लिए संस्था द्वारा अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा कला गुरु सम्मान से अलंकृत किया गया। उनके सम्मानित होने पर आश्रम पद्धति की अधीक्षिका अंजलि कपिल, आकाश, पूजा राणा, रिंकू राणा, विजय कुमार, डॉ. महेंद्र प्रताप पांडे नंद, डॉ. रूपचंद्र शास्त्री मयंक, त्रिलोचन ने उन्हें बधाई दी।

## परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई

**सितारगंज, अमृत विचार :** नानकमत्ता क्षेत्र की बीएलओ व गंभीर बीमारी (सीएमएल/सीपी) से ग्रसित महिला संगीता कौर ने अपने पति मलकीत सिंह और परिवार की सुरक्षा के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है।

संगीता कौर का आरोप है कि उसके देवर व अन्य मकान पर कब्जे की नीयत से उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि परिवार ने अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर देवर को विदेश भेजा था, जबकि खुद मेहनत से जमीन खरीदकर मकान बनाया और माता-पिता की सेवा की। इसके बावजूद उनके परिवार को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता ने जिलाधिकारी, एसएसपी और गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर मामले की उच्चस्तरीय जांच व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बैठक में धूमधाम से मनाया आठ पेंशनर्स का जन्मदिन

- पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

संवाददाता, काशीपुर



बैठक के दौरान मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन काशीपुर शाखा की मासिक बैठक रविवार को रेलवे स्कूल प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रेलवे मजदूर यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने की।

इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतपाल गुप्ता, सेक्रेटरी एसएस सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजीव पाल, सुरेश शर्मा, संजय राय ने आवश्यक जानकारी के साथ-साथ संगठन संबंधी विचार व्यक्त किए। पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से जुलाई माह में पड़ने वाले 8 पेंशनर्स सुरेश शर्मा, राजीव पाल, शिवप्रसाद, रामेश्वर आदि का जन्मदिन तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर और माला सम्मान पटका पहनाकर तथा बधाई पत्र देकर धूमधाम से मनाया गया। बैठक में भारत पेंशनर्स समाज के केंद्रीय महासचिव एससी माहेश्वरी के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में अमर सिंह, मदन पाल सिंह, सीएस घोषाल, लालता प्रसाद, केके शर्मा, वीरेंद्र पाल, कृष्ण पाल, हरिओम, सुरेश कुमार, रहीस, शब्बन खान और एमवाई सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# आदित्य का अंडर-19 भारतीय टीम में चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी के युवा तेज गेंदबाज आदित्य रावत का चयन भारतीय अंडर-19 टीम में इंग्लैंड के खिलाफ चल रही यूथ टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच के लिए हुआ है। उल्लेखनीय है कि टीम में एक तेज गेंदबाज के चोटिल होने पर आदित्य को 21 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

आदित्य इससे पहले भी अंडर-19 भारतीय टीम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल चुके हैं। मल्ली बमौरी निवासी आदित्य बचपन से क्रिकेट से प्यार करते हैं और मेहनत के बलबूते उन्होंने यह मुकाम पाया है। चयन पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के हल्द्वानी कार्यालय में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मिष्ठान वितरण कर आदित्य के पिता दिलीप रावत और माता सुनीता रावत को बधाई दी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, अल्मोड़ा सचिव हर्ष गोयल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, जगमोहन बगडवाल, किशन अनेरिया, लीला कांडपाल, नरेन्द्र अधिकारी, रवि नेगी, मनोज जोशी, अन्नू ढेला ने चयन पर शुभकामनाएं दी।

# पीएम मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भारतवासी गौरवान्वित

## मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री को भेंट किए उत्तराखंड के विशिष्ट उत्पाद

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखंड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि, विश्व के 27 देशों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान करने से सभी भारतवासी गौरवान्वित हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को कार्तिक स्वामी मंदिर के प्रतिरूप और आदि कैलाश यात्रा पर कॉफी टेबल बुक के साथ ही देवभूमि के विशिष्ट उत्पाद कनार (धारचूला) का घी, लाल (पुरोला) चावल, बासमती चावल, काला जीरा, गंध रैण, जम्बू और स्थानीय शहद भेंट किए। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री धामी को उत्तराखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार से हरसम्भव सहयोग के प्रति



प्रधानमंत्री मोदी को कार्तिक स्वामी मंदिर का प्रतिरूप भेंट करते मुख्यमंत्री धामी।



प्रधानमंत्री मोदी को देवभूमि के विशिष्ट उत्पाद के बारे में बताते मुख्यमंत्री धामी।

आश्वस्त किया।

सीएम धामी ने इस अवसर प्रधानमंत्री मोदी को अवगत कराया कि हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़ने के लिए प्रथम चरण में पिंडर-कोसी लिंक परियोजना का प्रारम्भिक प्रस्ताव तैयार है। ग्लेशियर आधारित पिंडर नदी के पानी को वर्षा आधारित कोसी, गगास, गोमती व गरूड़ नदियों में मिलाया जाए तो बागेश्वर, अल्मोड़ा व नैनीताल जिलों के 625 गांवों की करीब 2 लाख जनसंख्या पेयजल व सिंचाई से लाभान्वित होगी। साथ ही गरूड़, कौसानी, द्वाराहाट, रानीखेत और अल्मोड़ा नगरों की करीब सवा लाख आबादी के लिए पेयजल आपूर्ति बेहतर हो सकेगी। सीएम ने इस परियोजना को भारत सरकार की विशेष योजना के अंतर्गत लेने का अनुरोध किया। साथ ही प्रधानमंत्री से कैबिनेट सचिव, भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुतियों के क्रम में 596 मेगावाट क्षमता की पांच जल विद्युत परियोजनाओं के विकास की अनुमति प्रदान का भी आग्रह किया।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**देहरादून, अमृत विचारः** चमोली जिले में नंदानगर निवासी एक युवक का शव हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। गुस्साए लोगों ने सोमवार को जिला मुख्यालय गोपेश्वर की सड़कों पर प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और सीबीआई से मामले की जांच कराने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि रोजगार की तलाश में हेमकुंड साहिब गए 22 वर्षीय मनोज बिष्ट का शव रविवार को हेमकुंड यात्रा मार्ग के समीप के जंगलों में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। मनोज के परिजनों ने कहा कि उससे 29 जून से संपर्क नहीं हो पा रहा था और इस बारे में उन्होंने पुलिस को भी सूचना दी थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने युवक को ढूंढने में देरी की। नंदानगर से बड़ी संख्या में लोग गोपेश्वर पहुंचे और उन्होंने मामले की जांच सीबीआई से कराने को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन किया। और चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी को ज्ञापन सौंपा। एसपी चमोली सर्वेश पंवार ने बताया कि बिष्ट के परिजनों ने सोमवार को पुलिस को एक खच्चर संचालक के खिलाफ शिकायत दी है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शहरी क्षेत्रों की बड़ी परियोजनाओं का विवरण करें तैयार: मुख्य सचिव



समीक्षा बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन। ● अमृत विचार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

● मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी सचिवों के साथ सचिव स्तर की समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए संबंधित विभागों को विभिन्न मुद्दों के संबंध में जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों की ऐसी सभी बड़ी परियोजनाओं का विवरण तैयार करें, जिनका अतिशीघ्र लोकार्पण अथवा शिलान्यास किया जाना हो। उन्होंने भारत सरकार से साझा किए जाने वाले विभिन्न विभागीय प्रकरणों का स्टेटस तैयार करने तथा उसको भारत सरकार को प्रेषित करने को कहा। मुख्य सचिव ने विभागों के आउटपुट इंडिकेटर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने विभागीय कार्यों का आउटपुट इंडिकेटर तैयार करें। विभागीय कार्यों में नई तकनीक का समावेश अथवा किसी अभिनव प्रयोग से कितना सुधार हुआ है इसका तुलनात्मक विवरण तैयार करने को कहा। उन्होंने सभी सचिवों को अपने विभागीय कार्यों का वर्क प्लान बनाते हुए उसका अनुमोदन करवाने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जो विभाग कार्बन क्रेडिट का लाभ लेने की स्थिति में हैं वे अपने क्रियान्वयन में कार्बन क्रेडिट का लाभ लेने का प्रयास करें तथा इससे संबंधित विवरण भी तैयार करें। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु व एल एल फैनई, शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, दिलीप जावलकर, डॉ.रंजीत कुमार सिन्हा, डॉ. श्रीधर बाबू अद्यंकी, चंद्रेश यादव, डॉ. आर राजेश कुमार, एसएन पांडेय, दीपेंद्र कुमार चौधरी, दीपक कुमार, वी षणमुगम, विनोद कुमार सुमन, सी रविशंकर, रणवीर सिंह चौहान, नीरज खैरवाल, युगल किशोर पंत, धीरज सिंह गबरियाल, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हुए शिवालय

**देहरादून, अमृत विचारः** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को देवभूमि उत्तराखंड के सभी छोटे, बड़े शिवालय 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारों से गुंजायमान हो गए। भोर से ही राज्य के शिवालयों में भगवान शिव के भक्तों की लम्बी पंक्ति लगना शुरू हो गई थीं। कनखल स्थित माता सती के पिता के नाम से पहचाने जाने वाले दक्ष प्रजापति महादेव मंदिर, माता पार्वती की तपस्थली बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर, दरिद्र भंजन, गुप्तेश्वर, नीलेश्वर, गौरी शंकर सहित क्षेत्र में स्थित शिव मंदिर भक्तों की श्रद्धा का केंद्र बने रहे। ऋषिकेश में वीरभद्र मंदिर, देहरादून में टपकेश्वर, अल्मोड़ा में जागेश्वर धाम, रुद्रपुर में प्रसिद्ध वनशक्ति मंदिर और आवास विकास स्थित प्राचीन शिव मंदिर, उत्तरकाशी में कालेश्वर महादेव मंदिर, रुद्रप्रयाग स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग विश्वविख्यात बाबा केदारनाथ मंदिर, चमोली में कल्पेश्वर महादेव मंदिर, पौड़ी में नीलकंठ महादेव मंदिर आदि में भक्तों ने जलाभिषेक किया।

## बालिका शिक्षा और स्मार्ट स्कूलों पर विशेष ध्यान दिया जाए, मुख्यमंत्री ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा

# मुख्यमंत्री ने दिए शिक्षा में गुणात्मक सुधार के निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए समेकित प्रयास किए जाएं। पहली, छठी तथा नवीं कक्षा में विद्यार्थियों के अधिकाधिक प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए प्रवेशोत्सव पर विशेष ध्यान दिया जाएं। विद्यालयों से बालिकाओं के ड्रॉपआउट को कम करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। जो बालिकाएं ड्रॉपआउट हो रही हैं, उन्हें शिक्षा की धारा से पुनः जोड़ने के प्रयास किए जाएं। इसके लिए व्यापक स्तर पर लोगों को जागरूक भी किया जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की वर्चुअल समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएं। नवाचार की दिशा में नियमित कार्य किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्र-छात्राओं को किताबें, नोटबुक और स्कूल ड्रेस समय पर मिले। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग की जो परिसंपत्तियां उपयोग में नहीं हैं, उनका सदुपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बालिकाओं के लिए अलग शौचालयों और सेनेटरी पैड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्कूल भवनों के सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में किताबी ज्ञान के साथ ही कला, रंगमंच, खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। फिट इंडिया के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाय। परीक्षा प्रणाली के सुधार की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को जल्द भरा जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि भारत दर्शन योजना के तहत 156 टॉपर्स को दिल्ली, हिमाचल, पंजाब और हरियाणा भेजा गया। छात्रों ने आईआईटी, आईआईएम और अन्य संस्थानों का भ्रमण किया। इस साल 1082 टॉपर्स को भारत दर्शन भ्रमण पर भेजा जाएगा। राज्य के 559 क्लस्टर विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल बनाया जाएगा, जिसके तहत 4019 स्मार्ट क्लास संचालित की जाएंगी।

बैठक में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शिक्षा रविनाथ रमन, शिक्षा महानिदेशक दीप्ति सिंह, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता और रोजगारपरकता को प्राथमिकता दें: मुख्यमंत्री

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को तकनीकी शिक्षा विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य के युवाओं को औद्योगिक संस्थानों की मांग के अनुरूप विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स जैसे अत्याधुनिक विषयों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी प्राथमिकता दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को कैम्पस प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त हों। साथ ही, छात्रों को उद्योगों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाए, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकी संस्थानों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आईआईटी रुड़की के सहयोग से कार्य किया जाए। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रूड़की का उपयोग राज्य के युवाओं के हित में अधिकतम रूप से कैसे किया जा सकता है, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नियमित रोजगार मेलों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, योजनाएं बनाते समय आउटकम इंडिकेटर्स (परिणाम सूचकांकों) को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाए, जिससे योजनाओं का वास्तविक प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में अग्रसर करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए युवाओं को तकनीकी कौशल, सॉफ्ट स्किल्स, उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेसमेंट पोर्टल, कैरियर मार्गदर्शन, संकाय उन्नयन, इंटर्नशिप और विदेशी भाषाओं के प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल राज्य में बल्कि विदेशों में भी रोजगार एवं उच्च शिक्षा के अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव तकनीकी शिक्षा रंजीत सिन्हा, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कांवड़ खंडित होने पर हाइवे जाम, पथराव



बहादराबाद में जाम लगाते कांवड़िये। ● अमृत विचार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** कांवड़ खंडित होने पर सोमवार को कांवड़ियों ने हरिद्वार के बहादराबाद थाना क्षेत्र में दिल्ली-हरिद्वार हाइवे पर रोहालकी फ्लाईओवर के पास हाइवे को जाम कर हंगामा और पथराव किया। सूचना पर सीओ ज्वालापुर अविनाश वर्मा और प्रभारी निरीक्षक बहादराबाद नरेश सिंह राठौड़ पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे।

कांवड़ यात्रियों द्वारा एनएच-334 को बैरियर लगाकर पूर्ण रूप से बाधित किया गया था। जिससे आने-जाने वाले लोगों को असुविधा हो रही थी। समझाने के बाद भी उनमें से कुछ व्यक्ति नहीं माने और उत्तेजित होकर अन्य कांवड़ियों को भड़काकर पुलिसकर्मियों से अभद्रता करने के साथ पुलिस टीम पर पथराव करने लगे। सीओ ने बताया कि हल्का बल प्रयोग किया गया। इस दौरान दो आरोपियों खतौली, मुजफ्फरनगर निवासी अभिषेक व नोएडा सेक्टर 73 निवासी यश सिंह को गिरफ्तार कर प्रभावी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई।

## धर्म दर्शन

# कोल्लूर मूकाम्बिका मंदिर का महत्व



कोल्लूर मूकाम्बिका मंदिर सौपर्णिका नदी के तट पर स्थित है। यह परशुराम द्वारा निर्मित 7 मुक्ति स्थलों में से एक है। कौमासुर को गूंगा बनाया गया और मूकासुर के नाम से पुकारा गया, जिसका वध यहीं हुआ था। देवी ने उसका नाश किया और इस प्रकार उसका नाम मूकाम्बिका पड़ा।

स्थल पुराण में कहा गया है कि, आदि शंकराचार्य देवी को अपने गृह प्रदेश केरल में लाना चाहते थे और उन्होंने तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवी सहमत हो गईं और कहा कि वे शंकर का अनुसरण करेंगी, लेकिन एक शर्त के साथ कि, वे पीछे नहीं लौटेंगे। शंकराचार्य सहमत हो गए और केरल चले गए। लेकिन शंकर की परीक्षा लेने के लिए, देवी ने जानबूझकर कोल्लूर पहुंचने पर अपने पायल की आवाज़ बंद कर दी, शंकर ने पीछे मुड़कर देखा। देवी वहीं रुक गईं और यह कोल्लूर मूकाम्बिका मंदिर है।



शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

मूकाम्बिका आदि शक्ति हैं, लिंग रूप में मां काली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के रूप में पूजी जाती हैं। लिंगम को बीच में एक सुनहरी रेखा से काटा गया है, जो बायीं ओर को त्रिदेवियों और दायीं ओर को त्रिमूर्ति के रूप में विभाजित करती है।

महीने की शुक्ल अष्टमी तिथि को मूकाम्बिका जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। कोल्लूर मूकाम्बिका मंदिर काफी हद तक समर्पित है ज्ञान और कला, तथा देवी की पूजा वाग्देवता के रूप में की जाती है।

यहां बच्चों को अक्षरा अभ्यास (अक्षरों से परिचय) कराना बहुत खास है। जिन बच्चों को बोलने में दिक्कत होती है, उन्हें यहां लाना चाहिए। नाद बंद होने के बाद हर रोज़ रात को यहां कषायम दिया जाता है, जिसे सभी को सभी बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए करना चाहिए, खासकर बच्चों को अच्छी शिक्षा और स्मरण शक्ति प्राप्त करने के लिए। इस मंदिर की आभा को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता, बस इसे महसूस करना है।

## वर्ग पहेली-32

**बाएं से दाएं**

2. मुकुट के आकार की एक प्रकार की तिकोनी टोपी जो किसी समय मुसलमान फ़कीर पहना करते थे।
4. लालच, लोभ।
5. 1. निगलने की क्रिया या भाव 2. निगलना।
7. दे. पंचमेल।
8. 1. घिसने

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कीचड़, फिसलन 2. भीड़-भाड़ 3. उलझन, दुविधा 4. व्यर्थ का विवाद।
3. 1. जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, जिसकी दिमागी हालत ठीक न हो, बावला, विक्षिप्त, सनकी 2. प्रेम या क्रोध में आपे से बाहर व्यक्ति, दीवाना 3. बहुत मूर्ख।
5. 1. गीला और नरम, आर्द्र और कोमल 2. करुणा
6. 1. कामवासना संबंधी 2. भौतिक या शारीरिक।
7. स्नान, सिंचाई, छिड़काव।



### वर्ग पहेली -31 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जी | | | | | 2 अ | |
| वि | | 3 द | 4 ब | का | ना | |
| त | | | ग | | ड़ी | |
| | 5 ब | 6 त | र | स | | 7 ख |
| 8 झ | ड़ | क | ना | | 9 मो | न |
| | | री | | | | ख |
| 10 ऐ | ल | ब | म | | 11 था | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जुलाई, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी- 22.38 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज अपनी कार्यशैली में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं। भविष्य की योजनाओं पर धन निवेश कर सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। मांगलिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृष:** आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। रुकी हुई पेमेन्ट आपको वापस मिल सकती है। आज किसी पर भी अधिक विश्वास न करें। बड़े बुजुर्गों का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त होगा। इच्छित कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

**मिथुन:** आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम हो सकता है। कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। अपनी रुचि के अनुसार काम करना हितकर होगा। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में खराबी आ सकती है। आज आपको किसी की चुगली नहीं करनी चाहिए।

**कर्क:** आज अपनी मनोवृत्ति सदैव सकारात्मक रखें। आपको स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा की हानि होने की संभावना है। संपत्ति विवादों को लेकर आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में आपको कुछ आवश्यक फेरबदल करने पड़ सकते हैं।

**सिंह:** आज परिवार की जिम्मेदारियों का ध्यान रखें। लोग आपके ऊपर विश्वास करेंगे। कार्यक्षेत्र में सारे काम आसानी से पूरे हो जायेंगे। किसी महत्वपूर्ण परियोजना पर धन खर्च होगा। घर की सुख-सुविधाओं पर आप धन खर्च हो सकता है।

**कन्या:** आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहने वाली है। जीवनसाथी का महत्वपूर्ण सहयोग मिलने की संभावना बन रही है। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको सहयोग प्राप्त होगा। परिजनों के साथ शॉपिंग कर सकते हैं। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों में आ रहे व्यवधान से मुक्ति मिलेगी।

**तुला:** आज दांपत्य जीवन में कुछ तनाव हो सकता है। सामाजिक कार्यों में आप काफी समय बितायेंगे। बच्चों की संगत और उनकी परवरिश को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। लोग आपकी सलाह को अत्यधिक महत्व देंगे। विद्यार्थी वर्ग को उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में रचनात्मक प्रयोग कर सकते हैं। व्यापार में नए साझेदार जुड़ने के योग बन रहे हैं। घर में कलह का वातावरण हो सकता है। बुजुर्ग लोगों की राय की अवहेलना न करें। आय में कमी होने की आशंका है। घर की कोई वस्तु खराब हो सकती है।

**धनु:** आज प्रभावशाली लोगों के बीच आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा लोग अपने लक्ष्य को समय से पहले पूर्ण कर लेंगे। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। नई संपत्ति खरीद सकते हैं।

**मकर:** आज परिवार में एकता और आपसी सामंजस्य का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क का उत्तम उदाहरण प्रदर्शित करेंगे। समय प्रबंधन के अभाव के कारण काम रुक हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा को समाज के सामने सिद्ध करेंगे।

**कुंभ:** आज संचित धन का व्यापार में प्रयोग कर सकते हैं। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता की पूर्ण संभावना है। अध्यात्मिक उन्नति के लिए समय उत्तम है। किसी बुजुर्ग महिला सहकर्मी का सहयोग प्राप्त हो सकता है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा।

**मीन:** आज मौसम में परिवर्तन के कारण शरीर में थकावट हो सकती है। अचल संपत्ति को लेकर थोड़ी चिंता होगी। अनावश्यक खर्चों में तत्काल प्रभाव से नियंत्रण लाने का प्रयास करें। प्रेम संबंधों को लेकर अविश्वास की भावना पनप सकती है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 06.26 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## सुडोकू -39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | | | 6 | | | 9 |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| | 1 | | 9 | | | | 5 | |
| 8 | | | | | 2 | | 1 | |
| 4 | | | 7 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 8 | | 6 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | 8 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |

### श्रावण के पहले सोमवार को जिले के शिवालयों में उमड़ी आस्था, जागेश्वर में भक्तों ने शिवलिंग का किया जलाभिषेक

# अल्मोड़ा के शिवालय भोले के जयकारों से गूंजे

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** श्रावण के पहले सोमवार को अल्मोड़ा के शिवालय बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान रहे। भक्तों ने शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग पूजा-अर्चना में जुटे रहे।

सोमवार को नगर सहित आसपास के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरु हो गई थी। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य की कामना की। श्रावण माह पर शिव मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था। जिले के बेतालेश्वर, पार्वतीश्वर, उद्योतचंदेश्वर, कमलेश्वर सहित अन्य शिवालयों में हजारों की संख्या में लोगों ने भगवान शिव की प्रतिमा और शिव लिंग पर जलाभिषेक और दूध चढ़ाया। कई लोगों ने घरों में शिवार्चन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।


श्रावण मास के पहले सोमवार को जागेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

- सड़क किनारे वाहनों की करीब पांच सौ मीटर लंबी कतार लगी
- भिकियासैंण के नीलेश्वर मंदिर में भी भक्तों का लगा रहा तांता

### जागेश्वर में बम बम भोले के उदघोष से गूंजा

श्रावण के पहले सोमवार जागेश्वर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं ने तड़के पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। वहीं, आरतोला के पास बनाई गई पार्किंग वाहनों से फुल हो गई। हालात यह रहे कि सड़क किनारे वाहनों की करीब पांच सौ मीटर लंबी कतार लग गई। इस दौरान पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था में जुटी रही। पुख्ता व्यवस्था होने से लोगों को जाम की समस्या से निजात मिली।

### भिकियासैंण के शिवालयों में हुआ जलाभिषेक

सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज रही। भिकियासैंण के आदि शक्ति नीलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने रामगंगा नदी से जल भरकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। साथ ही वृद्ध केदार, रक्षेश्वर महादेव, रूद्रेश्वर आदि मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

# बाल श्रम के विरुद्ध चलाया अभियान

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** बाल श्रम पर नियंत्रण एवं इसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए पैन इंडिया रेस्क्यू अभियान के तहत सोमवार को टनकपुर नगर के वार्ड संख्या 1 से 5 तक जिला टास्क फोर्स द्वारा संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया गया।

इस अभियान में श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा पुलिस विभाग की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीम ने भाग लिया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में बाल श्रम की संभावनाओं का परीक्षण कर उसे रोकना एवं इसके प्रति जन जागरुकता फैलाना है।

निरीक्षण के दौरान टीम ने निर्माणाधीन कार्यस्थलों, होटल, ढाबा, दुकान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर गहन सर्वेक्षण किया।



टनकपुर में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाते सयुक्त टीम। ● अमृत विचार

अभियान के दौरान किसी भी स्थान पर कोई बाल श्रमिक कार्यरत नहीं पाया गया। टीम द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान स्वामियों को बाल श्रम निषेध अधिनियम एवं उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए सभी प्रतिष्ठानधारियों से यह शपथ-पत्र भरवाया गया कि वे अपने संस्थान में किसी भी प्रकार के बाल श्रमिक को कार्य नहीं दे रहे हैं तथा भविष्य में भी इस पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बाल श्रम के विरुद्ध इस प्रकार के निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेंगे तथा नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


पिथौरागढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा।

### केंद्रीय राज्य मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**पिथौरागढ़ :** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सोमवार को पिथौरागढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी समेत विभिन्न अधिकारियों के साथ आपदा राहत कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने जिले में बरसात के चलते बंद हुई सड़कों के साथ ही अन्य घटनाओं/हादसों के बारे में जानकारी ली और प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों को भी जाना। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को वर्षा काल में अलर्ट रहते हुए त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ ही सभी एजेंसियां मानसून सीजन को पूरी तरह तैयार हैं। इस दौरान उन्होंने दूरभाष के जरिए जिले में संचालित सभी आपदा केंद्रों में बातचीत की और उनसे जानकारी ली जिस पर उन्होंने संतोष जताया।

### कविता की हालत खतरे से बाहर

**बागेश्वर :** जंगली मशरूम खाने से बेहोश कविता देवी की हालत खतरे से बाहर है, घायल कविता का डॉक्टरों की टीम ने गांव में उपचार किया तथा उसे लेकर कपकोट चिकित्सालय पहुंची। जहां उसका उपचार चल रहा है। उल्लेखनीय है कि रविवार की दोपहर कुंवारी गांव में जंगली मशरूम खाने से 65 वर्षीय धनुली देवी की मौत हो गई थी जबकि उसकी बहू कविता देवी बेहोश थी। मार्ग अवरुद्ध होने के कारण न तो घायल कविता को ग्रामीण अस्पताल ले जा पाए और न ही डॉक्टरों की टीम वहां पहुंच पा रही थी। देर रात्रि पुलिस व चिकित्सा टीम गांव पहुंची व कमला देवी का इलाज करके उसे कपकोट लाए जहां उसका इलाज चल रहा है तथा उसकी हालत खतरे से बाहर है। वहीं कपकोट पुलिस भी देर रात गांव पहुंची व शव को जिला अस्पताल ले जाकर उसका पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### एमडीएम विद्यालय में विधिक साक्षरता कार्यक्रम चलाया

**टनकपुर :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के निर्देशन में विशेष वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत एमडीएम विद्यालय में विधिक साक्षरता कार्यक्रम चलाया गया। अधिकार मित्र अजय गुरूरानी, किरन गहतोड़ी, राधिका अधिकारी, बबीता पुनेठा व हरीश गौड़ द्वारा ककरालीगेट स्थित एमडीएम विद्यालय में विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट धर्मेंद्र चन्द की अध्यक्षता व प्रधानाचार्य सुनीता चन्द की मौजूदगी में छात्र छात्राओं के साथ विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सड़क, सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, जनेटिक दवाओं का उपयोग, नशा मुक्त उत्तराखंड व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्वरूप एवं कार्यों की विधिक जानकारी देकर औषधीय गुणों से युक्त एवं छायादार तेज पत्ता, नीम आदि के पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए तथा उपस्थित लोगों को भी 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रबंध द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत और सभी अधिकार मित्रों का आभार जताया गया।



लंबित मांगों के निराकरण को लेकर प्रदर्शन करते पर्यावरण मित्र।

### पर्यावरण मित्रों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**बनबसा :** नगर पंचायत बनबसा में कार्यरत पर्यावरण मित्रों द्वारा अपनी सात सूत्रीय लंबित मांगों के निराकरण न होने के चलते नगर पंचायत प्रांगण में दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रहा। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा के अध्यक्ष प्रमोद रत्नाकर ने कहा कि मांगे पूरी होने तक पर्यावरण मित्र हड़ताल पर रहेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रमोद रत्नाकर, महामंत्री अमन कुमार, संगठन मंत्री ओमपाल वाल्मीकि, विजय पाल, राजपाल, नीरज, सौरभ, गोविंदा, राजन, अर्जुन, बृजेश, अमरपाल, सानू, मिथिलेश, नीलम, सोनू, सोनी, नरेश विश्वकर्मा आदि पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

# बार संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

### जिला न्यायालय सभागार में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह


पिथौरागढ़ बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद केंद्रीय राज्य मंत्री और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** जिला बार संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित हुआ। बार संघ के अध्यक्ष सहित संघ के पांच नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ लेते हुए अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ने का संकल्प लिया।

जिला न्यायालय सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का मुख्य अतिथि सांसद अजय टम्टा और जिला जज शंकर राज ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। सांसद ने इस अवसर पर कहा कि देश और प्रदेश के विकास के लिए अधिवक्ताओं को बार संघ का मार्गदर्शन जरूरी है। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिलाया। जिला जज शंकर राज ने संघ के अध्यक्ष मोहन चंद्र भट्ट और सचिव पंकज शर्मा को शपथ दिलाई। वहीं सांसद टम्टा ने उपाध्यक्ष अनिल रौतेला, उपसचिव विनोद मतवाल को अपर सत्र न्यायाधीश गीता चौहान, कोषाध्यक्ष सुमित पंत को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सिंह ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। संघ के अध्यक्ष मोहन चंद्र भट्ट सहित अन्य सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। इस मौके पर सिविल जज (सीडि) आरती सरोहा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मंजू देवी, सिविल जज (जूडि) पूनम टोडी, न्यायिक मजिस्ट्रेट तान्या मिड्डा, मुख्य चुनाव अधिकारी पीसी पाटनी, मनोज ओझा, रमेश कापड़ी, केसी पंत, रितु गुप्ता, सुधीर आदि रहे।

## 80 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** पिथौरागढ़ जिले में मिशन मर्यादा अभियान के अंतर्गत चलाए गए इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान 80 व्यक्तियों के विरुद्ध ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन एवं अन्य विधिक प्रावधानों के अंतर्गत चालान व विधिक कार्यवाही की गई।

इसके अलावा मादक पदार्थो की तस्करी, सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों एवं ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भी एसपी रेखा यादव के निर्देश पर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पिथौरागढ़ ललित मोहन जोशी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक गौरव कुमार को हिरासत में लेकर वाहन सीज किया गया। थानाध्यक्ष नाचनी मंगल सिंह नेगी के नेतृत्व में रातो बैंड नाचनी स्थित एक दुकान से 101 पव्वे शराब बरामद की गई। दुकान संचालक दिवान सिंह कोरंगा को हिरासत में लेकर अभियोग पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष गंगोलीहाट हीरा सिंह डांगी के नेतृत्व में टीम ने अजुवागाड़ा के पास कार की आड़ में शराब बेचते मिले दिनेश राम के पास से 17 टैट्रापैक कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किया।

# हैंड एंड फुट माउथ डिजीज वायरस की चपेट में बच्चे


अल्मोड़ा जिला अस्पताल में ओपीडी के दौरान उमड़ी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- बदलते मौसम के बीच बढ़ रही दिक्कतें
- डॉक्टरों की सलाह पर दवाएं लेने की अपील

**अमृत विचार:** बरसात के मौसम में बच्चों से लेकर बुजुर्ग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिससे अस्पतालों में भी भीड़ बढ़ गई है। सोमवार को एक दिन अवकाश के बाद भी खुले जिला अस्पताल में ही बाह्य रोग विभाग में उपचार को सात से अधिक मरीज पहुंचे।

इन दिनों वायरल संक्रमण हैंड एंड फुट माउथ डिजीज तेजी से फैल रहा है। यह खासकर पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित कर रहा। बच्चों को इस रोग से मुंह, हाथों और पैरों पर छाले और दाने पैदा हो रहे हैं। इसको ठीक होने में करीब सात से 10 दिनों का समय लग रहा है। जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष पंत ने बताया कि इस बीमारी की चपेट में आकर हर दिन पांच से छह बच्चे उपचार को पहुंच रहे हैं। जबकि अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चे भी उपचार को पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन दिनों ओपीडी 100 तक पहुंच रही है।

इधर, पीएमएस डॉ. एचसी गड़कोटी ने बताया कि इन दिनों जल जनित रोग फैलने की अधिक संभावना रहती है। उन्होंने लोगों से बीमार पड़ने पर डॉक्टर की सलाह पर ही दवाएं लेने की अपील की है।

## फर्म संचालक पर पति को गायब करने का आरोप

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** एक फर्म संचालक पर पति को गायब करवाने के आरोप का मामला सामने आया है। मामले में महिला ने डीएम और एसएसपी को ज्ञापन सौंप आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

एसएसपी और डीएम को सौंपे ज्ञापन में मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी रूपा कश्यप ने कहा कि फर्म संचालक के स्कूल में वर्ष 2020 में रामलीला का मंचन कराया था। यह सिलसिला 2022 तक हर साल चलता रहा। कहा कि दिसम्बर 2024 में फर्म संचालक ने उसके पति को नौकरी के लिए बुला लिया। लेकिन कुछ माह बाद से पति का कोई अता-पता नहीं है। उन्हें आशंका है कि फर्म संचालक ने पति की हत्या कर दी है। आरोप लगाया कि फर्म संचालक के खिलाफ कई आपराधिक मामले चल रहे हैं। इससे वह भी दहशत में है।


लिपुलेख दर्रा पार कर तिब्बत में प्रवेश करता कैलाश मानसरोवर यात्रियों का जत्था।

### तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था भी तिब्बत पहुंचा

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में 17,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रे के जरिये कैलाश मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्रियों का 48 सदस्यीय दूसरा जत्था सोमवार को तिब्बत में प्रवेश कर गया। अधिकारियों के मुताबिक, यात्रा के लिए नोडल एजेंसी कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) के धारचूला आधार शिविर पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं ने लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए सोमवार सुबह सवा नौ बजे तिब्बत में प्रवेश किया। तिब्बत में अपने प्रवास के दौरान श्रद्धालु तकलाकोट, दारचेन, डेरा फुक, जुंगघुई पू और कुगू नामक स्थानों पर विश्राम करेंगे और पवित्र कैलाश पर्वत तथा मानसरोवर झील के दर्शन और परिक्रमा करेंगे। बताया कि लिपुलेख दर्रे के जरिये तीर्थयात्रा पर जाने वाले 46 सदस्यों का तीसरा जत्था सोमवार सुबह धारचूला से गुंजी के लिए रवाना हुआ है। इस वर्ष लिपुलेख दर्रे के जरिये पांच जत्थों में करीब 250 श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाएंगे। पांच में से तीन जत्थे यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर हैं जबकि चौथे और पांचवें जत्थे क्रमशः पांच और नौ अगस्त को धारचूला आधार शिविर पर पहुंचेंगे।

# हरेला पर्व पर को लेकर की बैठक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले में आगामी 16 जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले हरेला पर्व के अवसर पर चलने वाले वृहद पौधरोपण अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बार शासन द्वारा हरेला पर्व पर होने वाले पौधरोपण की थीम 'हरेला का त्योहार मनाओ, धरती मां का ऋण चुकाओ' निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि इस थीम पर कार्य करते हुए अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। वृहद पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों तय की हैं। इन जिम्मेदारियों में वन विभाग, उद्यान विभाग, कृषि एवं ग्राम्य विकास विभाग मुख्य रूप से जिम्मेदार रहेंगे। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा को पौधे उपलब्ध कराने के लिए नोडल अधिकारी बनाया है। सभी प्रकार के पौधरोपण में 50 प्रतिशत फलदार पौधे रोपे जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए विभागवार उत्तरदायित्वों का स्पष्ट निर्धारण करें। पौधरोपण के लिए चिन्हित स्थलों में सार्वजनिक स्थान, स्कूल-कॉलेज परिसर, नदी किनारे, गांव की भूमि, सरकारी परिसरों आदि को प्राथमिकता दी जाएगी। जिलाधिकारी ने पौध वितरण की व्यवस्था पारदर्शी एवं सुचारु रूप से करने के भी निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ दीपक सिंह, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, एडीएम सीएस मर्तोलिया आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेते डीएम आलोक कुमार पांडे। ● अमृत विचार

# 1 किलो 435 ग्राम चरस बरामद

सवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए गए अभियान के तहत सोमवार को सुभाष चौक में चेकिंग के दौरान धारचूला निवासी दो युवकों से 1 किलो 435 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जिला न्यायालय अल्मोड़ा में पेश किया गया।

कोतवाली रानीखेत से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को प्रातः नगर के सुभाष चौक में चेकिंग अभियान चलाया गया। तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक को रोका गया। चेकिंग के दौरान 21 वर्षीय मुकेश सिंह पुत्र पुष्कर सिंह निवासी ग्राम उमचिया पोस्ट तीजम थाना धारचूला पिथौरागढ़ से 710 ग्राम व 19 वर्षीय अंकुश सिंह दानू पुत्र नेत्र सिंह दानू निवासी तीजम पिथौरागढ़ के कब्जे से 725 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों अध्यक्षों को अल्मोड़ा जिला माननीय न्यायालय की कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक बिशनलाल, कैलाश चंद्र, हेड कांस्टेबल फिरोज खान, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह शामिल थे।

### सोमेश्वर में अवैध शराब संग एक दबोचा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को पुलिस अलर्ट मोड पर हैं। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है। अब सोमेश्वर पुलिस ने शराब की अवैध तस्करी करते आरोपी को धर दबोचा। थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह की अगुआई में पुलिस टीम ने सोमेश्वर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुटलगढ़-टाना के समीप आरोपी संजय वर्मा निवासी खाड़ी सुनार, सोमेश्वर जनपद अल्मोड़ा के कब्जे से 96 पाउच देशी शराब बरामद हुई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना सोमेश्वर में आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पंचायत चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क हैं, संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इंटरनेट मीडिया में भी पुलिस की नजर है।

**आयोजन** चम्पावत में नामित प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय लेखा तैयार करने का दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

# निर्वाचन व्यय का लेखा न दिया तो हो सकते हैं अयोग्य घोषित

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जनपद चम्पावत में नामित प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय लेखा तैयार करने के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी के आदेश तथा नोडल अधिकारी व व्यय अनुवीक्षण सेल की प्रभारी सीमा बंगवाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी, कोषागार चम्पावत के दिशा-निर्देश में यह प्रशिक्षण ऑडिटोरियम गौरलचौड़, चम्पावत में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर मुकेश कुमार एवं ट्रेनर मजहर हुसैन द्वारा किया गया।


चम्पावत में प्रशिक्षार्थियों को जानकारी देते ट्रेनर। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण सत्र में प्रत्याशियों को दिन-प्रतिदिन के व्यय का लेखा विवरण भरने की प्रक्रिया, अनुमत व्यय की सीमा, अनुमत साधनों के प्रयोग एवं अनुमति प्राप्त प्रचार सामग्री आदि का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही सहायक नोडल अधिकारी (व्यय अनुवीक्षण तंत्र) द्वारा स्पष्ट किया गया कि उत्तराखण्ड राज्य पंचायती राज अधिनियम 2016 की धारा 131(4)(ट)(1) के अनुसार यदि कोई प्रत्याशी निर्धारित समय में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करता है तो उसे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10 क के अंतर्गत अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण में अवैधानिक व्यय की शिकायतों की स्थिति में प्रमाणिक तथ्यों के आधार पर प्रत्याशी के व्यय अभिलेख में उसका समावेश किए जाने की प्रक्रिया भी समझाई गई। तथा प्रशिक्षण संबंधी अन्य जानकारियां प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में रिटर्निंग ऑफिसर धनपत कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक सिंह नगरकोटी, सुभाष चन्द्र गहतोड़ी, सहायक नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) डॉ. एमपी जोशी, विकासखण्ड चम्पावत के सहायक नोडल अधिकारी नन्दन सिंह भाकुनी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनोज भाकुनी, मास्टर ट्रेनर मुकेश कुमार, ट्रेनर मजहर हुसैन, लेखाकार अनिल कुमार व सहायक लेखाकार पूजा राय सहित संबंधित कार्मिक मौजूद रहे।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,253.46 | 25,082.30 |
| गिरावट | 247.01 | 67.55 |
| प्रतिशत में | 0.30 | 0.27 |

शुल्क वृद्धि

# भारत को अमेरिकी निर्यात से मिलेगा लाभ

## ट्रंप के चीन सहित अन्य देशों पर उच्च शुल्क लगाने के बाद, भारतीय निर्यात होगा और अधिक प्रतिस्पर्धी

नई दिल्ली, एजेंसी



ट्रंप प्रशासन के चीन, कनाडा और मेक्सिको सहित अन्य देशों पर उच्च शुल्क लगाने के बाद, अमेरिका को भारतीय निर्यात और अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएगा, जिससे भारत को लाभ होगा नीति आयोग ने रिपोर्ट में यह कहा है।

आयोग ने व्यापार पर अपनी तिमाही रिपोर्ट के तीसरे संस्करण में कहा कि उत्पादों की संख्या और अमेरिकी बाजार के आकार, दोनों के संदर्भ में, अमेरिकी बाजारों में भारत के लिए महत्वपूर्ण अवसर होंगे। भारत को शीर्ष 30 श्रेणियों (एचएस यानी हार्मोनाइज्ड प्रणाली दो स्तर) में से 22 में प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने की उम्मीद है। इन वस्तुओं का बाजार 2,285.2 अरब डॉलर का है। चीन, कनाडा और मेक्सिको इन श्रेणियों में अमेरिका के प्रमुख निर्यातक हैं, इसलिए इन देशों पर क्रमशः 30, 35 और 25% का उच्च शुल्क भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाएगा।

आयोग ने कहा कि भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता 30 में से 6 श्रेणियों में अपरिवर्तित रहेगी। यह अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात का 32.8% व अमेरिका के कुल आयात का 26% है। मूल्य के हिसाब से यह 26.5 अरब डॉलर है। आयोग ने कहा कि एचएस-दो स्तर पर 6 उत्पाद श्रेणियों के लिए, भारत को उच्च औसत शुल्क (1- 3% के बीच) का सामना करना पड़ रहा है, जिसपर अमेरिका के साथ बातचीत की जा सकती है। रिपोर्ट कहती है, 78 उत्पादों में भारत को प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने की उम्मीद है।

ये भारत के निर्यात में 52% और कुल अमेरिकी आयात में 26% हिस्सेदारी रखते हैं। एचएस-4 स्तर पर शीर्ष 100 उत्पादों में से 17 उत्पादों (जो अमेरिका को भारत के निर्यात का 28% हिस्सा हैं) के लिए है, आयोग ने कहा कि शुल्क अंतर में कोई बदलाव नहीं होने से भारत का प्रतिस्पर्धी लाभ अपरिवर्तित है।

भारत को 1,265 अरब डॉलर के बाजार में चीन, कनाडा व मेक्सिको की तुलना में उच्च शुल्क अंतर वाले क्षेत्रों खनिज और ईंधन, परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक, फर्नीचर और समुद्री खाद्य पदार्थों... में लाभ होगा। प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर एक और दौर की वार्ता के लिए भारतीय वाणिज्य मंत्रालय का एक दल अमेरिका पहुंच गया है। यह बातचीत सोमवार से शुरू हो रही है।

### चीन का निर्यात जून माह में 5.8 प्रतिशत बढ़ा

**बीजिंग।** चीन के निर्यात में अमेरिकी शुल्क से राहत के बाद जून में तेजी आई। सोमवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, निर्यात में सालाना आधार पर 5.8% की वृद्धि दर्ज की गई। मई में इसमें 4.8% की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के अनुसार आयात में भी सुधार हुआ और इस साल पहली बार इसमें वृद्धि दर्ज की गई जो जून में यह 1.1% बढ़ा। अमेरिका को निर्यात में 16% की गिरावट आई, लेकिन यह मई में दर्ज की गई 34.5% की गिरावट के आधे से भी कम है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन से आयात पर 245% तक का शुल्क लगाने और चीन के जवाब में भारी आयात शुल्क लगाने के बाद दोनों पक्ष बातचीत के लिए समय देने के लिए शुल्क वापस लेने पर सहमत हुए। दोनों पक्षों के बीच प्रारंभिक बातचीत में अभी तक कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इस बीच, ट्रंप प्रशासन ने चीन से आयात पर शुल्क में 35% की वृद्धि कर दी है। अमेरिका और चीन ने फिलहाल टाले गए उच्च शुल्क को वापस लागू करने की समय सीमा 12 अगस्त तय की है। व्यापार में सुधार से अप्रैल-जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। चीन की सरकार मंगलवार को इससे संबंधित आंकड़े जारी करेगी।

## रणनीतिक व्यापार: जोखिम की संतुलित नीति

रणनीतिक व्यापार वह नीति है, जिसमें सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास या तकनीकी श्रेष्ठता को ध्यान में रखते हुए कुछ खास वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को नियंत्रित करती है। इसमें उच्च तकनीक, रक्षा संबंधी वस्तुएं, या सीमित संसाधनों से जुड़ी वस्तुएं शामिल होती हैं। यह व्यापार नीति आमतौर पर निर्यात नियंत्रण, आयात प्रतिबंध या सब्सिडी जैसे उपायों के माध्यम से लागू की जाती है। इसका उद्देश्य केवल लाभ कमाना नहीं बल्कि दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना होता है। यह व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में रणनीतिक बढ़त दिलाने में सहायक होता है।

### क्या है रणनीतिक व्यापार

रणनीतिक व्यापार ऐसी नीति है, जिसके तहत सरकार कुछ विशिष्ट उत्पादों या तकनीकों के आयात-निर्यात को नियंत्रित करती है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा, औद्योगिक विकास और तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा सके। यह सामान्य मुक्त व्यापार से भिन्न होता है, क्योंकि इसमें राज्य की भूमिका निर्णायक होती है।




बात काम की

### वर्तमान परिप्रेक्ष्य

- हाल के वर्षों में अमेरिका, चीन, यूरोप जैसे बड़े देशों ने तकनीकी और रक्षा क्षेत्रों में रणनीतिक व्यापार नीतियों को अपनाया है। भारत ने भी सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादों और अंतरिक्ष तकनीकों के संदर्भ में ऐसी रणनीतियां अपनाई हैं।

### व्यापार के फायदे

- **राष्ट्रीय सुरक्षा:** सैन्य या रक्षा उपयोग की वस्तुओं के निर्यात पर नियंत्रण कर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना, अत्याधुनिक तकनीकों का निर्यात देश की तकनीकी बढ़त।
- **उद्योगों को संरक्षण:** रणनीतिक व्यापार नीतियां घरेलू उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से बचाकर विकसित करने में सहायक होती हैं।
- **राजनीतिक -कूटनीतिक दबाव:** कुछ वस्तुओं पर नियंत्रण रखकर सरकारें अन्य देशों पर प्रभाव डाल सकती हैं, जैसे- सेमीकंडक्टर या रक्षा उपकरणों का निर्यात रोकना।

### व्यापार से जुड़े जोखिम

- **वाणिज्यिक नुकसान:** सीमित व्यापारिक साझेदारों से आय घट सकती है। जिन देशों को प्रतिबंधित किया गया, वे व्यापार रोक सकते हैं।
- **वैश्विक आपूर्ति में बाधा:** वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर प्रतिबंध से प्रक्रिया प्रभावित होती है। विदेशी प्रतिस्पर्धा की कमी से घरेलू कंपनियां नवाचार में पिछड़ सकती हैं।

## आठ आवासीय बाजारों में बिक्री 14% घटी

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के आठ प्रमुख आवासीय बाजारों में बिक्री अप्रैल-जून में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत घटकर 97,674 इकाई रह गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 1,13,768 इकाई थी।

आवासीय 'ब्रोकरेज' कंपनी प्रॉपटाइगर की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और पुणे में मकानों की बिक्री अप्रैल-जून में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत घटकर 41,901 इकाई रह गई। कीमतों में वृद्धि से उपभोक्ता मांग कम हुई। महाराष्ट्र के दो महत्वपूर्ण संपत्ति बाजारों एमएमआर और पुणे में संयुक्त आवास बिक्री एक वर्ष पूर्व की समान अवधि में 60,191 इकाई थी।

अन्य प्रमुख प्रमुख आवासीय बाजारों में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), अहमदाबाद, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता शामिल हैं। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के बिक्री प्रमुख श्रीधर श्रीनिवासन ने कहा कि खासकर बजट व मध्यम आय वर्ग में सामर्थ्य के दबाव ने खरीदारों की धारणा को थोड़ा सतर्क कर दिया है। श्रीनिवासन ने कहा कि हालांकि अंतर्निहित मांग बरकरार है। प्रॉपटाइगर आरईए इंडिया का हिस्सा है। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व है।

## जेन स्ट्रीट ने एस्क्रो खाते में जमा किए 4843 करोड़

**नई दिल्ली।** बाजार में हेरफेर के जरिये भारी मुनाफा कमाने वाली अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट ने एक एस्क्रो खाते में 4,843.57 करोड़ रुपये जमा करा दिए हैं और सेबी से कुछ प्रतिबंध हटाने का अनुरोध किया है।

- **सेबी से प्रतिबंध हटाए जाने का अनुरोध**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को यह जानकारी दी और कहा कि बजार नियामक इस अनुरोध पर गौर कर रहा है। सेबी ने 3 जुलाई को अपने अंतरिम आदेश में जेन स्ट्रीट (जेएस) को भारी लाभ कमाने के लिए नकदी और वायदा एवं विकल्प बाजारों में एक साथ दांव लगाकर बाजारों में हेरफेर करने का दोषी पाया था और कंपनी को बाजार में प्रवेश से रोक दिया व 4,843 करोड़ से अधिक के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश दिया था। जांच अनुसार जेएस ने 2023 से 2025 तक 36,671 करोड़ का लाभ कमाया है।

## बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 247 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे सत्र में गिरावट रही और सेंसेक्स 247 अंक टूट गया। वहीं निफ्टी 68 अंक के नुकसान में रहा। आईटी शेयरों में बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। बीएसई का सेंसेक्स 247.01 अंक की गिरावट के साथ 82,253.46 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 67.55 अंक की गिरावट के साथ 25,082.30 अंक पर बंद हुआ। 9 जुलाई से अबतक की 4 कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,460 अंक यानी 1.75% और निफ्टी 440 अंक यानी 1.73% नीचे आ चुका है। एशियन पेंट्स में 1.58% की गिरावट आई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टीसीएस, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईटीसी लाभ में रहे। शेयर बाजार के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 5,104.22 करोड़ के शेयर बेचे।



- आईटी शेयरों में बिकवाली और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी का दिखा प्रभाव

### मिड-स्मॉलकैप में रही तेजी

मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप और छोटी कंपनियों से जुड़े स्मॉलकैप सूचकांक में क्रमश: 0.71 और 1.04% तक की तेजी रही। बीएसई के 2,137 शेयरों में गिरावट आई जबकि 2,054 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं 149 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में रहे, जबकि जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नुकसान के साथ बंद हुए थे।

राष्ट्रीय

### एक नजर

#### महाराष्ट्र: भाजपा नेता के बेटे के पास से मेफेड्रोन बरामद

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में बॉडी बिल्डिंग में कई पुरस्कार जीत चुके व्यक्ति के पास से मेफेड्रोन बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि आशीर्वाद नगर निवासी संजय बुग्गेवार को रविवार सुबह गणेशपेठ बस टर्मिनस के पास से गिरफ्तार कर 16.05 ग्राम मेफेड्रोन बरामद किया गया है। गणेशपेठ थाने के अधिकारी ने कहा, वह भाजपा नेता अजय बुग्गेवार का बेटा है। आरोपी ने अपने सहयोगी के रूप में प्रणय बजारे का नाम बताया है जिसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

#### नशे में मिले परिषदीय स्कूल के प्रधानाध्यापक, केस दर्ज

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना के जिला परिषद स्कूल के प्रधानाध्यापक को एक कक्षा में नशे की हालत में फर्श पर बेहोश पाए जाने के बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना शुक्रवार को भोकरदन तहसील के टाकली गांव के जिला परिषद स्कूल में हुई और प्रधानाध्यापक दामू भीमराव रोजेकर है। पूर्व सरपंच बलिराम गावंडे ने रोजेकर को नशे में कक्षा की फर्श पर लेटा देखा। प्रखंड शिक्षा अधिकारी एसबी नेहार स्कूल पहुंचे और सहायक उप निरीक्षक भास्कर जाधव को बुलाया और मामला दर्ज कराया।

#### आईईडी विस्फोट में तीन ग्रामीण घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट में 16 वर्षीय लड़की समेत तीन ग्रामीण घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मद्देड़ थाना क्षेत्र के धनगोल गांव के पास रविवार शाम हुई इस घटना में कविता कुड़ियम, कोरसे संतोष और चिड़ेम कन्हैया घायल हुए हैं।

# याचिका वापस लेने के रुख का विरोध

## विधेयकों को स्वीकृति देने में देरी पर राज्यपाल के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई 25 जुलाई तक स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केरल विस द्वारा पारित विधेयकों को स्वीकृति देने में देरी पर राज्यपाल के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई 25 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा व एएस चांदुरकर की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि द्वारा समय मांगने पर ऐसा किया। केरल सरकार के अधिवक्ता केके वेणुगोपाल ने यह कहते हुए याचिका वापस लेने का अनुरोध किया कि तमिलनाडु के राज्यपाल मामले में पारित फैसले के मद्देनजर यह मुद्दा निरर्थक हो गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विरोध करते हुए न्यायालय से आग्रह किया कि विधेयकों को मंजूरी देने के लिए अनुच्छेद 143 के तहत राष्ट्रपति के संदर्भ पर शीर्ष अदालत के फ़ैसले का इंतज़ार किया जाए।



### नीट-पीजी परीक्षा से जुड़ी याचिकाओं पर 3 अगस्त को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर, खासकर उत्तर कुंजी जारी करने और मूल्यांकन प्रोटोकॉल के संबंध में, चिंता जताने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सोमवार को 3 अगस्त की तारीख तय की। न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और एन. वी. अंजारिया की पीठ ने इन मुद्दों पर दायर याचिकाओं पर संक्षिप्त सुनवाई की। वकील तन्वी दुबे के माध्यम से दायर याचिका में मूल्यांकन प्रणाली की कथित अपारदर्शी प्रकृति को चुनौती दी गई है और नीट-पीजी आयोजित करने के लिए जिम्मेदार प्राधिकरण, राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) को कई निर्देश देने की मांग की गई है।

### उदयपुर फाइल्स की रोक पर होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल टेलर मर्डर की रिलीज पर रोक लगाने से संबंधित दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार को सहमति जताई। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जे. बागची की पीठ ने कहा कि निर्माताओं की ओर से पेश वकील ने याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के प्रमाणन के बावजूद फिल्म की रिलीज पर रोक लगाई गई है। पीठ ने कहा कि वह बुधवार या उसके बाद किसी भी दिन इस पर सुनवाई करेगी।

### अगस्त में उद्धव गुट की याचिका पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र विस अध्यक्ष द्वारा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट को 'धनुष-बाण' चुनाव चिह्न देने के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े की याचिका पर सुनवाई के लिए अगस्त की तारीख तय की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा लंबित है और अनिश्चितता को जारी नहीं रहने दिया जा सकता। पीठ ने उद्धव गुट के अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा, हम मुख्य मामले के अंतिम निपटारे के लिए अगस्त की तारीख तय करेंगे।

### प्रदर्शन का अनोखा अंदाज



बेंगलुरु के रवींद्र कलाक्षेत्र में कलाकारों ने अधिकारियों की बदसलूकी के खिलाफ कुछ ऐसे अंदाज में प्रदर्शन किया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। कलाकार भुगतान की मांग पर अपमानजनक किए व्यवहार से काफी नाराज है। एजेंसी

## कांवड़ यात्रा के दौरान कोई बाधा बर्दाश्त नहीं करेंगे: रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, एजेंसी



- **दिल्ली में कांवड़ मार्ग पर कांच के टुकड़े बिखरे पाए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी**

दिल्ली के शाहदरा में कांवड़ यात्रा मार्ग पर कांच के टुकड़े बिखरे पाये जाने के कुछ दिनों बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यात्रा में बाधा उत्पन्न करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार कांवड़ियों को सुविधाएं देने को प्रतिबद्ध है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर 400 मीटर तक कांच के टुकड़े मिले थे। यदि कांवड़ यात्रा में कोई सुरक्षा बाधा या रुकावट पैदा होती है तो संबंधित व्यक्ति को जवाब देना होगा। पुलिस ने रविवार को बताया कि एक ई-रिक्शा चालक को हिरासत में लिया गया, क्योंकि उसके वाहन पर ले जाए जा रहे कांच के पैनल टूटकर कांवड़ यात्रा मार्ग पर बिखर गए थे।

### पार्किंग विवाद से जुड़े हत्या के प्रयास में नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में कांवड़ यात्रा की तैयारी के दौरान पार्किंग विवाद से जुड़े हत्या के प्रयास में एक किशोर समेत चार लोगों को पकड़ा गया है। अधिकारी ने बताया कि घटना 11 जुलाई की है। पुलिस को मयूर विहार फेज-1 स्थित शशि गार्डन के पास गोलीबारी की सूचना मिली थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अभिषेक धानिया ने कहा, टीम को मौके से एक गोली का निशान मिला। शिकायतकर्ता जितेंद्र अनुसार बाइक खड़ी करने को लेकर हुई बहस गोलीबारी में बदल गई।

## नूंह में मजार क्षतिग्रस्त, कड़ी सुरक्षा के बीच बृज मंडल यात्रा शुरू

नूंह, एजेंसी

- **दो वर्ष पूर्व धार्मिक जुलूस में हुई झड़पों की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए बढ़ाई गई सुरक्षा**

हरियाणा के नूंह में नल्हड़ महादेव मंदिर से सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा शुरू हुई। यात्रा शुरू होने से पहले एक मजार को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना सामने आयी थी।

80 किलोमीटर लंबी यह यात्रा गुरुग्राम से 50 किलोमीटर दूर नूंह स्थित नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झीर मंदिर जाएंगे। झीर मंदिर से होते हुए यह यात्रा सोमवार को सिंगार में ही समाप्त होगी। पुलिस ने बताया कि नूंह के तावडू कस्बे में बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले एक मजार को क्षतिग्रस्त करने की घटना सामने आयी है। दो साल पहले धार्मिक जुलूस के दौरान हुई झड़पों की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात हुई तोड़फोड़ की इस घटना के जिम्मेदार लोगों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद, तावडू के सैनीपुरा मोहल्ले में स्थित मजार पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं।

## बंगाल में 12 घंटे बंद के दौरान पुलिस से हुई प्रदर्शनकारियों की झड़प

**कोलकाता।** प. बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के खेजुरी इलाके में दो लोगों की अस्वाभाविक मौत के विरोध में भाजपा द्वारा सोमवार को आहूत 12 घंटे के बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई और सड़कें जाम कर दी गईं। सुजीत दास और सुधीर चंद्र पाइक शुक्रवार रात खेजुरी के जनका इलाके में मुहर्रम के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उसी दौरान उनकी मौत हो गई।

विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि टीएमसी के स्थानीय नेता सहित 7 लोगों ने उन्हें पीटकर मार डाला जबकि पुलिस ने कहा कि दोनों की मौत बिजली के खंभे से दुर्घटनावश गिरने से हुई तथा उनसे मारपीट का संकेत नहीं मिला। विरोध में आहूत बंद करते हुए भाजपा ने राजमार्गों पर पेड़ों के लट्ठों से रास्ता जाम किया। पुलिस ने यातायात में बाधा डालने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया।

## एफएम कॉलेज की छात्रा की हालत गंभीर, लेकिन स्थिर

भुवनेश्वर, एजेंसी

**कॉलेज में आत्महत्या के प्रयास का मामला**

शिक्षक द्वारा यौन उत्पीड़न किये जाने के मामले में न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने वाली 20 वर्षीय छात्रा की हालत सोमवार को तीसरे दिन गंभीर बनी हुई है।

भुवनेश्वर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के अधीक्षक डॉ. दिलीप परिदा ने छात्रा की हालिया स्थिति के बारे बताया, उसकी हालत गंभीर, लेकिन स्थिर है। हम स्थिर इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि उसकी स्वास्थ्य स्थिति वैसी ही बनी हुई है जैसी कि शनिवार शाम को अस्पताल में भर्ती कराने के वक्त थी। हालांकि, स्वास्थ्य स्थिति में कोई सुधार नहीं है। अगले 72 घंटे अहम हैं। डॉ. परिदा ने बताया कि रविवार रात डायलिसिस के बाद मरीज़ को पेशाब कम आया है। रविवार रात उसे बुखार था। हालांकि, पेशाब आना सकारात्मक संकेत है, लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि उसकी हालत में सुधार हुआ है।

## आयकर विभाग ने फर्जी कर कटौती मामले में छापे मारे

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने सोमवार को कई शहरों में उन संस्थाओं के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत छापेमारी की, जो कुछ व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार की छूटों का दावा करके उनके रिटर्न में फर्जी कटौती का लाभ उठाने में मदद करती हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

- **चंदा, बीमा और ऋणों के भुगतान दावों की झूठी कटौती की जांच**

उन्होंने बताया कि पंजीकृत या अपंजीकृत राजनीतिक दलों को राजनीतिक चंदा देने, चिकित्सा बीमा, ट्यूशन फीस और कुछ प्रकार के ऋणों के भुगतान के बदले व्यक्तियों द्वारा दावा की गई झूठी कटौती उन मामलों में शामिल हैं जिनकी इन छापों के तहत जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत कुछ व्यक्तियों और उनके कर सलाहकारों, जो उन्हें फर्जी छूट का दावा करने में मदद करते हैं, की तलाशी ली जा रही है।

## हिमाचल में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, 200 से अधिक सड़कें बंद

शिमला, एजेंसी

मौसम विभाग ने हिमाचल के तीन जिलों में सोमवार और मंगलवार को अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि सोमवार को कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में और मंगलवार को शिमला, सोलन तथा सिरमौर में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। साथ ही, विभाग ने शुक्रवार तक 12 में से कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, आपदा प्रभावित मंडी ज़िले की 157 सड़कों सहित कुल 208 सड़कें बारिश के कारण वाहनों के आवागमन के लिए बंद हैं जबकि सोमवार सुबह तक 745 जलापूर्ति योजनाएं और 139 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। हिमाचल को पहले ही 770 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। एसईओसी ने बताया कि मानसून की शुरुआत से लेकर 13 जुलाई तक, 98 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 57 मौत बारिश की घटनाओं में व 41 मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हुई 178 घायल हुए हैं।



## महिला को कोल्ड ड्रिंक में दी गई नींद की गोलियां: पुलिस

कोलकाता, एजेंसी

**आईआईएम-कलकत्ता में दुष्कर्म का मामला**

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), कलकत्ता में दुष्कर्म मामले के आरोपी ने दवा दुकान से नींद की गोलियां खरीदने की बात स्वीकार की है, जिसे उसने अपराध को अंजाम देने से पहले महिला को दी कोल्ड ड्रिंक्स में मिलाया था।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आरोपी छात्र के बयानों में विसंगतियां मिलीं। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने नींद की गोलियां खरीदी थीं और उन्हें कोल्ड ड्रिंक्स में मिलाकर दिया था, जो उसने महिला को तब दिया था जब वह वहां थी, लेकिन वह यह नहीं बता सका कि काउंसिलिंग के लिए उसके पास आई महिला के साथ ऐसा करने के पीछे उसका इरादा क्या था। वह इस सवाल का जवाब नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य से पता चला कि पीड़िता कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद लड़कों के छात्रावास के एक कमरे में गई, जहां कथित अपराध हुआ।

## एक नजर



**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें दिन लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के क्रिस वोक्स भारत के नीतीश कुमार रेड्डी के विकेट का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### वरुण आरोन बने सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच

**हैदराबाद :** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। सनराइजर्स ने अपने 'एक्स' पर लिखा हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा। वरुण आरोन का हमारे नये गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है। आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे। पैंतीस साल के आरोन ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच इसी साल पांच जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ झारखंड के लिए विजय हजारे ट्रॉफी का खेल था। झारखंड के इस 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने पर उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी।

### अदिति 28वें स्थान पर रहीं, ग्रेस किम ने खिताब जीता

**पेरिस :** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर यहां अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर कट में जगह नहीं बना पाई थी। ऑस्ट्रेलिया की ग्रेस किम ने एवियन रिसोर्ट गोल्फ क्लब में प्लेऑफ में विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता।

### सात्विक-चिराग की निगाह खिताब व सिंधू की फॉर्म में वापसी पर

**टोक्यो :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने और खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी। जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद यह स्टार जोड़ी सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग की पीठ की चोट के कारण कई सप्ताह तक बाहर रही। सिंधू फॉर्म में वापसी की वापसी की कोशिश करेगी।

### युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन 18 जुलाई से वाराणसी में

**नई दिल्ली :** नशे की लत के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) 18 जुलाई से वाराणसी में तीन दिवसीय 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' आयोजित करने जा रहा है, जहां 500 युवा प्रतिनिधि इस बुराई के खिलाफ 'विचार-विमर्श कर रणनीतियां बनाएंगे'। इस सम्मेलन का उद्देश्य 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय रणनीति तैयार करना है।



विकेट के बीच दौड़ते समय रवींद्र जडेजा और ब्रायडन कार्स टकरा गए। ● एजेंसी

# जीत की दहलीज तक लड़कर हारा भारत

## इंग्लैंड ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन भारत को 22 रनों से हराया

**लंदन, एजेंसी**

रविंद्र जडेजा के नाबाद जुझारू अर्धशतक के बावजूद भारत को यहां लार्ड्स में तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को यहां 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा जिससे इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। स्पिनर शोएब बशीर (छह रन पर एक विकेट) ने मोहम्मद सिराज (04) को बोल्ड करके इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड के 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर (55 रन पर तीन विकेट), कप्तान बेन स्टोक्स (48 रन पर तीन विकेट) और ब्राइडन कार्स (30 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 74.5 ओवर में 170 रन पर आउट हो गया।

क्रिस वोक्स (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक विकेट चटकाया। आर्चर ने अपना पिछला टेस्ट फरवरी 2021 में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ ही खेला था। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 82 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन जडेजा (नाबाद 61 रन, 181 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने नितीश कुमार रेड्डी (13) के साथ आठवें विकेट के लिए 91 गेंद में 30, जसप्रीत बुमराह (05) के साथ नौवें विकेट के लिए 132 गेंद में 35 और सिराज के साथ अंतिम विकेट के लिए 80 गेंद में 23 रन की साझेदारी करके अप्रत्याशित जीत की उम्मीद जगाई थी लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए।

सीरीज का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था जिसके बाद भारत ने जोरदार वापसी करते हुए बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट 336 रन से अपने नाम करके सीरीज बराबर की थी। भारत ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 58 रन से की। टीम को तेजी से टूटती और असमान उछाल वाली पिच पर 135 रन की और जरूरत थी। भारत को 1932 के बाद से इस प्रतिष्ठित मैदान पर अपनी चौथी जीत के लिए बल्लेबाजों से आक्रामक प्रदर्शन की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पहले घंटे के अंदर ऋषभ पंत (12 गेंद पर नौ रन), लोकेश राहुल (58 गेंद पर 39 रन) और वाशिंगटन सुंदर (चार गेंद पर शून्य) के आउट होने से भारत की हार लगभग तय नजर आने लगी थी। जडेजा और रेड्डी ने हालांकि आठवें विकेट के लिए 30 रन जोड़कर विकेटों के पतझड़ पर विराम लगाया लेकिन वोक्स ने लंच से पहले की अंतिम गेंद पर रेड्डी को विकेटकीपर जेम्स स्मिथ के हाथों कैच करा दिया।



तीसरा टेस्ट मैच जीतने के बाद जश्न मनाती इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

**इंग्लैंड पहली पारी: 387 रन**
**भारत पहली पारी: 387 रन**
**इंग्लैंड दूसरी पारी : 192 रन**

**भारत दूसरी पारी**

**170/10** (74.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो आर्चर | 00 |
| लोकेश राहुल पगबधा बो स्टोक्स | 39 |
| करुण नायर पगबाधा बो कार्स | 14 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो कार्स | 06 |
| आकाशदीप बो स्टोक्स | 01 |
| ऋषभ पंत बो आर्चर | 09 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 61 |
| वाशिंगटन सुंदर का एवं बो आर्चर | 00 |
| नितीश कुमार रेड्डी का स्मिथ बो वोक्स | 13 |
| जसप्रीत बुमराह का बो स्टोक्स | 05 |
| मोहम्मद सिराज बो बशीर | 04 |

**गेंदबाजी :** वोक्स 12-5-21-1, आर्चर 16-1-55-3, स्टोक्स 24-4-48-3, कार्स 16-2-30-2, रूट 1-0-1-0, बशीर 5 .5-1-6-1

## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम झकझोरा, ग्रीन ने जगाई उम्मीद

**किंग्स्टन (जमैका), एजेंसी**

कैमरन ग्रीन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने 99 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद कुल 181 रन की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीन 42 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान पैट कमिंस पांच रन बनाकर खेल रहे हैं।

रविवार को तीनों सत्र में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों के 15 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने इस दिन रात्रि टेस्ट मैच में इससे पहले वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 रन पर आउट करके अपनी टीम को 82 रन की बढ़त दिला दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उन्हें तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (19 रन देकर तीन विकेट) और शमर जोसेफ (26 रन देकर दो विकेट) की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। शमर जोसेफ़ ने दूसरे ओवर में सैम कोंस्टास (00) आउट कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पतन शुरू हो गया। 19 वर्षीय कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने छह पारियों में 50 रन बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा (14) और स्टीव स्मिथ (05) दोनों नहीं चल पाए और बोल्ड होकर पवेलियन लौटे।

## नायर के लिए मुश्किल होगा टीम में बने रहना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



करुण नायर।

● इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में लगातार छह पारियों में रहे असफल

करुण नायर को दोबारा भारत की जर्सी पहनने के लिए आठ साल का लंबा इंतजार करना पड़ा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में अपनी दूसरी पारी के 25 दिनों के अंदर कर्नाटक के इस बल्लेबाज के लिए इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में लगातार छह विफलताओं के बाद टीम में जगह बरकरार रखना शायद मुश्किल होगा।

घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाने के बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले नायर ने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए दोहरा शतक लगाकर इस दौरे की शानदार शुरुआत की थी। उन्होंने इस प्रदर्शन से अंतिम एकादश में जगह के लिए अपना दावा मजबूत किया था। इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले, एजबेस्टन और लॉड्‌र्स में तीन टेस्ट मैचों के बाद नायर ने 22 से कम के औसत से केवल 131 रन बनाए हैं। गौतम गंभीर के नेतृत्व वाले टीम प्रबंधन के लिए इन आंकड़ों को नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल होगा।

लीड्स में अपने पदार्पण टेस्ट की पहली पारी में नाकाम रहने वाले साई सुदर्शन ने दूसरी पारी में 30 रन बनाये और इस दौरान काफी सहज दिखे। टीम ने हालांकि नायर के साथ आगे बढ़ने को तरजीह दिया क्योंकि उनकी उम्र 34 के करीब है तो वही युवा बल्लेबाज सुदर्शन के पास खुद को साबित करने के लिए अभी काफी समय है। नायर के लिए यह करो या मरो वाली स्थिति थी। गंभीर तथा कप्तान शुभमन गिल के पास भी उन्हें पर्याप्त मौके देने के पीछे बहुत तर्क था। लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजी और स्विंग के सामने वह असहज दिखे।

## चेल्सी बना क्लब विश्व कप चैंपियन

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका), एजेंसी**



क्लब विश्व कप फाइनल के दौरान चेल्सी के कोल पामर फुटबाल छीनने का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

● क्लब विश्व कप फाइनल में पीएसजी को 3-0 से हराया

कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए।

उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल है। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए हैं। पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी इस सत्र में लीग 1, कूप डी फ्रांस और चैंपियंस लीग खिताब हासिल किया। फाइनल को देखने के लिए 81,188 दर्शक उपस्थित थे जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे।

## अल्काराज पर जीत ने विंबलडन खिताब को खास बना दिया : सिनर

**लंदन, एजेंसी**

यनिक सिनर हर हाल में विंबलडन का खिताब जीतना चाहते थे फिर चाहे फाइनल में उनका प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन अब उन्होंने स्वीकार किया है कि कार्लोस अल्काराज पर जीत ने इसे खास बना दिया है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने रविवार को यहां फाइनल में पिछले दो बार के विजेता अल्काराज के खिलाफ 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके पहली बार विंबलडन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सिनर ने मैच के बाद कहा यह निश्चित तौर पर काफी मायने रखता है क्योंकि जब आप किसी के खिलाफ कई बार हार जाते हैं, तो यह आसान नहीं होता है।



मैं कार्लोस को हमेशा अपना आदर्श मानता हूं, क्योंकि आज भी मुझे लगा कि वह कुछ चीजें मुझसे बेहतर कर रहा है। इसलिए हम इस पर काम करेंगे और खुद को तैयार करेंगे, क्योंकि हमारा फिर से आमना-सामना होगा।

-यानिक सिनर



मैं उनके साथ इस प्रतिद्वंद्विता को लेकर वाकई बहुत खुश हूं। यह हमारे लिए और टेनिस के लिए बहुत अच्छा है। जब भी हम एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, तो हमारे खेल का स्तर वास्तव में काफी ऊंचा होता है।

-अल्काराज

## शादी के सात साल बाद अलग हुए साइना और पारुपल्ली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप शादी के सात साल बाद आधिकारिक तौर पर अलग हो गए है। साइना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अगले होने की पुष्टि की।

उन्होंने लिखा कई बार जिंदगी हमें अलग रास्तों पर ले जाती है। सोच-विचार के बाद, कश्यप पारुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला लिया है। हम शांति, आगे बढ़ने और खुद को समझने के रास्ते को चुन रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, "बीते पलों के लिए शुक्रिया और आगे के लिए शुभकामनाएं। इस समय हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद। भारतीय खेलों में कभी शक्तिशाली जोड़ी माने जाने वाले इस जोड़े ने हैदराबाद स्थित पुलेला गोपीचंद अकादमी में एक साथ प्रशिक्षण लिया और बाद में 2004 में डेटिंग शुरू की। करीब दस वर्ष की मित्रता के बाद 2018 में दोनों खिलाड़ी वैवाहिक बंधन में बंधे थे। दोनों ही खिलाड़ियों का पेशेवर सफर उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा रहा है। साइना ने 2012 के लंदन ओलंपिक में विश्व की नंबर वन रैंकिंग और कांस्य पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई, वहीं पारुपल्ली ने 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर और डब्ल्यूएफ की शीर्ष 10 रैंकिंग में जगह बनाई।

## धाविका ज्योति याराजी के घुटने की हुई सफल सर्जरी

**नई दिल्ली :** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ की एथलीट ज्योति याराजी के घुटने की सर्जरी सफल रही है। इस सर्जरी के कारण वह सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो जाएंगी और साथ ही मौजूदा सत्र का उनके लिए अंत हो जाएगा।

पच्चीस साल की याराजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया कि शुक्रवार को उनके दाहिने घुटने के एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की सर्जरी हुई। यह सर्जरी जाने-माने सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने की। याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा सभी को नमस्कार, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस शुक्रवार को डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने मेरे दाहिने घुटने के एसीएल की सर्जरी की जो सफल रही।

## राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक मानसून सत्र में होगा पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने दी जानकारी



खेल मंत्री मनसुख मांडविया। ● एजेंसी

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश किया जाएगा।

मांडविया ने युवा मामलों के विभाग की नशा के खिलाफ पहल शुरू करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के इतर मीडिया से बातचीत में सरकार के इस रुख को भी दोहराया कि बहुपक्षीय खेल आयोजनों के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियों को भारत आने से नहीं रोका जाएगा। मांडविया ने कहा आगामी सत्र के दौरान यह विधेयक संसद में पेश किया जाएगा। मैं कुछ दिनों में इससे जुड़े और विवरण दूंगा। यह विधेयक देश के खेल प्रशासकों के लिए अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहता है, जिसमें एक नियामक बोर्ड का प्रावधान होगा। इस बोर्ड के पास राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और सुशासन से संबंधित प्रावधानों के पालन के आधार पर उन्हें धन आवंटित करने की शक्ति होगी।

यह बोर्ड उच्चतम शासन, वित्तीय और नैतिक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा। इसके साथ ही मसौदा खेल विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आचार आयोगों और विवाद समाधान आयोगों की स्थापना का प्रस्ताव है। नियामक बोर्ड के गठन को लेकर हालांकि विवाद चल रहा है और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भी इसका विरोध किया है। आईओए का मानना है कि नियामक बोर्ड के गठन से एनएफएस के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। मांडविया ने सरकार के इस रुख को फिर से दोहराया है कि अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में आई गिरावट के बावजूद भारत में अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पाकिस्तान की भागीदारी को रोका नहीं जाएगा। अगले महीने होने वाला पुरुषों का एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट (बिहार), नवंबर-दिसंबर में होने वाला एफआईएच जूनियर विश्व कप (तमिलनाडु) और सितंबर-अक्टूबर में होने वाला जूनियर निशानेबाजी विश्व कप (नयी दिल्ली) प्रमुख खेल आयोजन हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाड़ियों की भागीदारी अपेक्षित है। खेल मंत्री ने कहा हमारा रुख स्पष्ट है। हमें किसी भी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में पाकिस्तान के साथ खेलने में कोई समस्या नहीं है, चाहे वह क्रिकेट हो, हॉकी हो या कोई अन्य खेल। लेकिन जब द्विपक्षीय मुकाबलों की बात आती है तो सरकार के रुख के बारे में सभी को पता है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने भारत में होने वाले दो टूर्नामेंटों में अपनी भागीदारी के लिए अपनी सरकार से मंजूरी मांगी है अभी हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उसे मंजूरी मिली है या नहीं। मांडविया ने कहा हमने पाकिस्तान को बता दिया है कि हम उन्हें एशिया कप और जूनियर हॉकी विश्व कप टूर्नामेंट के लिए वीजा देंगे। अब यह उनकी सरकार पर निर्भर करता है कि वे टीमें भेजते हैं या नहीं। हमें कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा दोनों अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हैं और भाग लेने वाली हर टीम के साथ समान व्यवहार किया जाएगा।

एशिया कप 27 अगस्त से सात सितंबर तक राजगीर में आयोजित किया जाएगा, जबकि जूनियर विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक निर्धारित है। पाकिस्तान को अनुमति देने का सरकार का निर्णय ओलंपिक चार्टर पर आधारित है जो राजनीतिक कारणों से किसी देश के खिलाड़ी की भागीदारी से इनकार को प्रतिबंधित करता है। यह मेजबान देश के लिए भविष्य में मेजबानी अधिकारों के निलंबन का कारण बन सकता है।

# ट्रंप पर गोली चलने के मामले में सामने आई खुफिया चूक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पिछले वर्ष हुए जानलेवा हमले की जांच करने वाली अमेरिकी सीनेट ने अपनी रिपोर्ट में खुफिया एजेंसी की कई अस्वीकार्य कमियों का खुलासा किया है।

पिछले वर्ष ट्रंप पर राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान पेंसिलवेनिया के बटलर में आठ गोलियां चलाई गई थीं। एक कमांडो ने तत्काल बंदूकधारी को मार गिराया था लेकिन गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत और दो लोगों के घायल होने की घटना ने खुफिया सेवा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। सीनेट की होमलैंड सिक्योरिटी एंड गवर्नमेंटल अफेयर्स कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया है जो हुआ वह माफ करने लायक नहीं था। समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष रैंड पॉल ने एक बयान में कहा यह निर्णय लेने में कोई एक चूक नहीं थी बल्कि हर स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था का पूर्ण रूप से ध्वस्त होना था जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य शामिल हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि खुफिया एजेंसी को गोली चलने से लगभग 45 मिनट पहले एक संदिग्ध व्यक्ति के बारे में पता चला फिर भी उसने कोई कार्रवाई नहीं की।



- 45 मिनट पहले मिली थी संदिग्ध शख्स की सूचना, नहीं की कार्रवाई

## पूर्व मिस पुडुचेरी सैन रेशल ने खुदकुशी की

**पुडुचेरी।** पूर्व मिस पुडुचेरी सैन रेशल ने रक्तचाप नियंत्रण करने वाली गोलियां काफी अधिक मात्रा में खाकर खुदकुशी कर ली।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मशहूर मॉडल और सोशल मीडिया हस्ती सैन रेशल (26) ने अवसाद और वित्तीय तनाव के कारण आत्महत्या कर ली। पिता के आर्थिक मदद देने में असमर्थता जताने के बाद रेशल ने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि रेशल को पहले यहां एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में दो अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया। पुलिस के अनुसार 12 जुलाई को रेशल की मृत्यु हो गई।

## जोखिम और चुनौतियों से भरी है
# अंतरिक्ष से वापसी

जब कोई अंतरिक्ष यान जैसे स्पेस एक्स का क्रू ड्रैगन या रूस का सोयूज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन या किसी अन्य अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा होता है तो वापसी से पहले उसे उससे अनडॉक यानी अलग किया जाता है। अंतरिक्ष से अनडॉकिंग और धरती पर सुरक्षित वापसी की प्रक्रिया बहुत जटिल, तकनीकी और जोखिमपूर्ण होती है। इसमें कई चरण, उपकरण और सावधानियां शामिल होती हैं।

### अनडॉकिंग के प्रमुख चरण

- चेकलिस्ट और तैयारी : सभी सिस्टम की जांच की जाती है, जैसे लाइफ सपोर्ट, प्रोपल्शन और कम्युनिकेशन। इसके बाद अंतरिक्ष यात्री स्पेससूट पहनते हैं।
- हैच बंद करना : स्टेशन और यान के बीच दरवाजा बंद कर सील किया जाता है। इसके बाद डॉकिंग पोर्ट को डिस्कनेक्ट किया जाता है। सभी यांत्रिक लॉक हटाए जाते हैं।
- थ्रस्टर फायर : बिजली और डेटा के कनेक्शन काटे जाते हैं। इसके बाद यान को स्टेशन से अलग करने को उसके रॉकेट और थ्रस्टर जलाए जाते हैं ताकि वह धीरे-धीरे अंतरिक्ष स्टेशन से दूर हो जाए।





### वापसी की शुरुआत

- यान पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करने के लिए खुद तैयार करता है। कंप्यूटर सिस्टम पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के लिए एंगल और स्पीड निर्धारित करते हैं।
- इसके बाद डिऑर्बिट बर्न शुरू होता है। यानी यान अपने इंजन को जलाकर अपनी कक्षा से धीरे-धीरे पृथ्वी की ओर गिरने की गति में आता है।

### वायुमंडल में प्रवेश सबसे खतरनाक

यान का पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने का चरण सबसे खतरनाक और चुनौतीपूर्ण होता है। इस दौरान यान की गति 27,000 किमी घंटे तक होती है। वायुमंडल में घर्षण से बाहरी तापमान 1600 डिग्री सेंटिग्रेड से ज्यादा पहुंच जाता है। इस दौरान थर्मल शील्ड ठीक रहना बहुत जरूरी होता है। इस बीच प्लाज्मा के कारण कुछ मिनटों के लिएधरती से संपर्क भी टूट जाता है।

### पैराशूट सिस्टम



वायुमंडल में प्रवेश के बाद घर्षण के कारण यान की गति खुद बहुत कम हो जाती है। इसे और कम करने के लिए एक निश्चित ऊंचाई पर छोटे पैराशूट खुलते हैं और यान की गति स्थिर हो जाती है। इसके बाद मुख्य पैराशूट खुलते हैं।

### लैंडिंग

- समुद्र में, जैसे स्पेस एक्स ड्रैगन अटलांटिक या पैसिफिक में।
- जमीन पर, जैसे रूस का सोयूज कजाखस्तान की स्टेपी में।
- अंतिम झटके को कम करने के लिए एयरबैग का इस्तेमाल।
- यात्रियों को बाहर निकालने के लिए मेडिकल टीम पहुंचती है।

### अंतरिक्ष यान की विशेषताएं

अत्यधिक तापमान से सुरक्षा के लिए हीट शील्ड, ऑक्सीजन, तापमान-दबाव नियंत्रण जैसे लाइफ सपोर्ट सिस्टम, ऑटो पायलट सिस्टम, कम्युनिकेशन सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और शॉक एब्जॉर्बर।

**खतरे :** हीट शील्ड का विफल हो जाना, ट्रैजेक्टरी गलत होने से यान की मिस लैंडिंग या पैराशूट फेल हो जाना।

## एक नजर

### दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीन स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने के धमकी मिली, हालांकि पुलिस जाँच में किसी भी तरह की संदिग्ध सामग्री नहीं मिली है। एक पुलिस अधिकारी ने आज यहां बताया कि पुलिस को प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर-16 स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) स्कूलों और चाणक्यपुरी स्थित एक स्कूल से बम की धमकी के बारे में सूचना मिली। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और गहनता से जांच की। उन्होंने कहा कि फ़िलहाल कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### पुडुचेरी में मनाया गया फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस

**पुडुचेरी।** केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में सोमवार को फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। पुडुचेरी एक समय फ्रांस का उपनिवेश था। डीएम ए. कुलोथुंगन, पुडुचेरी और चेन्नई में फ्रांसीसी महावाणिज्यदूत एटियेन रोलैंड पिएग, कई फ्रांसीसी अधिकारियों तथा सेवानिवृत्त फ्रांसीसी नागरिक व सैन्यकर्मियों के संघों के प्रतिनिधियों ने फ्रांस के युद्ध स्मारक में अज्ञात सैनिक के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस बैस्टिल डे 1789 में फ्रांस की क्रांति के दौरान वहां की बैस्टिल जेल पर हुए हमले की स्मृति में मनाया जाता है।

### मैसाचुसेट्स में आग से नौ लोगों की मौत

**फॉल रिवर।** मैसाचुसेट्स के एक आवासीय केंद्र में आग लगने से नौ लोगों की मौत हो गई और कम से कम 30 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि लोग खिड़कियों से बाहर लटककर मदद के लिए चिल्ला रहे थे। राज्य अग्निशमन सेवा विभाग ने बताया कि रविवार रात लगभग 9 :50 बजे फॉल रिवर स्थित गैब्रियल हाउस सहायताप्राप्त आवास केंद्र में अग्निशमन दल पहुंचे, जहां लोग भारी धुआं और आग के कारण अंदर फंसे हुए थे। इस घर में लगभग 70 लोग रहते हैं।

### गाजाः इजराइल के हमले में मारे गए 58 फलस्तीनी

**गाजा/रामल्लाह।** गाजा पट्टी के अलग-अलग क्षेत्र में रविवार को इजराइली हवाई हमलों में 58 नागरिकों की मौत हो गई। गाजा में नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि इजराइल ने मध्य गाजा के एक भीड़भाड़ वाले बाजार को निशाना बनाया जिसमें एक डॉक्टर और एक बच्चे सहित 15 लोग मारे गए। अल-शती शरणार्थी शिविर और गाजा शहर के ताल अल-हवा, अल-ज़ैतून और अल-सबरा इलाकों पर अलग-अलग इजराइली हमले में एक लड़की सहित 11 लोग मारे गए।

# गेट फांदकर शहीदों को श्रद्धांजलि देने कब्रिस्तान पहुंचे उमर अब्दुल्ला

## रास्ते में गाड़ियां रोकी गईं तो एक किलोमीटर पैदल चले, सुरक्षा बलों से नोकझोंक

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को सोमवार को 13 जुलाई, 1931 को डोगरा सेना की गोलीबारी में मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए नक्शबंद साहिब कब्रिस्तान का गेट फांदकर अंदर घुसना पड़ा। यह नाटकीय दृश्य उस समय सामने आया जब अब्दुल्ला और नेशनल कांफ्रेंस समेत विपक्षी दलों के कई नेताओं को शहीद दिवस के मौके पर कब्रिस्तान जाने से रोकने के लिए एक दिन पहले घर पर नजरबंद कर दिया गया था।

नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला खनयार चौक से शहीद स्मारक तक एक ऑटो रिक्शा में पहुंचे, जबकि शिक्षा मंत्री सकीना इट्टू स्कूटी पर पीछे बैठकर स्मारक तक पहुंचीं। सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के व्यस्त क्षेत्र में खनयार और नौहट्टा की ओर से शहीद कब्रिस्तान जाने वाली सड़कों को सील कर दिया था। जैसे ही उमर अब्दुल्ला का काफिला पुराने शहर के खनयार इलाके में पहुंचा, वह गाड़ी से उतर गए और कब्रिस्तान पहुंचने के लिए एक किमी से अधिक पैदल चले, लेकिन प्राधिकारियों ने कब्रिस्तान का द्वार बंद कर दिया था।

इसके बाद मुख्यमंत्री कब्रिस्तान के मुख्य द्वार पर चढ़ गए और अंदर प्रवेश कर 'फातिहा' पढ़ा। उनके सुरक्षाकर्मी और नेशनल कांफ्रेंस के कई अन्य नेता भी गेट पर चढ़ गए जिसके बाद अंततः गेट खोल दिया गया।



श्रीनगर के नक्शबंद साहिब कब्रिस्तान का गेट फांदते उमर अब्दुल्ला।

### ममता ने उमर अब्दुल्ला को नजरबंद करने की निंदा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 1931 में डोगरा बलों द्वारा मारे गए लोगों के कब्रिस्तान में जाने से रोकने के लिए जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनके मंत्रियों को नजरबंद करने की आलोचना की। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि यह किसी नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने जैसा है। बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, शहीदों के कब्रिस्तान में जाने में क्या गलत है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, एक नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकार को भी छीनता है। उन्होंने कहा, निर्वाचित मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ जो हुआ वह अस्वीकार्य है। चौंकाने वाला और शर्मनाक।

### उपराज्यपाल सिन्हा पर बरसे उमर, सुरक्षा बलों पर हाथापाई के आरोप

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए जाने से रोकने के लिए तीखा हमला बोला। उमर ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को कब्रिस्तान जाने की अपनी योजना के बारे में सूचित नहीं किया था। मैं उन्हें बताए बिना कार में बैठ गया। उनकी बेशर्मी देखिए। आज भी उन्होंने हमें रोकने की कोशिश की। सीआरपीएफ़ जवानों को तैनात कर दिया गया। उन्होंने हाथापाई भी की। वर्दी पहने पुलिसवाले कभी-कभी कानून भूल जाते हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्होंने किस कानून के तहत हमें रोकने की कोशिश की। अगर कोई पाबंदी थी, तो वो कल के लिए थी। उमर ने कहा, वे कहते हैं कि यह एक आजाद देश है, लेकिन कभी-कभी उन्हें लगता है कि हम उनके गुलाम हैं। हम किसी के गुलाम नहीं हैं। अगर हम गुलाम हैं, तो हम यहां के लोगों के गुलाम हैं।

## विश्व के सबसे वृद्ध राष्ट्रपति पॉल बिया फिर लड़ेंगे चुनाव



**याउंडे।** कैमरून के 92 वर्षीय राष्ट्रपति पॉल बिया ने इस वर्ष 12 अक्टूबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में आठवीं बार चुनाव लड़ने की घोषणा की है। राष्ट्रपति के एक्स अकाउंट पर रविवार को एक पोस्ट में इस आशय की जानकारी दी गई।

बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति पॉल बिया ने खुद घोषणा की है कि वह आठवीं बार चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि देश के सभी क्षेत्रों और समुदायों के आह्वान पर यह निर्णय लिया है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया वह कि देश की प्रगति की राह में आने वाली हर समस्याओं को सुलझाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। बिया 43 वर्षों से सत्ता में हैं और उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार, खराब प्रशासन और सुरक्षा संबधी मामलों में असफलता के कई आरोप लगे हैं।

- 43 साल से सत्ता में है पॉल, खराब प्रशासन और भ्रष्टाचार के हैं कई आरोप

# एक-दूसरे की सफलता में साझेदार बनें भारत व चीन

बीजिंग, एजेंसी

- जयशंकर ने चीन के उपराष्ट्रपति झेंग से की मुलाकात, कहा- संबंध सामान्य होने से दोनों को लाभ

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से कहा कि भारत-चीन संबंधों के निरंतर सामान्य बने रहने से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम प्राप्त हो सकते हैं और 'जटिल' वैश्विक स्थिति के मद्देनजर दोनों पड़ोसी देशों के बीच विचारों का खुला आदान-प्रदान बहुत महत्वपूर्ण है।

जयशंकर ने अपनी दो देशों की यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में सिंगापुर से बीजिंग पहुंचने के कुछ समय बाद झेंग से बातचीत की। वह चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा पर हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 में हुए सैन्य गतिरोध और इसके पश्चात दोनों देशों के संबंधों में आए गंभीर तनाव के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है।

बैठक में अपने आरंभिक वक्तव्य में जयशंकर ने कहा, जैसा कि आपने उल्लेख किया, पिछले साल अक्टूबर में कजान में प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में लगातार सुधार हो रहा है। मुझे विश्वास है कि इस यात्रा में मेरी चर्चाएं इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी। पिछले कुछ महीनों में, भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं, जो जून 2020 में दोनों सेनाओं के बीच घातक झड़पों के बाद गंभीर रूप से बिगड़ गए थे। विदेश मंत्री ने भारत-चीन कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ का भी जिक्र किया।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा बहाली की भारत में प्रशंसा

जयशंकर ने कहा, कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली की भारत में भी व्यापक रूप से सराहना की जा रही है। हमारे संबंधों के निरंतर सामान्य होने से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। आज हम जिस अंतरराष्ट्रीय स्थिति में मिल रहे हैं, वह बहुत जटिल है। पड़ोसी देशों और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, भारत और चीन के बीच विचारों और दृष्टिकोणों का खुला आदान-प्रदान बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मैं इस यात्रा के दौरान ऐसी चर्चाओं की आशा करता हूं।

# ट्रंप का एलान, अमेरिका यूक्रेन को देगा पैट्रियट मिसाइलें

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि रूस के साथ युद्ध में फंसे यूक्रेन की मदद के लिए वह उसे घातक पैट्रियट मिसाइलें देंगे। ट्रंप ने यहां एंड्रूज बेस पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह अभी इनकी संख्या पर सहमत नहीं हैं, लेकिन यूक्रेन को कुछ मिसाइलें मिलेंगी क्योंकि उन्हें सुरक्षा की ज़रूरत है।

उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ इसके लिए भुगतान कर रहा है। हम इसके लिए कुछ भी भुगतान नहीं कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने वास्तव में बहुत से लोगों को चौंका दिया है। वह बातें तो अच्छी करते हैं और फिर शाम को सभी पर बमबारी कर देते हैं। इसमें थोड़ी समस्या है और यह उन्हें पसंद नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह रूस पर प्रतिबंधों की घोषणा करेंगे, तो उन्होंने इसे कल पर टाल दिया।



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने समझौते पर सहमत न होने पर पुतिन की आलोचना की

### जर्मनी ने टॉरस मिसाइलें देने से किया इन्कार

**मॉस्को।** जर्मनी ने कहा है कि यूक्रेन के फिर अनुरोध के बावजूद उसे टॉरस मिसाइलें अथवा पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियाँ नहीं दी जाएंगी। रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने 'फाइनेंशियल टाइम्स' से कहा कि देश के पास पर्याप्त पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली नहीं हैं जिन्हें यूक्रेन को दिया जा सके। उन्होंने कहा, "यूक्रेन के अनुरोध के बावजूद उसे जर्मनी की टॉरस मिसाइलें या पैट्रियट रक्षा प्रणाली नहीं दी जाएंगी। हमारे पास केवल छह पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां बची हैं।

## कोशिश की है, लेकिन पता नहीं फांसी पर रोक लगेगी या नहींः सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने यमन में हत्या की दोषी केरल की नर्स निमिषा प्रिया को बचाने के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को कहा कि उसे एक अनौपचारिक संदेश मिला है कि निमिषा की फांसी की सजा पर रोक लगा दी जाएगी, लेकिन नहीं पता कि ऐसा होगा या नहीं।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने सरकार का पक्ष रखते हुए अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ साथ निमिषा को मौत के मुंह से बचाने की उम्मीद जागने वाली ये बात भी कही। उन्होंने पीठ को सूचित किया कि यमन में हत्या की दोषी केरल की रहने वाली नर्स निमिषा प्रिया को फांसी की सजा से बचाने के सभी संभावित विकल्प अपनाए गए और अब सरकार के पास कोई रास्ता नहीं बचा है।

## बोनालु जथारा उत्सव



तेलंगाना के सिकंदराबाद में सोमवार को बोनालु जथारा उत्सव के दौरान निकाले गए जुलूस में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह उत्सव तेलंगाना का एक वार्षिक हिंदू त्योहार है जो देवी महाकाली को समर्पित है और हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों में विशेष रूप से मनाया जाता है एजेंसी

# पाकिस्तानी एयरलाइन ने कराची के बजाय पहुंचाया सऊदी अरब

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में एक निजी एयरलाइन की एक विचित्र गलती के कारण लाहौर से कराची जाने वाला एक यात्री सऊदी अरब पहुंच गया और बाद में उन्हें वापस पाकिस्तान भेजा गया। यह घटना सात जुलाई को हुई, जब कराची के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मलिक शाहज़ैन 'एयरसियाल' की उड़ान में लाहौर से सवार हुए।

नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा कि वे इस घटना की जांच कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, गलती से किसी यात्री का गलत उड़ान में चढ़ जाना तो हो सकता है, लेकिन हमारे सामने ऐसा कोई मामला नहीं आया है, जहां कोई घरेलू यात्री किसी अंतरराष्ट्रीय उड़ान में चढ़ गया हो। शाहज़ैन के अनुसार, सात जुलाई की रात को उन्हें पता चला कि उनका बच्चा बीमार पड़ गया है तो वह लाहौर से कराची लौट रहे थे। वह हवाई अड्डे पहुंचे और अपना बोर्डिंग पास दिखाया, जिसके बाद उन्हें लाउंज और प्रस्थान द्वार की ओर भेज दिया गया। शाहज़ैन ने कहा, एयरसियाल' के दो विमान टर्मिनल पर थे, एक कराची जा रहा था और दूसरा जेद्दा। कर्मचारियों ने बिना जांच मुझे अंतरराष्ट्रीय उड़ान में बिठा दिया, मुझे इसका एहसास तब हुआ, जब दो घंटे की उड़ान के बाद भी हम नहीं उतरे। यात्री जेद्दा में उतरा, जबकि उसका सामान कराची पहुंच गया। जेद्दा में उसे घंटों आव्रजन अधिकारियों की पूछताछ का सामना करना पड़ा।





- जेद्दा में उतरने के बाद आव्रजन अधिकारियों ने वापस लौटाया

## ट्रेन के ऊपर चढ़कर रील बना रहे किशोर की करंट से मौत

**ठाणे।** नवी मुंबई में नेरुल रेलवे स्टेशन पर एक खड़ी ट्रेन के ऊपर चढ़कर सोशल मीडिया के लिए 'रील' बनाने की कोशिश के दौरान करंट की चपेट में आने से 16 वर्षीय लड़के की मौत हो गई।

वाशी जीआरपी के वरिष्ठ निरीक्षक किरण उंद्रे ने बताया कि किशोर की पहचान आरव श्रीवास्तव के रूप में हुई है, जो नवी मुंबई में बेलापुर से था। आरव छह जुलाई को अपने दोस्तों के साथ रेलवे स्टेशन गया था। वह कचरे से लदी एक खड़ी ट्रेन पर चढ़ गया और रील बनाने की तैयारी करने लगा। ट्रेन के डिब्बे पर चढ़े लड़के का हाथ ऊपर से गुजर रहे उच्च क्षमता वाले बिजली के तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जबरदस्त बिजली का झटका लगा और वह नीचे गिर गया। उसकी फौरन मौत हो गई।

**विमान हादसा** एअर इंडिया के सीईओ कैम्पबेल विल्सन ने कहा– रिपोर्ट में किसी यांत्रिक या रखरखाव संबंधी मुद्दे का जिक्र नहीं

# जांच से खड़े हुए और सवाल, अभी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी

नई दिल्ली, एजेंसी

एअर इंडिया के सीईओ ने कहा कि पिछले महीने एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने की प्रारंभिक रिपोर्ट ने और अधिक प्रश्न खड़े कर दिए हैं। उन्होंने पायलटों और विमान की फिटनेस का बचाव करते हुए कहा कि रिपोर्ट में किसी भी यांत्रिक या रखरखाव संबंधी मुद्दे का उल्लेख नहीं किया गया है।

सीईओ कैम्पबेल विल्सन ने कहा कि अहमदाबाद में 12 जून को हुई विमान की दुर्घटना की जांच अभी पूरी नहीं हुई है, लिहाज़ा लोगों को जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष नहीं निकालने चाहिए। इस हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में से एक को छोड़कर सभी की मौत हो गई थी तथा विमान के एक इमारत से टकराने के कारण 19 अन्य लोगों की जान चली गई थी।



एयरलाइन के कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक ज्ञापन में उन्होंने कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट के जारी होने से हमारे साथ-साथ दुनिया को भी जो कुछ हुआ उसके बारे में अतिरिक्त विवरण मिलने लगे। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इससे न केवल अधिक स्पष्टता मिली, बल्कि अतिरिक्त प्रश्न भी उठे। उन्होंने कहा कि ईंधन की गुणवत्ता में कोई समस्या नहीं थी और 'टेक-ऑफ रोल' में भी कुछ असामान्य नहीं था तथा पायलटों ने उड़ान से पहले श्वास विश्लेषक परीक्षण पास कर लिया था और उनकी चिकित्सा स्थिति के संबंध में कुछ भी असामान्य नहीं पाया गया था। 'टेक ऑफ रोल' वह चरण होता है जब एक विमान रनवे (हवाई पट्टी) पर दौड़ता है ताकि वह उड़ान भरने के लिए पर्याप्त गति प्राप्त कर सके।

इस घातक दुर्घटना के कारणों को लेकर विभिन्न हलकों में चल रही अटकलों के बीच एअर इंडिया के प्रमुख ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट में न तो कोई कारण बताया गया है और न ही कोई सिफारिश की गई है।

### रिपोर्ट अंतरराष्ट्रीय मीडिया में लीक होने की जांच हो

**नई दिल्ली।** शिवसेना उबाठा की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने सोमवार को नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को पत्र लिखकर इस बात की जांच की मांग की कि विमान दुर्घटना जांच से जुड़ी प्रारंभिक रिपोर्ट के विवरण भारत में जारी होने से पहले अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कैसे लीक हो गए। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट लीक होने की औपचारिक जांच की जानी चाहिए। रिपोर्ट के लेखन के संबंध में पारदर्शिता की मांग करते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि जांच समिति के सभी सदस्यों के नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए और अंतरिम रिपोर्ट पर समिति के प्रत्येक सदस्य के हस्ताक्षर होने चाहिए। एएआईबी ने शनिवार को विमान दुर्घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी।

### बोइंग 787-737 विमानों में फ्यूल स्विच लॉकिंग प्रणाली की जांच का निर्देश

**मुंबई।** विमानन नियामक डीजीसीए ने सोमवार को एयरलाइन कंपनियों से 21 जुलाई से पहले अपने बोइंग 787 और 737 विमानों में 'फ्यूल स्विच लॉकिंग' प्रणाली की जांच करने को कहा। यह कदम एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान की दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आया है। जांच रिपोर्ट में पाया गया था कि पिछले महीने हुई दुर्घटना से ठीक पहले स्विच बंद कर दिए गए थे। अमेरिकी नियामक संघीय विमानन प्रशासन ने 2018 में 787 और 737 सहित बोइंग विमानों के कुछ मॉडल में ईंधन नियंत्रण करने वाली 'स्विच लॉकिंग' सुविधा में खराबी की आशंका का संकेत किया था।